राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 राजद के लिए भ्रष्टाचार कोई...

अगर राहुल धर्मनिरपेक्ष तो धर्म के आधार ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 308 | पटना, गुरुवार, 21 मार्च, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 26°C

न्यूनतम तापमान 20°C

**बाजार**

सोना 67,650

चांदी 77,800

सेंसेक्स 72,101

निफ्टी 21,839

## संक्षिप्त खबरें

### पीएम मोदी 21-22 मार्च को भूटान के दौरे पर रहेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21-22 मार्च को भूटान की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह यात्रा भारत और भूटान के बीच नियमित उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा और सरकार की नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी पर जोर देने के अनुरूप है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बुधवार को बताया कि यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के चौथे राजा जिग्मे सिंग्ये वांगचुक से मुलाकात करेंगे। प्रधानमंत्री भूटान के अपने समकक्ष शेरिंग टोबगे के साथ भी बातचीत करेंगे। भारत और भूटान के बीच एक अनोखी और स्थायी भागीदारी है, जो आपसी विश्वास, समझ और सद्भावना पर आधारित है। हमारी साझा आध्यात्मिक विरासत और लोगों के बीच मधुर संबंध, हमारे असाधारण संबंधों में गहराई और जीवंतता जोड़ते हैं। यह यात्रा दोनों पक्षों को आपसी हित के द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान करने तथा हमारे लोगों के लाभ के लिए हमारी अनुकरणीय साझेदारी को विस्तार एवं गति देने के उपायों पर विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान करेगी।

### सी पी राधाकृष्णन ने तेलंगाना के राज्यपाल पद की शपथ ली

हैदराबाद। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को तेलंगाना के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में राधाकृष्णन को पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उनके कैबिनेट सहयोगी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव शांति कुमारी ने राष्ट्रपति द्वारा जारी नियुक्ति वारंट पढ़ा, जिसमें झारखंड के राज्यपाल को अपने कर्तव्यों के अलावा तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया गया। मुख्य न्यायाधीश ने नियुक्ति का वारंट राज्यपाल को सौंप दिया।

### पुलिस हिरासत से भागे दो अपराधियों को मुठभेड़ में लगी गोली

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर में पुलिस की हिरासत से भागे दो अपराधी मुठभेड़ में घायल हो गए। उनका इलाज मुजफ्फरपुर के एक अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अहियापुर थाना क्षेत्र के जीरोमाइल चौक के समीप कई लूट और हत्याकांड में शमिल दो अपराधियों को सिकंदरपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनकी पहचान सचिन और संतोष के रूप में की गई। पुलिस मगंलवार की रात उनका मेडिकल चेकअप कराकर लौट रही थी। तभी जीरोमाइल चौक के पास पुलिस वाहन से कूदकर दोनों बदमाश फरार हो गए। सहायक पुलिस अधीक्षक सरोज दीक्षित ने बताया कि देर रात करीब एक बजे इन दोनों के मेडिकल ओवरब्रिज के पास होने की सूचना मिली। पुलिस जब वहाँ पहुँची तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर एसकेएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया है। उन्होंने बताया कि ये दोनो पेशेवर अपराधी हैं। इनका पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी है।

## लोकसभा चुनाव 2024 : सियासी हलचल तेज, महागठबंधन में उम्मीदवारों के चयन व सीट बंटवारे को लेकर मंथन जारी

# जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय

# बेटे के साथ पप्पू यादव कांग्रेस में शामिल

### कहा- हम लोग मिलकर 2024 और 2025 का चुनाव जीतेंगे

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। पप्पू यादव की जन अधिकार पार्टी ने कांग्रेस में विलय कर लिया है। जाप सुप्रीमो पप्पू यादव अपने बेटे सार्थक रंजन के साथ कांग्रेस में शामिल हो गये हैं। ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि अब पप्पू यादव कांग्रेस की टिकट पर पूर्णिया से चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस में जाप के विलय के बाद पप्पू यादव ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को धन्यवाद कहा और कांग्रेस के प्रति आभार जताया। मीडिया को संबोधित करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व के अलावे और कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा हुआ था इसलिए हमने आज कांग्रेस का दामन थाम लिया। पप्पू यादव के साथ-साथ उनके बेटे सार्थक रंजन ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली है। पिता के साथ-साथ बेटे भी कांग्रेसी हो गये हैं। कांग्रेस में जाप के विलय होने की घोषणा खुद पप्पू यादव ने की। बता दें कि उनकी पत्नी रंजीत रंजन कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य हैं। ऐसे में अब पप्पू यादव को कांग्रेस बिहार में लोकसभा चुनाव का उम्मीदवार बना सकती है।

मीडिया से बातचीत के दौरान पप्पू यादव ने कहा कि जन अधिकार पार्टी लगातार तीन चुनाव लड़ी। इसमें दो विधानसभा और एक लोकसभा चुनाव शामिल हैं। हम अपनी पूरी पार्टी के साथ कांग्रेस में विलय कर रहे हैं। इसकी लिस्ट मैं मोहन प्रकाश को सौंप रहा हूं। संघर्ष, न्याय और सेवा की लंबी फेहरिस्त रही है हमारी पार्टी की। हम पांच बार सांसद और एक बार विधायक रहे। कांग्रेस की विचारधारा हमें हमेशा मजबूत ऊर्जा देती रही है। हमारी राजनीति की नींव पूरी सेक्युलर है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तारीफ करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि उन्हें मैं देखता हूं तो मुझे बाबू वीर कुंवर सिंह और शेरशाह सूरी याद आते हैं। वहीं राहुल गांधी की तारीफ करते हुए पप्पू यादव ने कहा कि वह इस दुनिया के सबसे संघर्षशील व्यक्ति हैं। दुनिया के इतिहास में छह हजार किलोमीटर पैदल चलना एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है। हाफ टी-शर्ट में माइनस तापमान वाले जगह में चलने का हिम्मत दिखाई और दुनिया के सबसे बड़े तानाशाह के खिलाफ खड़े हुए। कांग्रेस परिवार ने मुझे और मेरे परिवार को काफी सम्मान दिया।

**राहुल गांधी के नेतृत्व के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है:** पूर्व सांसद ने कहा कि भले ही ईवीएम और सरकारी एजेंसियों के बल पर को 400 पार का आंकड़ा पार कर ले लेकिन हिन्दुस्तान के 130 करोड़ जनता का दिल राहुल गांधी ने ही जीता है। इस देश के लोकतंत्र की रक्षा के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है।



### राहुल गांधी को झारखंड उच्च न्यायालय से मिली राहत

रांची। झारखंड में मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी,एमएलए की विशेष अदालत द्वारा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ 27 फरवरी 2024 को जारी गैर जमानती वारंट को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई आज झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी के खिलाफ चाईबासा की एमपी,एमएलए कोर्ट द्वारा जारी गैर जमानती वारंट को एक माह के लिए शर्त के साथ स्थगित कर दिया। साथ ही श्री गांधी को ट्रायल फेस करने के लिए कानून सम्मत उपयुक्त कदम उठाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने राहुल गांधी की याचिका को निष्पादित कर दिया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी को लेकर राहुल गांधी द्वारा एक आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी।

### संसदीय दल की बैठक में राजद सुप्रीमो को किया गया अधिकृत

# लालू प्रसाद उम्मीदवार व सीट शेयरिंग पर लगाएंगे अंतिम मुहर

प्रात : किरण



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद को लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों के नाम पर तय करने और नये सहयोगियों को जोड़ने की संभावना तलाशने के लिए अधिकृत किया गया है।राजद के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने पार्टी के राज्य संसदीय दल और केंद्रीय संसदीय दल की बैठक के बाद इस आशय की घोषणा की। सिद्दीकी ने कहा, दोनों बैठकों के बाद एक प्रस्ताव पेश किया गया कि पार्टी अध्यक्ष को उम्मीदवारों के नाम पर निर्णय लेने और समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठजोड़ की संभावनाएं तलाशने के लिए अधिकृत किया जाये। एक सवाल पर सिद्दीकी ने बताया कि बैठक के दौरान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजग के असंतुष्ट सहयोगी पशुपति कुमार पारस और विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी को राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन में शामिल किए जाने के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई। पारस ने एक दिन पहले ही केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। सिद्दीकी ने कहा, हम इस बात को समझते हैं हमें उम्मीदवारों की घोषणा में तेजी लाने की जरूरत है। यही कारण है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष को नाम तय करने के लिए अधिकृत किया गया है ताकि यह प्रक्रिया अनावश्यक विवादों में न फंसे। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए जारी की गई अधिसूचना के तहत बिहार की चार सीट-गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई में नामांकन शुरू हो गया है। राज्य के दो मुख्य गठबंधन-सत्तारूढ़ राजग और विपक्षी महागठबंधन, में से किसी ने भी इन चार सीट के लिए अभी तक उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। हालांकि, सीट बंटवारे को लेकर राजग में बनी सहमति के अनुसार भाजपा दो सीट-औरंगाबाद और नवादा, पर चुनाव लड़ेगी जबकि जमुई सीट मौजूदा सांसद चिराग पासवान की पार्टी के पास रहेगी और गया सीट पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा को मिली है।

# सीट बंटवारे को जल्द दिया जाएगा अंतिम रूप : राजद

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। राजद के सांसद मनोज झा ने बुधवार को कहा कि बिहार में सीट बंटवारे को एक या दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा तथा बातचीत अच्छी और सकारात्मक दिशा में बढ़ रही है। कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता झा ने कहा कि सीट बंटवारे पर काफी हद तक सहमति बन गई है। झा ने संवाददाताओं से कहा, समझौता काफी हद तक तय हो चुका है, चीजें पटरी पर हैं, एक-दो दिनों में सब कुछ साफ हो जाएगा। इंडिया गठबंधन के सहयोगियों द्वारा लड़ी जाने वाली सीटों की संख्या के विवरण के बारे में पूछे जाने पर, झा ने कहा, आप संख्या के बारे में बात कर रहे हैं, हम जीतने के हिसाब से सोच रहे हैं। एक अच्छा फॉर्मूला सामने आएगा और सब कुछ तय हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई गतिरोध नहीं है और बातचीत सौहार्दपूर्ण रही। झा ने कहा, सार्वजनिक हित में, व्यक्ति-केंद्रित राजनीति के खिलाफ और उसका विकल्प प्रदान करने के लिए एक व्यापक गठबंधन आकार ले रहा है। रालोजपा के नेता पशुपति कुमार पारस के बारे में पूछे जाने पर झा ने कहा कि भाजपा के लिए गठबंधन सहयोगियों का इस्तेमाल करो और फेंक दो की परिपाटी रही है। राजद सांसद ने बगैर किसी का नाम लिए कहा, आगामी दिनों में कई और लोगों को इस्तेमाल करके फेंक दिया जाएगा। बिहार का एक महत्वपूर्ण चेहरा उनमें से एक हो सकता है।

# लोकसभा चुनाव: अधिसूचना जारी होते ही पहले चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

## नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 30 मार्च, मतदान 19 अप्रैल को



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। देश के 21 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के उन 102 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया बुधवार को अधिसूचना जारी होने के साथ शुरू हो गई, जहां 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होगा। राष्ट्रपति की तरफ से निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 मार्च है। हालांकि बिहार में पहले चरण में जिन लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है, उनके लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख एक त्योहार की वजह से बढ़ाकर 28 मार्च की गई है। बिहार की 40 में से चार लोकसभा सीट पर मतदान प्रथम चरण में होगा। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को की जाएगी। बिहार के लिए यह तारीख 30 मार्च है।

नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 30 मार्च है, वहीं बिहार में प्रथम चरण की चार सीट के लिए नामांकन वापसी की प्रक्रिया दो अप्रैल तक जारी रहेगी। देश में 18वीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल को चुनाव शुरू होंगे और एक जून तक सात चरणों में मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी।

पहले फेज में इन सीटों पर चुनाव : लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश में 2, असम में 4, मणिपुर 2, मेघालय में 2, मिजोरम में 1, नगालैंड में 1, सिक्किम में 1, त्रिपुरा में 1, अंडमान निकोबार में 1, लक्षद्वीप में 1, पुडुचेरी में 1, तमिलनाडु में 39, राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 6, महाराष्ट्र में 5, उत्तराखंड में 5, बिहार में 4 और पश्चिम बंगाल की 3 सीटें शामिल हैं। देश में 18वीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल को चुनाव शुरू होंगे और 1 जून तक 7 चरणों में मतदान होगा। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

### बिहार की चार सीटों के लिए शुरू हुआ नामांकन प्रक्रिया

पटना। चुनाव आयोग द्वारा जारी चुनाव की घोषणा के अंतर्गत पहले चरण में बिहार की चार सीटों गया, औरगांबाद, जमुई और नवादा के लिए बुधवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पश्चिम उत्तर प्रदेश की चार सीटों पर शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया को देखते हुए प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड में है। नामांकन स्थल पर चाकचौबंद व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए सीसीटीवी लगाए गए हैं। प्रथम चरण में निर्वाचन के लिए 19 अप्रैल को मतदान होगा। चार लोकसभा सीटों में नवादा और औरंगाबाद सामान्य और गया और जमुई सीट एससी उम्मीदवार के लिए आरक्षित है। नामांकन प्रक्रिया सुबह 11 बजे से 3 बजे के मध्य होगी। इन चारों लोकसभा क्षेत्र के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 28 मार्च है. नाम वापसी की तिथि दो अप्रैल है। चुनाव आयोग की ओर से नामांकन की पूरी तैयारी हो गई है। नामांकन स्थल से 100 मीटर की दूरी पर सिर्फ तीन वाहन प्रवेश के आदेश दिए गए हैं।

**प्रत्याशी के नाम की घोषणा बाकी :** बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं और एनडीए में बंटवारा हो चुका है। हालांकि अभी तक किसी भी पार्टी से प्रत्याशियों के नाम का एलान नहीं किया गया है। वहीं महागठबंधन में अभी तक सीटों का ही बंटवारा नहीं हो सका है। प्रथम चरण की चारों सीट पर महारथियों का जुटान रहा है। जमुई लोकसभा सुरक्षित सीट पर चिराग पासवान दो बार सांसद रह चुके हैं, जबकि नवादा सीट पर चंदन सिंह ने 2019 एलजेपी के टिकट पर चुनाव जीता था। हालांकि इस बार वह बीजेपी से टिकट के लेने का प्रयास में हैं क्योंकि यह सीट बीजेपी के खाते में गई है। वहीं गया सीट पर जेडीयू से 2019 में विजय मांझी जीते थे, लेकिन इस बार यह सीट जीतन राम मांझी को मिल गई है। जीतन राम मांझी की पार्टी से कौन प्रत्याशी होगा इसका भी अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। औरंगाबाद से लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने वाले सुशील कुमार सिंह को चौथी बार भी बीजेपी से टिकट मिलने की उम्मीद है. हालांकि बीजेपी की ओर से अभी आधिकारिक एलान नहीं किया गया है।

# हाजीपुर सीट से चुनाव लडेंगे चिराग पासवान

## कहा-यह सीट मेरे पिता की कर्मभूमि है

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। संसदीय दल के बैठक के बाद लोक जनशक्ति पार्टी प्रमुख चिराग पासवान ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया कि वे अपने पिता की कर्मभूमि बिहार के हाजीपुर से ही चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसके लिए उन्हें हर चुनौती स्वीकार है। चिराग पासवान ने कहा कि अगर उनके खिलाफ उनके चाचा पशुपतिनाथ पासवान भी आते हैं तो उनका डटकर मुकाबला करेंगे।

यहां पर मीडिया से बातचीत करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि यह निश्चित है कि मैं हाजीपुर से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) का एनडीए का उम्मीदवार बनूंगा। यह सीट मेरे पिता की कर्मभूमि है। चिराग ने यह भी कहा कि अगर उनके चाचा पशुपति कुमार पारस वहां से चुनाव लड़ना चाहते हैं तो इसका निर्णय अंततः उन्हें ही लेना होगा। मैं कभी किसी चुनौती से नहीं डरा। चिराग पासवान ने कहा कि अब हम बिहार की ओर रुख करेंगे। आने वाले समय में हम बड़ी लड़ाई की ओर बढ़ रहे हैं। गठबंधन के तहत 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे, हमें इस बात का भरोसा है। चिराग ने कहा कि मुझे लगता है कि अगले दो-चार दिनों में सभी 5 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर सहमति बन जाएगी। अगले चार-पांच दिन में नामों की घोषणा कर दी जाएगी।

# बसपा सांसद दानिश अली कांग्रेस में शामिल

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूपी में बहुजन समाज पार्टी और जम्मू-कश्मीर में भाजपा को बड़ा झटका लगा है। यूपी के अमरोहा से बसपा के सांसद दानिश अली बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। वहीं जम्मू-कश्मीर के भाजपा नेता लाल सिंह ने भी कांग्रेस का हाथ थाम लिया। दोनों को ही दिल्ली में पवन खेड़ा ने पार्टी में शामिल कराया। उधर, अमरोहा लोकसभा सीट पर कांग्रेस को लेकर सभी की नजरें लगी हुई हैं। अब तक बसपा और भाजपा ने अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है। कांग्रेस अभी तक किसी उम्मीदवार का नाम फाइनल नहीं कर सकी है। इसी बीच बुधवार को सांसद दानिश अली ने कांग्रेस के दिल्ली मुख्यालय पर सदस्यता ग्रहण कर ली। इसके साथ ही उनके प्रत्याशी बनाए जाने की चचाएं जोर पकड़ने लगी हैं। बता दें कि 2019 में सांसद दानिश अली गठबंधन के तहत बसपा से चुनाव लड़े। यहां उन्होंने जीत हासिल की थी। 2014 के लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस के प्रति उनका प्रेम लगातार बढ़ा था। जिसके बाद नौ दिसंबर 2023 को बसपा ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था।



# आबकारी घोटाला: उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की याचिका पर ईडी का रुख पूछा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से उसका रुख पूछा, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में अपने खिलाफ जारी समन को चुनौती दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने दावा किया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। याचिका में धन शोधन निवारण अधिनियम के कुछ प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस संबंध में जवाब दाखिल करने के लिए ईडी को दो सप्ताह का समय दिया है। केजरीवाल ने हाल में मिले ईडी के समनों के मद्देनजर अदालत का रुख किया है, ईडी द्वारा जारी नौवें समन में उनसे धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत पूछताछ के लिए 21 मार्च को पेश होने के लिए कहा गया है। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि याचिका में कई मुद्दे उठाए गए हैं, जिनमें शामिल है कि क्या कोई राजनीतिक दल धन शोधन रोधी कानून के दायरे में आता है।अदालत ने आप नेता से पूछा कि वह समन की अनुपालना में पेश क्यों नहीं हो रहे हैं। याचिकाकर्ता के वरिष्ठ वकील ने कहा कि इस मामले में दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की आवश्यकता है।

**तंज** राजनीति में कुछ को बार-बार लॉन्च करना पड़ता है, प्रधानमंत्री का राहुल पर तंज

# भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र : मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा कि 45 प्रतिशत से अधिक भारतीय स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। हमारी युवा शक्ति की नवोन्मेषी भावना से संचालित भारत का स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र अभूतपूर्व गति से फल-फूल रहा है। प्रधानमंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में कहा कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीति में कुछ को बार-बार लॉन्च करने की जरूरत पड़ती है जबकि स्टार्ट-अप की दुनिया में जब कोई एक असफल होता है तो इस स्थिति में दूसरा रास्ता अख्तियार कर लेता है। मोदी ने यहां स्टार्ट-अप महाकुंभ में किसी का नाम लिए बिना स्टार्ट-अप और राजनीति की तुलना करते हुए कहा, स्टार्ट-अप लॉन्च तो बहुत लोग करते हैं, राजनीति में तो ज्यादा और बार-बार लॉन्च करना पड़ता है। आप में और उनमें फर्क ये है कि आप लोग प्रयोगशील होते हैं, एक अगर लॉन्च नहीं हुआ तो तुरंत दूसरे पर चले जाते हैं। मोदी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने और एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण बजट पेश करने का विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि सामान्य स्थिति में कारोबारी चुनाव संपन्न होने तक बड़े आयोजनों को टाल देते हैं लेकिन आम चुनावों की घोषणा के कुछ दिन बाद तीन दिवसीय महाकुंभ में स्टार्ट-अप उद्यमियों और उस पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े लोगों का विशाल जमावड़ा आने वाली चीजों का संकेत है। उन्होंने 19 अप्रैल से चार जून तक होने वाले आम चुनावों के बाद भी शासन में बने रहने का विश्वास जताते हुए कहा, आप जानते हैं कि अगले पांच साल में क्या होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में जहां 100 से भी कम स्टार्ट-अप थे, वहीं अब देश में 1.25 लाख पंजीकृत स्टार्ट-अप हैं और 12 लाख युवा उनसे सीधे तौर पर जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा, भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र है। हमारे पास 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय स्टार्ट-अप ने 12,000 से अधिक पेटेंट दायर किए हैं लेकिन अभी भी कई ऐसे हैं जो पेटेंट के महत्व को समझ नहीं पाए हैं। मोदी ने तेजी से आगे बढ़ती दुनिया का हवाला देते हुए उद्यमियों और नवोन्मेषकों से पेटेंट के लिए आवेदन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब शिक्षा का मतलब नौकरी था और सरकारी नौकरी का मतलब होता था कि वह व्यक्ति जीवन में सफल हो गया है। उन्होंने देश में चल रही स्टार्ट-अप क्रांति का हवाला देते हुए कहा, यह मानसिकता बदल गई है। उन्होंने कहा कि पहले नवोन्मेषकों के विचार तो होते थे लेकिन फंडिंग के बारे में वह चिंतित रहते थे और साथ ही यह माना जाता था कि पैसे वाले लोग ही व्यवसाय कर सकते हैं। उन्होंने कहा, स्टार्ट-अप (संस्कृति) ने उस मानसिकता और सोच को तोड़ दिया है।

# दहेज मामले को लेकर पति ने पत्नी की हत्या

## हत्या कर कारखाने के तहखाने में एक बोरी में छिपा रखा

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिस हाथों से पिता ने अपनी बेटी का किया था कन्यादान। उसी हाथों से किया अंतिम संस्कार। बता दें की रानीकुरा के राकेश कुमार अपनी बेटी काजल कुमारी की शादी बड़े ही धूमधाम से सोनो थानाक्षेत्र के अमझरी गांव निवासी मिथलेश कुमार के साथ समाज के सामने शादी करवाया। माता-पिता ने बताया कि शादी के कुछ माह तक पारिवारिक जीवन ठीक रहा, लेकिन बीते तीन साल से मेरी बेटी से दहेज के रूप में तीन लाख रुपए और एक दो पहिया वाहन की मांग करने लगा। जिसको लेकर मेरी बेटी के साथ मारपीट करते रहता था। जिसके बाद मेरी बेटी मायके में आकर रहने लगी। वही मायके में सभी ठीक-ठाक चल रहा था। इसी बीच दामाद और उसके साथ एक अन्य अनिल मंडल घर आया और अपनी पत्नी को बेंगलुरु ले जाने का जिद कर साथ में ले गया। बेंगलुरु जाते ही बेटी और दामाद से फोन पर बात नहीं हो पा रही थी। दामाद अगर बात भी करता तो वह बेटी काजल से बात नहीं करवाता। हम लोग कई बार दामाद को कहकर बेटी से बात करने का प्रयास किया लेकिन वह बात नहीं करवाया। हत्या से 2 दिन पूर्व दामाद के जरिए बेटी काजल से बात करने का प्रयास किए थे। लेकिन दामाद लगातार नए-नए बहाने बनाते रहता था। उसी जगह काम करने वाले मेरे रिश्तेदार को जब दामाद के घर भेजा तो बेटी नहीं दिखी। और रिश्तेदार जब इधर-उधर देखा तो घर में जगह जगह खून का धब्बा लगा हुआ था। जिसपर संदेह होने पर वहां की पुलिस को सूचना दी गई और जब मेरे दामाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ किया तो मेरी बेटी की हत्या कर देने की बात दामाद ने स्वीकार किया। दामाद के निशानदेही पर मेरी बेटी का शव एक कारखाना के समीप बीस फीट गाड़ा में एक बोरी से बरामद हुआ। वही आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों ने लगभग आधा घंटा के लिये ग्रामीणों के द्वारा एनएच 333 झाझा गिद्धौर जाने वाली मुख्य मार्ग स्थित एकडारा के पास सड़क जाम भी किया। लेकिन कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा समझाने बुझाने पर लोगों ने सड़क जाम हटाया।



# संयुक्त किसान मोर्चा 23 मार्च को मनाएगा शहीद दिवस




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्थानीय मोतीझील स्थित आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यालय में काशीनाथ साहनी की अध्यक्षता में संयुक्त किसान मोर्चा(एसकेएम), मुजफ्फरपुर की बैठक हुई। बैठक में 23 मार्च को शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु एवं शहीद सुखदेव के शहादत दिवस को पंचायत स्तर पर लोकतंत्र बचाओ दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। उसमें देश में चल रहे किसान आंदोलन के मुद्दों को किसानों के बीच ले जायेंगे। एसकेएम ने कहा कि देश की जनता जानती है कि भगत सिंह एवं उनके साथियों की शहादत आज के वर्तमान भारत के लिए नहीं था। उनका उद्देश्य साम्राज्यवाद, सामंतवाद, नौकरशाही एवं पूंजीवाद को ध्वस्त कर समाजवाद की स्थापना करना था। मानव के द्वारा मानव के शोषण को समाप्त करना था जो नहीं हो सका। आज भी देश के अंदर बड़े कॉर्पोरेट का लूट जारी है। वर्तमान मोदी सरकार देशी - विदेशी बड़े पूंजीपतियों को देश की संसाधनों को लूटने की छूट दे दिया है। किसानों मजदूरों आदिवासियों पर लगातार हमले जारी है। किसानों, मजदूरों, छात्रों, युवाओं, महिलाओं और न्याय पसंद तमाम बुद्धिजीवियों पर दमन किया जा रहा है। देश की जनता बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि समस्याओं का असहनीय कष्ट झेलने को मजबूर है। भगत सिंह एवं उनके साथियों को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि वर्तमान शोषणकारी व्यवस्था को बदलकर समाजवाद का निर्माण किया जाये। संयुक्त किसान मोर्चा देश के तमाम किसानों, मजदूरों, छात्रों, युवाओं, महिलाओं, बुद्धिजीवियों और न्याय पसंद लोगों से आह्वान करती है कि भगत सिंह एवं उनके साथियों के सपनों का भारत बनाने के लिए आगे आना होगा। इस वर्तमान व्यवस्था को उखाड़ फेंकना होगा। संयुक्त किसान मोर्चा निम्नलिखित मांगो जैसे - न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी करो, बिहार में बाजार समिति चालू करो, किसानों के सभी कर्ज माफ करो, बेरोजगारों की बहाली करो, भूमि सुधार कानून को लागू करो, तमाम गरीबों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दो, किसान आंदोलन सहित तमाम जनता के जनवादी क्रांतिकारी आंदोलन पर दमन बंद करो को लेकर आंदोलन जारी रखेगी। बैठक में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के रूदल राम, ऑल इंडिया किसान फेडरेशन के चंद्र मोहन प्रसाद, राधिका रमण प्रसाद, एकेकेएमएस के काशीनाथ साहनी, एआई केएस के मदन प्रसाद, किसान महासभा के जितेंद्र यादव, एआईकेएमकेएस के उदय चौधरी, बिहार राज्य किसान सभा के चंदेश्वर प्रसाद चौधरी आदि उपस्थित थे

# शिक्षक के समय पर विद्यालय नही पहुंचने पर ग्रामीणों जताया विरोध




- नये शिक्षक विद्यालय समय पर आते,लेकिन पुराने शिक्षक करते हैं मनमानी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई जिले के खैरा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाघमारा में बुधवार को शिक्षक विद्यालय में समय पर नहीं पहुंचने को लेकर ग्रामीणों ने जताया विरोध। वही स्थानीय लोगों ने लेट से आते हुए शिक्षक का वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर किया वायरल। वही जिला संवाददाता ने जब ग्रामीणों से टेलीफोन से द्वारा संपर्क किया तो डब्लू सिंह ने बताया कि बीपीएससी के द्वारा नियुक्त किए गए सभी शिक्षक समय पर पहुंचते हैं। लेकिन पुराने शिक्षक कभी नियम का पालन नहीं करते हैं। जहां एक तरफ के के पाठक लगातार शिक्षकों पर कार्रवाई करते नजर आते हैं लेकिन जमुई में के के पाठक का नहीं दिख रहा कोई असर। वही स्कूल के प्रधानाचार्य मकेश्वर मंडल से टेलीफोन के द्वारा संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि बारिश होने के कारण शिक्षक समय पर नहीं पहुंच पाए थे। ऐसे हमारे यहां सभी शिक्षक समय पर मौजूद रहते हैं।

# निजी नर्सिंग होम में हुई प्रसूता की मौत पर परिजनों ने सदर अस्पताल में किया हंगामा

- सदर अस्पताल में प्रसव के बाद प्रसूता को डीएमसीएच के बजाय निजी नर्सिंग होम में ले गए थे परिजन, इलाज के दौरान हुई मौत

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के एक निजी नर्सिंग होम में हुई प्रसूता की मौत को लेकर परिजनों के द्वारा बुधवार की सुबह सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया गया। इस दौरान सदर अस्पताल के प्रसव वार्ड में अफरातफरी मच गई। हालांकि मौके पर मौजूद अस्पताल प्रबंधक डॉ विश्वजीत रामानंद के द्वारा आक्रोशित परिजनों को समझा-बुझाकर शांत किया गया। घटना के सम्बन्ध में बताया गया कि वारिसनगर के कुसैया निवासी धर्मेंद्र सहनी की पत्नी नंदिनी देवी (26 वर्ष) को प्रसव के लिए वारिसनगर पीएचसी से समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर किया गया था।

इसमें वारिसनगर पीएचसी के कर्मियों की घोर लापरवाही सामने आई है। सदर अस्पताल में प्रसूता के पहुंचते ही आनन-फानन में उसका इलाज व उसका प्रसव कराया गया। प्रसूता की स्थिति पहले से ही काफी बिगड़ी हुई थी और इस कारण काफी रक्त का स्त्राव भी हो रहा था। सदर अस्पताल के डॉक्टरों के अथक प्रयास से महिला का प्रसव कराया गया और नवजात को बेहतर इलाज के लिए एसएनसीयू में भर्ती किया गया। नवजात की भी हालत काफी नाजुक थी लेकिन डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की तत्परता की वजह से नवजात की जान बच गई। महिला की बिगड़ती हालत को देखकर डॉक्टरों ने उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया। हालांकि पर परिजन उसे डीएमसीएच के बजाय शहर के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां इलाज के दौरान प्रसूता की मौत हो गई।

# पर्यावरण के सच्चे मित्र होते है पक्षियां, यह स्वच्छ वातावरण बनाने में होते है सहायक




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पक्षियों के संरक्षण हेतु वन विभाग द्वारा स्थानीय चिल्ड्रेन पार्क में स्कूली बच्चों के साथ गौरैया संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। सभी के सहयोग से जगहों जगहों पर दाना पानी की व्यवस्था कर लोगो को गौरैया सहित सभी पक्षियों को संरक्षण करने का अपील की गई। इस आयोजन में साईकिल यात्रा एक विचार जमुई के सदस्य, विद्या विहार विद्यालय, किड्जी विद्यालय के छात्र छात्रा एव वन विभाग के पदाधिकारी एव वन रक्षी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। वन विभाग के दिनेश कुमार सिंह ने उपस्थित छात्र छात्राओं को बताया की गौरैया के प्रति संवेदनशील बनना आवश्यक है। गौरैया पर्यावरण के सच्चे मित्र होते है की इन पक्षियों के संरक्षण हेतु हर छत पर पक्षियों का रैन बसेरा नाम से मुहिम चलाया जाना चाहिए जिसमे प्रत्येक छात्र का प्रयास करना है कि पक्षियों के लिए अपने छत पर दाना पानी सहित लकड़ी काटून आदि बेकार होने वाले चीज से घोंसला लगाया जाये जिससे इनके संरक्षण कार्य भी प्रभावपूर्ण होगा। उपस्थित विवेक कुमार और धीरज कुमार सिंह द्वारा बताया की कई आधुनिक सुविधा आ जाने से सबसे अधिक पक्षियां ही प्रभावित हो रही है, यह पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहतर नही हो सकती है। पक्षी प्रकृति से गहराई से जुड़े होते हैं। ये जंगलों में, झाड़ियों में तथा वृक्षों पर घोंसला बनाकर रहते हैं। जहाँ थोड़ी सी हरियाली देखी वहीं बसेरा बना लिया है। इनके रहने से प्रकृति को और बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा अपने हाथो से अपशिष्ट सामग्री से घोंसला बना के पार्क के सुरक्षित स्थानों पर लगाया गया एव उसमे दाना पानी दिया गया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए आधा दर्जन अशोक का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर सदस्य राहुल सिंह राठौर, विराट सौरभ, धीरज कुमार सिंह, सचीराज पद्माकर, विवेक कुमार, राकेश कुमार, हर्ष कुमार सिन्हा शिक्षक पूनम सहित वन विभाग के दिनेश कुमार सिंह सहित वन रक्षी उपस्थित थे।

# युवक की गला रेत कर हत्या मामले में मृतक के पिता के आवेदन पर दो महिला समेत तीन के विरुद्ध नामजद, प्राथमिकी दर्ज

- तीन-चार अज्ञात लोगों को भी किया गया है आरोपित, घटना की रात में ही मुख्य अभियुक्त ट्रेन पकड़ कर हुआ फरार
- तीन संदिग्धों को उठाकर डीआईयू की टीम कर रही है पूछताछ, जल्द हो सकता है मामले का खुलासा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पोखरैरा पंचायत के सिलौत गांव के वार्ड 11 चकहुसैन टोला निवासी राजकपूर पासवान की गला रेत कर हत्या मामले में मृतक के पिता अर्जुन पासवान ने मुफ्फसिल थाने में लिखित आवेदन देकर गांव के ही दो महिला समेत तीन लोगों को हत्या के लिए आरोपित किया है। आवेदन के आधार पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दो-तीन संदिग्धों को उठाकर डीआईयू की टीम पूछताछ कर रही है। बता दें कि बीते 19 मार्च को पुलिस ने राजकपूर पासवान का गला रेता हुआ शव रहमतपुर चौर से बरामद किया था। डीआईयू की टीम में द्वारा भी घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जांच की गई थी। वहीं इसके बाद मुफस्सिल पुलिस ने शव को जब्त कर परिजनों की उपस्थिति में सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया था। मृतक के पिता अर्जुन पासवान के आवेदन पर दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि 18 मार्च की रात्रि 10:30 बजे भमरा पुल पर बैठे उनके पुत्र राजकपूर पासवान को गांव के ही एक युवक व उसकी मां एवं उसकी पत्नी के द्वारा बुलाकर ले जाया गया। इसके बाद अज्ञात तीन-चार लोगों के द्वारा उनके पुत्र की गला रेत कर हत्या कर दी गई और शव को बन रह। सिक्स लेन रोड के पूरब चौर में एक गेहूं के खेत में फेंक दिया गया। इस मामले में मृतक के पिता के द्वारा तीन लोगों को नामजद व तीन-चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा है कि उन्हीं लोगों ने साजिश के तहत उनके पुत्र की गला रेत कर हत्या की है। उन्होंने पुलिस से अविलंब दोषियों के ऊपर कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस गला रेत कर हत्या के संबंध में सूत्रों का बताना है कि अवैध संबंध के शक में हत्याकांड को अंजाम दिया गया है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डीआईयू की टीम दो महिला समेत तीन लोगों को उठाकर पूछताछ कर रही है। वहीं बताया गया कि घटना का मुख्य अभियुक्त घटना की रात में ही ट्रेन पकड़ कर फरार हो गया है। पुलिस टीम के द्वारा उसको हिरासत में लेने की प्रक्रिया की जा रही थी। बताया गया कि पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा कर सकती है। जल्द ही इसको लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन कर घटना के संबंध में जानकारी मीडिया के साथ साझा किया जाएगा। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि मृतक के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर तीन लोगों के ऊपर एफआईआर दर्ज किया गया है। कुछ संदिग्धों को उठाकर पुलिस पूछताछ कर रही है, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# मधुबनी में दो दिवसीय मिथिला महोत्सव का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी दो दिवसीय मिथिला महोत्सव का जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने केक काटकर किया औपचारिक शुभारंभ। स्कूली बच्चों ने की अपने गीत संगीत नृत्य नाटक के माध्यम से सबका मन मोहा। मिथिला महोत्सव अप्पन वोट अप्पन अधिकार मतदान के लेल मधुबनी तैयार के थीम पर मधुबनी के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के द्वारा मिथिला महोत्सव गुब्बारा गुच्छ को उड़ाकर मिथिला महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मधुबनी ने ठाना है मतदान प्रतिशत बढ़ाना है का भी संदेश दिया गया। मिथिला महोत्सव के अवसर पर मीडिया कोषांग के द्वारा स्वीप गतिविधि के तहत लगाए गए स्वीप गैलरी में युवक युवतियों छात्र छात्राओं महिला एवं पुरुषों के बीच सेल्फी लेने की होड़ लगी रही। साथ ही सभी लोगों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से अप्पन वोट अप्पन अधिकार मत दानक लेल मधुबनी तैयार को लेकर नारा भी लगाया गया। मधुबनी दो दिवसीय मिथिला महोत्सव में सैंड आर्ट के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। सैंड आर्ट को देखने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़। महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के द्वारा विभागीय स्टॉल यथा कृषि विभाग आपदा विभाग बाल विकास परियोजना आईसीडीएस सामाजिक सुरक्षा, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया गया। जिसपर काफी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी देखी गयी।

# जिलास्तरीय त्रिसदस्यीय अपीलीय समिति का गठन

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। लोक सभा निर्वाचन में चुनाव प्रक्रिया के दौरान उड़न दस्त एवं अन्य दल द्वारा जब्त की गयी राशि तथा सामग्री विमुक्ति हेतु मुजफ्फरपुर एवं वैशाली लोकसभा के अन्तर्गत सभी विधान सभा क्षेत्रों के लिए एक जिला स्तरीय त्रिसदस्यीय अपीलीय समिति का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, मुजफ्फरपुर बनाए गये हैं। नोडेल पदाधिकारी, निर्वाचन व्यय एवं अनुश्रवण कोषांग को संयोजक एवं जिला कोषागार पदाधिकारी इस समिति के सदस्य होंगे। यह समिति पुलिस अथवा स्थैतिक निगरानी दल या उड़न दस्ता द्वारा की गई जब्ती के प्रत्येक मामले की अपनी ओर से जॉच करेगी तथा जहां समिति यह पाती है कि मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार जब्ती के संबंध में कोई प्राथमिकी या शिकायत दर्ज नहीं की गई है या जहां जब्ती किसी अभ्यर्थी या राजनीतिक दल या किसी निर्वाचन अभियान इत्यादि से संबंधित नहीं होने की स्थिति में ऐसे व्यक्तियों को जिनसे नकदी जब्त की गई थी, को ऐसी नगदी रिलीज करने के बारे में इस आशय का एक स्पीकिंग ऑर्डर पारित करने के पश्चात विमुक्ति हेतु आदेश निर्गत करने के संबंध में तत्काल कदम उठाएगी। समिति सभी मामलों का अवलोकन करेगी तथा जब्ती पर निर्णय लेगी। यदि स्थैतिक निगरानी दल अथवा उड़न दस्ते द्वारा जब्त की गई नकद राशि दस लाख से अधिक है तो उक्त राशि की जब्ती अथवा अग्रेतर कार्रवाई के संबंध में इसकी सूचना आयकर विभाग के जिला नोडल पदाधिकारी को दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पिछले 24 घंटे में 7 मिमी हुई बारिश

मुजफ्फरपुर। मौसम ने एक बार फिर करवट लिया है। सक्रिय मौसम सिस्टम के प्रभाव से पिछले 24घंटे में 7मिमी बर्षा रिकार्ड किया गया है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 11.3डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। आज का अधिकतम तापमान 20.6डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 18.5डिग्री रहा जो सामान्य से 1.3डिग्री सेल्सियस अधिक है। यह जानकारी जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र, डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्याल के मौसम विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। समाचार लिखे जाने तक बारिश का दौर जारी था। किसानों का कहना है कि इस बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल के काफी नुकसान हुआ है।

### एक साथ तीन दुकानों में हजारों रुपए मूल्य के समानों की चोरी

समस्तीपुर मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के केवस निजामत पंचायत अंतर्गत समस्तीपुर-रोसड़ा मुख्य मार्ग में अवस्थित भूषण चौक पर स्थित तीन दुकानों में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों के द्वारा हजारों रुपए मूल्य के सामानों की चोरी कर ली गई। घटना की जानकारी लोगों को बुधवार की सुबह हुई, जब संबंधित दुकानदार अपनी दुकान खोलने के लिए आए। बताया गया कि चोरों ने एक बर्तन दुकान, कपड़ा दुकान और एक सिलाई दुकान में चोरी कर हजारों रुपए मूल्य के सामानों पर हाथ साफ किया है। वही संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि एक दुकान में चोरी की सूचना मिली है, आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम ने किया बॉर्डर चेक पोस्ट का निरीक्षण

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के समस्तीपुर-दरभंगा जिले के बॉर्डर चेक प्वाइंट जटमलपुर का निरीक्षण डीएम योगेंद्र सिंह ने लोकसभा चुनाव को लेकर किया। इसके साथ ही कल्याणपुर क्षेत्र के खरसंड पूर्वी पंचायत के पंचवटी चौक पर भी बॉर्डर चेक प्वाइंट का निरीक्षण किया। मौके पर बीडीओ देवेन्द्र कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

### विदेशी शराब के साथ कारोबारी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के बेला चर से एक मकई के खेत से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 38 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया है। वहीं पुलिस ने शराब के साथ एक महिन्द्रा बोलेरो पिकअप और एक अल्टो कार के साथ एक कारोबारी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंधेरे में और कारोबारी भागने में सफल रहा। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान चकमेहसी थाना क्षेत्र के परमेश्वर राय के कमलदेव राय के रूप में हुई है। वहीं 38 कार्टन में कुल 342 लीटर शराब बरामद किया है। वहीं थानाध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी को उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिक दर्ज कर आगे की कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेज दिया गया है।

### कॉलेज से स्कूलों में नामांकन स्थानांतरित कराने का आदेश अलोकतांत्रिक : एआइडीएसओ

मुजफ्फरपुर। छात्र संगठन एआइडीएसओ ने कॉलेज में अध्यनरत 12 वीं कक्षा के छात्रों को +2 स्कूलों में अपना नामांकन स्थानांतरित कराने के अलोकतांत्रिक व तुगलकी फरमान को बिहार सरकार से अविलम्ब वापस लेने की मांग की है। बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है कि राज्य भर के तमाम डिग्री कॉलेजों में इंटर (11वीं) की पढ़ाई कर रहे छात्र अब 12 वीं की पढ़ाई कॉलेज में नहीं कर पाएंगे, उन्हें 12 वीं की पढ़ाई के लिए ओएफएसएस के जरिए +2 स्कूलों में ऑनलाइन आवेदन कर नामांकन लेना होगा। शिक्षा विभाग के उक्त आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एआईडीएसओ के बिहार राज्य सचिव विजय कुमार ने कहा कि कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राओं को बीच सत्र में ही राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा अचानक स्कूलों में स्थानांतरण हेतु दिया गया आदेश पूरी तरह से अलोकतांत्रिक ही नहीं बल्कि गैर जरुरी भी है। 12वीं में जिन छात्रों को बोर्ड की परीक्षा देनी है उनको पढ़ाई छोड़कर नामांकन की प्रक्रिया में अस्त व्यस्त होना पड़ेगा। वहीं +2 स्कूलों में अध्ययन अध्यापन की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे में शिक्षा विभाग के इस तुगलकी फरमान के कारण छात्रों में काफी रोष है और राज्य के विभिन्न कॉलेजों में प्रदर्शन के रुप में यह गुस्सा फूट रहा है। वास्तव में यह केंद्र सरकार द्वारा लाई गई विनाशकारी नई शिक्षा नीति- 2020 का ही एक हिस्सा है, जिसमें 10 वीं कक्षा में बोर्ड परीक्षा को खत्म करने के साथ ही शिक्षा का संपूर्ण निजीकरण व्यापारीकरण, साम्प्रदायिकरण एवं केंद्रीकरण की साजिश है। छात्र संगठन एआईडीएसओ ने शिक्षा विभाग द्वारा अचानक 12 वीं के कॉलेज छात्रों को स्कूलों में नामांकन कराने के निर्णय का कड़े शब्दों में विरोध किया है और राज्य सरकार से मांग की है कि जो छात्र जिस कॉलेज में दाखिला ले चुके हैं, उन्हें उसी कॉलेज में इंटरमीडिएट के पूरे सत्र की पढ़ाई करने दी जाए।

# आधुनिकतम तकनीक व सुविधाओं से लैस मेडिकाना हॉस्पीटल में हृदय व किडनी रोग की इलाज की व्यवस्था




समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर में पहली बार हृदय एवं किडनी रोग के समुचित इलाज की व्यवस्था की गई है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिकतम तकनीक व सुविधाओं से लैस उच्च गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा को समर्पित प्रतिष्ठान मेडिकाना हॉस्पीटल में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सम्वाददाताओं से बात करते हुए मेडिकाना प्रबंध निदेशक डॉ राजीव कुमार मिश्रा एवं डॉ कनुप्रिया मिश्रा ने उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि किडनी रोग विभाग में देश के मशहूर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ अनिल जायसवाल डी एम, नेफ्रोलॉजी, एवं हृदय रोग विभाग में सुविख्यात कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ आदित्य कुमार डी एम कार्डियोलॉजी हर बुधवार को उपलब्ध रहेंगे। हॉस्पीटल की खासियत बताते हुए मेडिकाना डॉ मिश्रा द्वय ने बताया कि महानगरीय शैली में विश्वस्तरीय आवासन सहित अहर्निषं सेवा महे के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए प्रत्येक दिन 24 घंटे मरीजों के आरोग्य केलिए संकल्पित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम से लैस 200 बेड वाला है मेडिकाना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल। यहां विश्वस्तरीय आधुनिकतम तकनीक व उपकरण की सहायता से हार्ट केयर, ब्रेन, न्यूरो और स्पाईन केयर, ओबेस्ट्रेट्रिक्स एवं गायनोकोलॉजी, यूरोलॉजी व नेफोलॉजी, गेस्ट्रोएंटरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स एवं ज्वाईट सर्जरी, समान्य एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी की सुविधाओं के अलावा 24 घंटे इंमरजेंसी एवं ट्रामा केयर उपलब्ध कराया जाना है। जिसमें प्राथमिकता के आधार पर किडनी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ की प्रत्येक बुधवार को उपलब्धता सुनिश्चितकी गई है। कालांतर में आवश्यकतानुसार इनके उपलब्धता की अवधि विस्तारित होगी। इस अवसर पर डॉ अनिल जायसवाल एवं डॉ आदित्य कुमार, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ मृत्युंजय कुमार ने भी अपने अनुभव साझा किए। मौके पर रोटरी क्लब जोन 2 की एजी डॉ अमृता कुमारी, विजय चौधरी, रविन्द्र पाठक, पप्पू कुमार, सहित कई लोग मौजूद थे।

# एक ने पीएम मोदी की तस्वीर का किया राम-राम सत्य, दूसरे ने की कार्रवाई की मांग



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में सीट बंटवारे से साइड लाइन किए गए राष्ट्रीय लोजपा (पारस गुट) के समस्तीपुर जिला पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के द्वारा मंगलवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रह मंत्री अमित शाह को परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं पार्टी का कुछ लेता हूं वह कार्यकताओं ने पार्टी के नगर कार्यालय में लगे प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर का राम-राम सत्य करते हुए उनकी तस्वीर को पार्टी के नगर कार्यालय से हटा दिया। इस घटना के बाद समस्तीपुर रालोजपा दो धरों में बंटती हुई दिखाई दे रही है। पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय चौधरी ने जहां इस घटना की निंदा की है। वहीं पार्टी के एक नेता ने पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर का राम-राम सत्य करने वाले नेताओं के ऊपर कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस घटना के दौरान मौजूद पार्टी नेता व समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के पूर्व प्रत्याशी महेंद्र प्रधान ने कहा है कि गणेश घटना के बारे में नहीं पता था। उनकी मौजूदगी में पार्टी के कुछ नेताओं ने जानबूझकर ऐसा कृत्य किया है, जिनसे उनका कुछ लेना-देना नहीं है और वह इस घटना की तीव्र निंदा करते हैं। वहीं पार्टी के जिलाध्यक्ष विनय चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी एनडीए गठबंधन का हिस्सा है और आगे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष का जो भी निर्णय होगा पार्टी का कार्यकताओं को मान्य होगा। वहीं पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुछ पार्टी नेता भाजपा के संपर्क में हैं और जल्द ही कई नेता भाजपा का दामन थाम सकते हैं। वहीं इस सम्बन्ध में भाजपा के जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि अबकी बार 400 पार के साथ केंद्र में लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने रालोजपा कार्यकत्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर का राम-राम सत्य करने की घटना के तीव्र निंदा की है।

# राम नाम के जयघोष से गुंजायमान हुआ प्रखंड का छतरपुर गांव



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड के छतरपुर गांव में सामाजिक सहयोग से एक दिवसीय अखंड रामधुन यज्ञ सह अष्टयाम का आयोजन क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा किया गया। समाज कल्याण की भावना से प्रेरित हो आयोजित हुए इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर छतरपुर गांव के ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया की सामाजिक विकास में वृद्धि, क्षेत्र की शुख समृद्धि शांति की मंगलकामना सहित जन कल्याण की भावना लिये, सामाजिक सहयोग से यहां यह धार्मिक अनुष्ठान करवाया जा रहा है। कलश यात्रा के साथ आरंभ हुए इस रामधुन यज्ञ सह अष्टयाम में क्षेत्र के दर्जनों कुमारी कन्याओं ने बजरंग बली मंदिर के प्रांगण से दुर्गा मंदिर के उलाय नदी तट से पवित्र जल इकट्ठा कर लोगों को सनातन धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। इधर इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर गांव वासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। 24 घंटे तक चलने वाले इस एक दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान को सम्पन्न कराने हेतु क्षेत्र के प्रख्यात आचार्य की टीम द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रूप से रामधुन अष्टयाम यज्ञ अनुष्ठान को आरंभ करवाया गया है। वहीं इस अखंड रामधुन के अवसर पर सीताराम सीताराम के स्वर के पूरा इलाका भक्तिमय माहौल से गुंजायमान हो गया है। गांव का पूरा इलाका भक्तिरस में सराबोर है। इधर 24 घंटे तक चलने वाले इस रामधुन यज्ञ को देखने के लिए ग्रामीण श्रद्धालुओं की भीड़ यहां उमड़ रही है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण महिलायें भी काफी उत्साहित हैं। अखंड रामधुन यज्ञ के दौरान श्रद्धालु भक्तों द्वारा यज्ञ मंडप के परिक्रमा के साथ रामधुन मंत्र का जाप किया जा रहा है। ग्रामीण श्रद्धालुओं ने भी कहा है कि यह अखंड रामधुन अष्टयाम समाज में बरकत लाने हेतु जन कल्याण की भावना को ले किया जा रहा है। इधर इस धार्मिक अनुष्ठान के मौके पर आयोजन समिति के लक्ष्मण कुमार यादव, दशरथ यादव, विनय यादव, बीरेन्द्र यादव, कैलाश यादव, विश्वनाथ यादव, गंगाधर यादव, उमेश यादव, रमेश यादव, पंकज कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में हुई मौत

मधेपुरा चौसा से ससुराल जा रहे युवक की मौत मंगलवार को पसराहा में सड़क हादसे में हो गई। उक्त मृतक का शव बुधवार को पैतृक गांव पहुंचते ही लोगों का हुजूम देखने के लिए उमड़ पड़ा। बताया जा रहा है कि चौसा थाना क्षेत्र के रसलपुर धुरिया पंचायत के कलासन वार्ड 4 निवासी अब्बास खान के पुत्र मो अनवारुल मंगलवार को अपना ससुराल जा रहा था इसी दौरान खगड़िया जिला के पसराहा थाना के समीप दूध के टैंकर ने युवक के बाइक में जोरदार धक्का मार दिया जिससे उक्त युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। उधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए मृतक के परिजन को सौंप दिया। मृतक चार भाई और चार बहन में सबसे छोटा था जिसकी शादी दो माह पहले पूरे धूमधाम से खगड़िया जिले के फरहर में हुआ था घटना के बाद मृतक कि मां जरीना खातून, पिता मो अब्बास, पत्नी अफसरी खातून सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है

# बीएनएमयू में अधिषद् का 24वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न

प्रात: किरण, संवाददाता



मधेपुरा भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय में अधिषद् (सीनेट) का 24वां वार्षिक अधिवेशन मंगलवार को राज्यपाल-सह- कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में प्रशासनिक परिसर अवस्थित प्रेक्षागृह में संपन्न हुई।इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है। हमारे नालंदा एवं विक्रमशिला विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए पूरी दुनिया के विद्यार्थी आते थे। लेकिन आज हमारे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए राज्य से बाहर जाना पर रहा है। वे इस स्थिति को बदलना चाहते हैं। उनका सपना है कि भारत के अन्य राज्यों तथा विदेशों के विद्यार्थी पढ़ने के लिए बिहार के विश्वविद्यालय में आएं। उन्होंने कहा कि हमें शिक्षा के क्षेत्र में फैली सुस्ती को दूर करना है और सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त बनानी हैं। युवाओं को बेहतर भविष्य देना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति-निर्माण है। व्यक्ति-निर्माण से ही समाज एवं राष्ट्र का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भारत का समय है और हमें अभी से देश को विकसित का संकल्प लेना है। अभी से काम करने को तत्पर रहना है। वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाना है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में वर्ष में एक बार बजट अधिवेशन होता है। इस बैठक में सदस्यों को अपनी बात रखने का समय नहीं मिल पाता है। इसलिए, विश्वविद्यालय में अलग से एकेडमिक सीनेट की बैठक होनी चाहिए। जिसमें मुख्य रूप से सभी सदस्यों से सिर्फ विश्वविद्यालय के एकेडमिक विकास पर चर्चा किया जा सके। उन्होंने सीनेट सदस्यों से सिर्फ सीनेट में ही नहीं, बल्कि अन्य दिनों में भी विश्वविद्यालय के विकास के लिए सक्रिय रहने और कुलपति से मिलकर उन्हें समस्याओं से अवगत कराने तथा सुधार हेतु सुझाव देते रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यूएमआईएस में कई गड़बड़ियां हैं और विश्वविद्यालय का काफी धन भी बर्बाद हो रहा है। अतः यह आवश्यक है कि यूएमआईएस को बंद कर दिया जाए और सभी विश्वविद्यालय अपनी आवश्यकता के अनुरूप अपना सॉफ्टवेयर विकसित करें और उसे स्वयं संचालित करें।

इससे परीक्षा का संचालन, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, परीक्षाफल का प्रकाशन एवं डिग्री वितरण आदि कार्यों में गति आएगी और सत्र को नियमित करने में काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रोन्नति का कार्य अविलंब हो। सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी सेवांत लाभ का भुगतान हो। अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। विद्यार्थियों को उनके आसपास के महाविद्यालयों में नामांकन मिलना चाहिए। कुलपति ने प्रस्तुत किया प्रगति प्रतिवेदन अधिवेशन के दौरान कुलपति प्रो. बी. एस. झा ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. जवाहर पासवान ने गत 17 फरवरी, 2023 को संपन्न हुई अधिषद् की बैठक का कार्यवृत्त, डॉ. अरविंद कुमार ने इसका अनुपालन प्रतिवेदन तथा डॉ. उमाशंकर चौधरी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. रमेश कुमार ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के वास्तविक आय-व्यय का लेखा प्रतिवेदन तथा डीएसडब्ल्यू डॉ. नवीन कुमार ने वार्षिक बजट 2024-25 प्रस्तुत किया। वर्ष 2024-2025 के लिए कुल 10 अरब 35 करोड़ 68 लाख 80 हजार 987 रूपए का बजट को मंजूरी दी गई है। इसमें आंतरिक स्रोत से कुल अनुमानित आय कुल 1 अरब 83 करोड़ 76 लाख 39 हजार 181 रूपए है। इस तरह सरकार से कुल अनुमानित राशि कुल 8 अरब 51 करोड़ 92 लाख 41 हजार 806 रूपए का घाटा अनुदान अपेक्षित है। बजट में चाइल्ड केयर सेंटर हेतु 15 लाख, गर्ल्स कामन रूम हेतु 12 लाख, कार्टसिल सेंटर हेतु 10 लाख, ग्रीन हाउस हेतु 15 लाख एवं एनिमल हाउस हेतु 20 लाख का प्रावधान किया गया है। डॉ. परमेश्वर चौधरी विभिन्न निकायों, प्राधिकारों एवं समितियों का कार्यवृत्त तथा डॉ. बी. एन. विवेका नवसंबंधन एवं दीर्घीकरण आदि का प्रस्ताव रखेंगे। कैप्टन गौतम कुमार को अधिषद् सदस्यों से प्राप्त प्रश्नों के उत्तर प्रस्तुत करेंगे और डॉ. शाहिद हुसैन शोक प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के प्रारंभ में कैप्टन गौतम कुमार के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। कुलाधिपति को अंगवस्त्रम, पुष्पगुच्छ एवं मिथिला पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने महामना भूपेंद्र नारायण मंडल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पार्वती विज्ञान महाविद्यालय की टीम ने कुलगीत प्रस्तुत किया। अंत में राष्ट्र गान जन-गण-मन के सामूहिक गायन के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में एमएलसी द्वय डॉ. संजीव कुमार सिंह एवं डॉ. अजय कुमार सिंह, एमएलए द्वय अनिरुद्ध प्रसाद यादव एवं गुंजेश्वर साह, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. रामनरेश सिंह, डॉ. परमेश्वर चौधरी, डॉ. आलोक झा, डॉ. निरंजन मेहता, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. मनीषा रंजन, डॉ. एम. आई. रहमान, डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, डॉ. अमरदीप, डॉ. रंजन कुमार, भवेश कुमार, डॉ. जयशंकर प्रसाद स्नेही एवं सचिव सह कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर उपस्थित थे। अधिषद् की बैठक 19 मार्च को बैठक के कार्यालयी कार्यों में उप कुलसचिव अकादमिक डॉ. सुधांशु शेखर, कुलपति के निजी सहायक शंभु नारायण यादव, अमित कुमार आदि ने सहयोग किया। डॉ. शेखर ने बताया कि अधिषद् के बैठक के निमित्त बुधवार को विश्वविद्यालय के सभी कार्यालयों, स्नातकोत्तर विभागों एवं महाविद्यालयों में अवकाश रहेगा। लेकिन पूर्व निर्धारित परीक्षाएँ यथावत चलती रहेंगी और परीक्षा संबंधी अन्य आवश्यक कार्य भी पूर्व की भाँति संचालित होंगे।

# होली मिलन समारोह का आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

आलमनगर,मधेपुरा आलमनगर नगर पंचायत के राजघराने परिवार के सदस्य सह श्री करणी सेना के जिला अध्यक्ष डॉ विक्रम कुमार सिंह के निज आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया।जिसमें जिले के सभी करणी सेना के सदस्य उपस्थित रहे। वही इस दौरान करणी सेना के जिला अध्यक्ष विक्रम कुमार सिंह ने संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि होली भाईचारा का त्यौहार है। हम सब परस्पर इसी प्रकार का प्रीत बनाए रखें। जिससे कि समाज का सम्मानय संतुलन कुशल मंगल बना रहे। प्रीत की गहरी रीत समाज को सुदृढ़ बनाती है हम सब मंगल कामना के साथ यहां पर एकत्रित हुए हैं जिससे कि समाज का अर्थव्यवस्था का संतुलन बना रहे। करणी सेना का उद्देश्य है हम भाई चारा को बढ़ावा दे। होली का त्योहार हम सभी भाईचारा के साथ होली का त्योहार हम सभी भाईचारा के साथ मनाते रहे। मां भवानी की कृपा हम सब पर बनी रहे। मौके पर करणी सेना के सभी सदस्य मौजूद रहे और अपनी अपनी इच्छा प्रकट किया जिसमें से निकल कर आया कि भाई चारा हम मजबूत करें। यही करणी सेना का उद्देश्य रहा।

# सात चंडी महायज्ञ में सपरिवार एसडीओ सहित हजारों ने की पूजा



प्रात: किरण, संवाददाता

महनार - महनार प्रखंड के चमरहरा पंचायत के अंतर्गत चमरहरा दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहे श्री श्री 1008 चंडी महायज्ञ में महनार अनुमंडल पदाधिकारी अपनी पत्नी के साथ पहुंचकर पूजा अर्चना किया।इस संबंध में बताया गया कि महनार अनुमंडल पदाधिकारी नीरज कुमार अपनी पत्नी के साथ यज्ञ मंडप में पहुंचकर यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हुए पूजा अर्चना किया।इस दौरान यज्ञ में पहुंचने पर महायज्ञ समिति से जुड़े लोगों ने अनुमंडल पदाधिकारी नीरज कुमार एवं उनकी पत्नी का स्वागत किया।इस दौरान उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सामाजिक सौहार्द का वातावरण बनता है।सभी एक दूसरे के साथ मिलजुल कर किस प्रकार से बड़े से बड़े कामों को कर सकते हैं इससे सीख मिलती है।उन्होंने कहा कि यज्ञ हमारे मन के भीतर की शक्ति को शुद्ध करने का काम करता है।कहा कि यज्ञ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि समाज को एकजुट करने का भी एक सशक्त माध्यम है। चमरहरा दुर्गा मंदिर परिसर में 13 मार्च से लेकर 21 मार्च तक चलने वाले सहस्त्र चंडी महायज्ञ में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर यज्ञ मंडल की परिक्रमा कर पूजा अर्चना कर रहे हैं।प्रतिदिन प्रसिद्ध कथा वाचिका देवी चित्रलेखा भागवत कथा का वाचन कर रही हैं।साथ ही रामलीला व रासलीला का भी आयोजन किया जा रहा है।यज्ञ के आयोजन को लेकर चमरहरा में मेले जैसा नजारा है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल



प्रात: किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर चंडी स्थान पंचायत स्थित लक्ष्मीपुर गांव वार्ड तीन में स्टेट हाईवे 91 पर मंगलवार को देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ में जबरदस्त रूप से टक्कर मार दिया। बाइक सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने बाइक के पीछे सवार संजय कुमार उम्र करीब 25 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल बाइक चालक प्रभाष कुमार की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा रेफर कर दिया। कुमारखंड थाना पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया। लक्ष्मीपुर गांव वार्ड तीन मृतक संजय कुमार के चचेरे भाई निर्मल राम ने जानकारी देते हुए बताया संजय कुमार मुंबई में रहकर मजदूरी करता है। संजय कुमार 18 मार्च को मुंबई से घर अपने चचेरे भाई विकास कुमार के शादी में शरीक होने आए हुए थे। बुधवार को बिशनपुर कोडलाही पंचायत स्थित जमुआहा निवासी दोस्त प्रभाष कुमार से केवटगामा चौक पर संजय कुमार मुलाकात किए और दोस्त प्रभाष कुमार अपने बाइक से संजय कुमार को घर छोड़ने के लिए जा रहे थे जैसे ही लक्ष्मीपुर गांव और मृतक संजय कुमार के घर से दो सौ मीटर उत्तर दिशा ओर पहुंचा की मीरगंज की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक प्रभाष कुमार बाइक लेकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ में जबरदस्त रूप से धक्का मार दिया। संजय कुमार की घटना स्थल पर मौत हो गई। जबकि घायल बाइक चालक प्रभाष कुमार का इलाज सदर अस्पताल मधेपुरा में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कुमारखंड थाना पुलिस अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्ट के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया । बुधवार कुमारखंड थाना पुलिस मृतक संजय कुमार के बुधवार को परिजनों को सौंप दिया। मृतक संजय कुमार की मां शकूंती देवी संजय कुमार याद कर रोती बिलखती रही। वही पिता योगेंद्र राम अन्य परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार ने बताया सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर मौत हो गई। एक का इलाज चल रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन मिलते ही आगे की कार्यवाई की जाएगी।

# बरदघट्टा गांव के युवक का हुआ अपहरण

प्रात: किरण, संवाददाता



जमुई/गिद्धौर। थाना क्षेत्र के गंगरा पंचायत के बरदघट्टा गांव निवासी सीताराम यादव के पुत्र नवीन यादव का गांधी आश्रम के निकट अपने दुकान से बीते 17 मार्च से गायब हो जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। उक्त घटना को लेकर बरदघट्टा निवासी सीताराम यादव ने गिद्धौर थाना में अपने पुत्र की सकुशल बरामदगी को ले आवेदन दे गुहार लगायी है।घटना को ले पीड़ित पिता सीताराम यादव ने गिद्धौर थाना में दिए गए अपने आवेदन के माध्यम से बताया है कि गिद्धौर के गांधी आश्रम के निकट मेरे पुत्र का एक दुकान है, बीते 17 मार्च को हर दिन की तरह दुकान बंद करके घर के लिए निकला जो लौटकर नही आया।आस पड़ोस रिश्तेदार सभी जगह पता किया लेकिन कहीं कुछ पता नही चल सका इधर घटना के बाद मेरे छोटे पुत्र द्वारा जब उसे फोन किया गया तो उसका मोबाइल बंद मिला। अपने पुत्र की जानकारी लेने दुकान के बगल के पड़ोसी शंकर सिंह को फोन किया लेकिन वहां से भी कुछ खास पता नही चल सका।अहले सुबह गंगरा गांधी आश्रम के निकट जब अपने पुत्र नवीन का दुकान पहुंचा तो दुकान बंद पाया, जब मेरे द्वारा दुकान के बगल के पड़ोसी शंकर सिंह से पूछा तो उन्होंने बताया कि मेरे बिछावन के माथे के नीचे दुकान की चाभी रखा था, दुकान कब बंद किया इसके बारे में मुझे जनाकारी नही है। पीड़ित पिता ने आगे बताया की मैने दुकान की चाभी शंकर सिंह से लेकर जब दुकान खोला तो दुकान के अंदर मेरे पुत्र नवीन का मोबाइल और पर्स मिला। लेकिन नबीन का अता पता नही चला। घटना को लेकर नवीन के पिता सीताराम यादव ने आगे बताया कि मेरे पुत्र नवीन की शादी खैरा थाना क्षेत्र के कोदवरिया गांव में सुरेंद्र यादव की पुत्री सिंकू कुमारी से हुई वर्ष 2016 में हुई थी, लेकिन उक्त युवती शादी से पहले गर्भवती हुई थी, जिसका एक मामला न्यायालय में चल रहा है। पीड़ित परिजन सीताराम यादव ने इसी मामले से प्रेरित हो नवीन की पत्नी सिंकू कुमारी के रिश्ते में मामा लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के कला गांव निवासी हरिनंदन यादव पर अपने पुत्र के अपरहण की आशंका जाहिर करते हुए उसे गायब करवा देने का आरोप लगाया है।पीड़ित पिता ने गिद्धौर पुलिस में आवेदन दे मामले में अपने पुत्र के शकुशल बरामदगी को ले अनहोनी घटना घटित होने की आशंका जाहिर करते हुए इस दिशा में त्वरित कारवाई कि मांग की है। कहते हैं थानाध्यक्ष इस संदर्भ में गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि परिजन द्वारा आवेदन मिला है, सीसीटीवी फुटेज मोबाइल डिटेल्स खंगाला जा रहा है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कारवाई की जा रही है।

# बीज का आवंटन और वितरण सार्वजनिक करने की मांग

प्रात: किरण, संवाददाता

हाजीपुर । अखिल भारतीय किसान महासभा ने वैशाली जिले में मूंग का बीज एवं अंतर्वत्ति खेती के लिए मक्का और मूंग के बीज का आवंटन और वितरण की सूची सार्वजनिक करने की मांग जिला कृषि पदाधिकारी वैशाली से की है।

किसान महासभा के राज्य उपाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद यादव, जिला अध्यक्ष सुमन कुमार, जिला सचिव गोपाल पासवान, सह सचिव राम पारस भारती, और राज्य परिषद सदस्य प्रेमा देवी ने संयुक्त बयानदे कर बताया कि वैशाली जिला में मूंग बीज के वितरण, अंतर्वत्ति खेती के लिए मक्का और मूंग के बीच के वितरण में भारी अनियमितता हुई है।

हजारों वैसे किसान जो ऑनलाइन आवेदन कर रखे थे, उन्हें बीज नहीं दिया गया। बताया जा रहा है कि बीज समाप्त हो गया है। आवंटित बीज किन किसानों को दिया गया इसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए, मूंग के बीज और अंतर्वत्ति खेती के लिए दी गई मक्का और मूंग के बीज का उपयोग किस जमीन में किया गया, इसकी जांच होनी चाहिए।

नेताओं ने कहा कि बीज वितरण में अनियमितता के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा, अन्यथा कृषि विभाग वैशाली जिले को बीज आवंटन की मात्रा, और सभी प्रखंडों में जिन किसानों के बीच बीज वितरित की गई है उनका नाम पता 15 दिनों के अंदर सार्वजनिक करें।

# सहदेई बुजुर्ग प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव पारित

प्रात: किरण, संवाददाता

सहदेई बुजुर्ग - सहदेई बुजुर्ग प्रखंड प्रमुख अमिता कुमारी के विरुद्ध लाया गया अविश्वास का प्रस्ताव पारित हो गया।बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव पारित कर तत्काल प्रभाव से उपप्रमुख अमिता कुमारी को उनके पद से हटा दिया गया है।इस संबंध में बताया बताया गया की पंचायत समिति सदस्यों की ओर से उप प्रमुख अमिता कुमारी के विरुद्ध लाय गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बुधवार को सहदेई बुजुर्ग प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।प्रमुख ममता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में डीसीएलआर अमन कुमार सुमन के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।अविश्वास के प्रस्ताव पर व्यापक चर्चा की गई।चर्चा के बाद मत विभाजन कराया गया बताया गया कि प्रखंड में पंचायत समिति सदस्यों की कुल संख्या 15 है।जिसमें से एक पंचायत समिति सदस्य विनोद राम अपने पद से त्यागपत्र दे चुके है।क्शेष बचे 14 सदस्यों में से 9 सदस्य बैठक उपस्थित थे।9 सदस्यों में से 8 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में एवं एक वोट अविश्वास प्रस्ताव के विरुद्ध डाला गया।इस प्रकार प्रखंड प्रमुख की कुर्सी छिन गई और अविश्वास का प्रस्ताव पारित हो गया।इस बैठक में पंचायत समिति सदस्य चंद्रकला देवी,पूनम देवी,रीना कुमारी,बेबी देवी,सुनीता कुमारी देवी,धर्मराज पासवान,सनोज कुमार,जनार्धन पासवान के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रिया कुमारी,बीपीआरओ विकाश कुमार एवं सुरक्षा के लिए दलबल के साथ पुलिस पदाधिकारी दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कैन बियर लोड ट्रक बरामद,तीन गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

महनार - मद्द निषेध विभाग की टीम एवं महनार थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सयुक्त रूप से करवाई करते हुये एक ट्रक से 1372 कैन बियर बरामद किया है।कैन बियर को एक ट्रक में छुपाकर पटना से महनार के रास्ते समस्तीपुर जिले के धमौन ले जाया जा रहा था।मौके से ट्रक के चालक एवं उप चालक को गिरफ्तार करते हुये ट्रक को जब्त कर लिया गया है।इस सम्बंध में महनार थानाध्यक्ष विश्वरंजन सिंह ने बताया कि पटना मद निषेद्य विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि पटना से कैन बियर एक ट्रक में छुपाकर की महनार थाना क्षेत्र से होते हुय समस्तीपुर जिला के धमौन ले जाया जा रहा है।जिसके बाद मद्द निषेध विभाग की टीम ने ट्रक का पीछा किया।इसी दौरान महनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसनपुर बॉर्डर के निकट से ट्रक को पकड़ लिया गया।तलाशी के दौरान ट्रक में छुपाकर रखा गया 1372 केन बियर जिसकी कुल मात्रा 686 लीटर है को ट्रक से बरामद किया गया।सभी बियर केआईक्यू ब्रांड की है।मौके से ट्रक के चालक एवं उप चालक पटना जिला के धनरुआ थाना के मय गांव निवासी राम सहाय यादव के पुत्र रणजीत यादव एवं पटना जिला के कादिरगंज थाना क्षेत्र के शाहोपुर गांव निवासी सुरेश प्रसाद के पुत्र राज किशोर को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने मौके से ट्रक संख्या यूपी 75एम 1060 को जब्त किया है।इस संदर्भ में महनार थाना कांड संख्या 63/24,धारा 30 (ए) बिहार मद्य निषेद्य एवं उत्पाद अधिनियम 2018 दर्ज करते हुय इस घटना में संलिप्त अन्य शराब तस्करों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है।

## समाजसेवी प्रीति कुमारी को मिलेगा सरला श्रीवास सम्मान

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्थानीय मालीघाट में सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संयोजक लोक कलाकार सुनील कुमार के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षीय संबोधन में सुनील कुमार ने बताया कि सरला श्रीवास स्मृति महापर्व ,विश्व कठपुतली दिवस एवं विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर समाजसेवी प्रीति कुमारी को लोक नायिका,स्त्री रत्न सरला श्रीवास सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। समाजसेवी प्रीति कुमारी को लोक नायिका स्त्री रत्न सरला श्रीवास सम्मान की घोषणा होने पर चाइल्डसेफ के सचिव जयचंद्र कुमार, सरला श्रीवास सामाजिक सांस्कृतिक शोध संस्थान के संरक्षक विजय मिश्र, कांता देवी, सरला श्रीवास युवा मंडल की अध्यक्ष सुमन कुमारी,सचिव अदिति ठाकुर,कोषाध्यक्ष आदित्य राज ठाकुर , संरक्षक भोला साह, सरला श्रीवास सोशल कल्चरल रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष धीरज कुमार,विंध्यवासनी देवी लोक कला संस्कृति मंच की सचिव लोक गायिका अनीता कुमारी, सेवादार मंच के साई सेवादार अविनाश कुमार, न्यू एज कोचिंग संस्थान संचालक संतोष कुमार, अमन चिल्ड्रेन स्कूल की प्राचार्य बबीता ठाकुर, परफेक्ट सोल्यूशन सोसाइटी के सचिव अनिल कुमार ठाकुर, डॉक्टर बसीर सिद्दीकी ,डॉक्टर अजीत कुमार झा,चंदन कुमार, पूर्णिमा मिश्रा ने बधाई व शुभकामनाए दी हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियान में मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

प्रात: किरण, संवाददाता



लालगंज। जिलाधिकारी वैशाली एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। मेरा वोट मेरा भविष्य, पहले मतदान फिर जलपान आदि स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक। करीब एक पखवाड़े से मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संचालन बालविकास कार्यलय पर्यवेक्षिका नेतृत्व में प्रखंड के सभी आँगनवारी केंद्र पर करते हुए बाल विकास कार्यलय परिसर में मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।इसी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को बाल विकास कार्यलय लालगंज परिषर में लालगंज प्रखंड की सेविका एवं आईसीडीएस कार्यालय के पर्यवेक्षिका सुजाता कुमारी ,के नेतृत्व में स्लोगन,रंगोली बनाकर एवं रैली के निकालकर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। अपनी कला क्षमता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के रोचक स्लोगन का निर्माण कर अपने प्रतिभा और कला का प्रदर्शन किया। इस स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र की सभी मतदाताओं खासकर युवा और वृद्ध मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की गई। पर्यवेक्षिका सुजाता कुमारी के द्वारा बताया गया कि वोट देकर कर्तव्य निभाएं लोकतंत्र मजबूत बनाएं के नारे के साथ रैली निकाली गई। उन्होंने सेविकाओं को बताया को आमजनो एवं पोषक क्षेत्र के अभिभावकों को मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए उनसे मतदान में स्वयं शामिल होने का अपील किया गया कि सभी लोग अपने समाज के लोगों को भी मतदान को लेकर जागरूक करें। इस मौके पर पर्यवेक्षिका मंजू कुमारी, बीसी रेणु कुमारी,सेविका रूपम कुमारी,कुमारी मानती राय, डौली कुमारी,गीता कुमारी,रूबी कुमारी,पूजा कुमारी बेबी कुमारी सुमन कुमारी समेत सैकड़ो सेविका उपस्थित थी।

# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारी वैशाली एवं पुलिस अधीक्षक ने राजापाकर प्रखंड कार्यालय में किया बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

राजापाकर। राजापाकर प्रखंड सभागार में डीएम वैशाली यशपाल मीणा, पुलिस अधीक्षक वैशाली हरे किशोर राय ,अनुमंडल पदाधिकारी महुआ चंद्रिमा अत्री, सीडीपीओ महुआ सुमन सुरभ, डीसीएलआर महनार, प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद प्रकाश सहित सभी विभागों के पदाधिकारी एवं प्रखंड में कार्यरत 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ आगामी लोकसभा चुनाव चुनाव की तैयारी को ले समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारी एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण कराने को ले आवश्यक निर्देश दिया गया। वहीं जिला पदाधिकारी वैशाली ने उपस्थित अधिकारी एवं कर्मियों को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर कार्यक्रम चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार ही नहीं अपितु जिम्मेदारी है इस जिम्मेदारी का सत प्रतिशत निर्वाहन हो इसके लिए इसके लिए मतदाताओं में जागरूकता लानी अनिवार्य है। उन्होंने शिक्षा विभाग सेविका, सहायिकाओं, जीविका दीदी एवं आशा कार्यकताओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने करने के लिए स्लोगन रंगोली पेंटिंग निबंध सहित अन्य प्रतियोगिता करवाने और विद्यार्थियों को अपने माता-पिता सहित अन्य परिवारजन पड़ोसियों को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिए।वहीं पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता आगामी लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं सद्भावपूर्ण कराने की है। प्रखंड में 13 सेक्टर बनाए गए हैं। जिसमें सभी पदाधिकारी को बुथो का निरीक्षण करने ,वहां क्या कमी है उसे शीघ्र दूर करने, मतदाताओं को जागरूक करने सहित अन्य व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई । वहीं प्रखंड कार्यालय में लगे बैनर (बोर्ड)पर डीएम एवं एसपी द्वारा अपना संदेश भी लिखा जिसमें हस्ताक्षर कर आओ मतदान करें का लोगों को संदेश दिया गया।वहीं प्रखंड कार्यालय के बाद डीएएम एस पी द्वारा प्रखंड क्षेत्र के भलुई कॉलेज में बनाए गए डिस्पेच सेंटर का भी निरिक्षण किया गया। जहां से मतदान कर्मियों को चुनाव संबंधित अन्य सामान लेकर बूथ पर भेजा जाएगा।वहां पर भी उनके द्वारा सभी व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया।

# नामांकन को लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली




राजापाकर।प्रखंड अंतर्गत भलुई पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पचई जगदीश के पोषक क्षेत्र में बुधवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अभिभावकों में जागरूकता हेतु नामांकन रैली निकाली। इस रैली में विद्यालय के 300 छात्र छात्राओं ने शामिल होकर जागरूकता नारे लगाते हुए घर-घर विद्या दीप जलाओ लड़का लड़की सभी पढ़ाओ, एक भी बच्चा छूट गया संकल्प हमारा टूट गया। पढ़ी-लिखी नारी घर-घर की उजियारी, पढ़ेंगे पढ़ाएंगे उन्नत देश बनाएंगे। खुशबू हो हर फूल में, सब बच्चा स्कूल में आदि नारे लगाते हुए पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर अनामांकित बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील अभिभावकों से किया है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य अनामांकित बच्चों का नामांकन करवाना तथा सभी बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जुड़े रहना है।बच्चे शिक्षा के मुख्य धारा से जुड़ेंगे तो बाल विवाहऔर बाल मजदूरी जैसी समस्याएं समाप्त होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार प्रखंड शिक्षक संघ अध्यक्ष वकील राय ,राज नारायण महतो, विनोद पासवान,अनिल कुमार, उर्मिला कुमारी, दामिनी कुमारी, संतोष कुमार शुक्ला एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## सम्पादकीय

## विपक्षी दांव की दिक्कतें

अगर आज सत्ता का स्त्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है ?कांग्रेस ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समाप्ति को इंडिया गठबंधन में शामिल तमाम दलों के नेताओं की जुटान का मौका बनाया। मुंबई की इस रैली में जुटे विपक्षी नेताओं ने संदेश दिया कि मौजूदा (चुनावी) संघर्ष में वे एकजुट हैं। लड़ाई किससे है, इसे राहुल गांधी ने देश को बताया। कहा कि मुकाबला किसी एक पार्टी या नरेंद्र मोदी नाम के व्यक्ति से नहीं है। लड़ाई एक विशिष्ट शक्ति से है, वो शक्ति जो ईवीएम और संस्थाओं में निहित है। उन्होंने कहा, यह शक्ति आपका धन लूट रही है। नरेंद्र मोदी का काम तो सिर्फ इससे ध्यान हटाना है। मगर यह वक्तव्य सिरे से समस्याग्रस्त है। अगर आज सत्ता का स्त्रोत लोगों का वोट नहीं, बल्कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें हैं, तो आम चुनाव तो एक बार फिर उन्हीं मशीनों से होने जा रहा है। फिर विपक्ष के लिए उम्मीद कहां बचती है ? और अगर आज सचमुच निर्णायक भूमिका ईवीएम की हो गई है, तो यह प्रश्न भी उठेगा कि इन मशीनों को चुनाव से हटवाने के लिए कांग्रेस या समूचे विपक्ष ने अब तक कुछेक बयानों को छोड़कर कौन-सा अभियान चलाया है ?इन सवालों को उठाने का मतलब ईवीएम को क्लीन चिट देना नहीं है। इन मशीनों के लेकर संदेह सचमुच गहराता गया है। चूंकि निर्वाचन आयोग ने इन संदेहों का निवारण करने और विश्वास का वातावरण बनाने की तनिक जरूरत भी महसूस नहीं की है, इसलिए इससे जुड़े सवाल बने हुए हैं। लेकिन अब जबकि चुनाव कार्यक्रम का एलान हो चुका है, विपक्ष का इसे प्रमुख मुद्दा बनाने का कोई तर्क नजर नहीं आता। बेहतर होता कि इंडिया गठबंधन के नेता इस पर आत्म-निरीक्षण करते कि उन्होंने इस चुनाव के लिए अपनी तरफ से कौन-सा ऐसा सकारात्मक कार्यक्रम पेश किया है, जिसको लेकर आम जन में उत्साह जग सके ? इन नेताओं ने साझा नीति और कार्यक्रम की कोई जरूरत ही नहीं समझी है। नतीजतन, उनका प्रयास महज सीटों का तालमेल बन कर रह गया है। इसी का परिणाम है कि अब ऐन वक्त पर उन्हें मोदी हटाओ के नकारात्मक एजेंडे पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ रहा है।

## कड़वे सच का सामना

अरविंद सुब्रह्मण्यम का ताजा बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकसित भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है। मशहूर अर्थशास्त्री और नरेंद्र मोदी सरकार के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रह्मण्यम ने भारत के लोगों को अपना दिमाग कबाड़ मुक्त करने की सलाह दी है। उन्होंने आगाह किया है कि भारत एक बड़ा बाजार नहीं है। भारत का घरेलू बाजार इतना बड़ा नहीं है, जिसके बूते भारत का मैनुफैक्चरिंग उद्योग फूल-फल सके। उन्होंने कहा- भारत यह सोच कर बहुत बड़ी गलती कर रहा है कि वह अपने घरेलू बाजार के बूते आगे बढ़ सकता है। मेरी समझ में यह घातक निष्कर्ष है। सुब्रह्मण्यम का तात्पर्य यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को अगर विकसित होना है, तो ऐसा निर्यात के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ा कर ही किया जा सकता है। पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने वर्तमान में बताई जा रही आर्थिक वृद्धि दर पर भी संदेह जताया। हाल में केंद्र सरकार ने बताया था कि इस वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाहियों में भारत ने 8 प्रतिशत से भी अधिक ऊंची वृद्धि दर हासिल की। सुब्रह्मण्यम ने इसे ह्लपूर्णतः रहस्यमयह्व बताया। कहा- ह्लईमानदारी के साथ मैं यही कहूंगा कि जीडीपी वृद्धि दर की इस संख्या को मैं समझ नहीं पाया। ह्व कहा कि यह संख्या मुद्रास्फीति की एक से डेढ़ फीसदी दर के आकलन पर आधारित है, जबकि वास्तविक मुद्रास्फीति दर तीन से पांच फीसदी के बीच रही है। एक प्रमुख अर्थशास्त्री का यह सार्वजनिक बयान उन आंकड़ों पर एक गंभीर सवाल है, जिनके आधार पर भारत में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और अगले 23 वर्षों में विकसित भारत बना देने का नैरेटिव बुना गया है। दरअसल, आर्थिक आंकड़ों की बात करें, तो ऐसी बहुत सी अन्य विसंगतियां सामने हैं। सचमुच यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आंकड़ों के साथ खिलवाड़ या हेरफेर जरिए ऐसी धारणाएं बनाई गई हैं, जिनका कोई वास्तविक आधार नहीं है। स्पष्टतः ऐसी धारणाओं के जरिए आबादी के एक हिस्से को कुछ समय तक के लिए भटकाए रखा जा सकता है, लेकिन उनके जरिए आम जन की बुनियादी समस्याओं को हल नहीं किया जा सकता। समाधान निकालने की पहली शर्त सच को स्वीकार करना है। कहा जा सकता है कि सुब्रह्मण्यम ने देश का सामना ऐसे ही सच से कराया है।

## बेमौसम की बारिश से आम और लीची के फसल को नुकसान की सम्भावना



मुजफ्फरपुर। बेमौसम की बारिश से आम एवं लीची के फसलों के नुकसान की सम्भावना बढ़ गई है। हल्की वर्षा,बदली या वातावरण में अत्यधिक नमी की वजह से आम एवं लीची के फूल (मंजर)के झुलसने की समस्या पैदा हो जाती है। बे मौसम वर्तमान बारिश से आम व लीची की फसल पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना के प्रधान अन्वेषक डाक्टर एसके सिंह ने प्रातः किरण को बताया कि लगभग 140 से अधिक रोगजनक आम फसल उत्पादन के विभिन्न चरणों में नुकसान पहुंचाते है। इसके विपरित लीची में रोगकारको की संख्या कम है ।लेकिन जिस समय आम एवं लीची के फूल में रोग लग जाते है तो उपज में भारी कमी आती हैं। आम एवं लीची के फूल (पुष्पक्रम) में ब्लॉसम ब्लाइट और पेडुनकल ब्लाइट कवक कोलेटोट्रिचम ग्लोस्पोरियोइड्स नामक कवक द्वारा होता है। यह रोग उस समय अधिक होता है जब पुष्पन के समय हल्की वर्षा होने की वजह से मौसम में नमी अधिक होती है। जब वातावरण में अधिक नमी होती है उस समय यह रोगकारक आम एवं लीची के फूलों (पुष्पगुच्छों) को नष्ट कर देता है। मौसम विभाग के एक अनुमान के अनुसार आगामी 4 दिनों तक उत्तर भारत के अधिकांश जिलों में हल्की वर्षा होने की संभावना है जिसकी वजह से यह रोग ,अधिक देखने को मिला सकता है ।पुष्पगुच्छों और खिले हुए फूलों पर छोटे छोटे धब्बे या पिन चुभने वाले धब्बे के रूप में लक्षण दिखाई देते हैं जिससे फूल मर जाते हैं एवम मृत फूल काले हो जाते हैं। बौर इस बीमारी का सबसे विनाशकारी चरण है, क्योंकि यह फलों के सेट और अंततः उपज को प्रभावित करता है। संक्रमित फूल झड़ जाते हैं, मंजर के डंठल भी इस रोगकारक की वजह से आक्रांत होते हैं। मौसम के अनुसार रोग की गंभीरता भिन्न हो सकती है। कभी-कभी पुष्पगुच्छ संक्रमण से बच जाते हैं लेकिन फल रोग से गंभीर रूप से आक्रांत हो सकते हैं। यह रोगकारक परिपक्व फलों के पकने के दौरान और बाद में भी आक्रांत कर सकता हैं। संवेदनशील किस्मों पर, कटाई से पहले फल संक्रमित हो सकते हैं और पेड़ से गिर सकते हैं। मृत धब्बे आमतौर पर आपस में मिल जाते हैं और व्यापक फल क्षय, दरार और रिसाव का कारण बनते हैं। ज्यादातर हरे फलों के संक्रमण कटाई के दौरान निष्क्रिय रहते हैं और पकने तक काफी हद तक अदृश्य रहते हैं। यह रोगजनक केंद्र में शॉट होल लक्षण छोड़कर अंडाकार या कोणीय भूरे रंग के धब्बे पैदा करके उभरते हुए नए पत्ते को भी प्रभावित करता है। इस रोग का रोगकारक आम एवं लीची के फूल (मंजर),मंजर के डंठल,फल एवम कोमल पत्तियों को प्रभावित करने की छमता रखते है इसलिए आवश्यक है की जब इस रोग के लक्षण पत्तियों पर दिखाई दे उसी समय इस रोग को प्रबंधित करके इस रोग से होने वाले भारी नुकसान से बचा जा सकता है। वे बताते हैं कि इस रोग के प्रबंधन के लिए रासायनिक उपायों के साथ कल्चरल विधि को अपनाकर रोग पर बहुत प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सकता है। रोगग्रस्त पत्तियों, टहनियों, कलियों और फलों को इकट्ठा करके जला देना चाहिए ताकि खेत में निवेशद्रव्य कम हो सके। पंद्रह दिनों के अंतराल पर कार्बेंडाजिम की 1 ग्राम मात्रा या हेक्साकोनाजोल की 1 मिली लीटर को प्रति लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करने से फूल के संक्रमण को नियंत्रित किया जा सकता है।

# आपसी मिल्लत की मिसाल बिस्मिल्लाह को हम भूल नहीं सकते

**उस्ताद बिस्मिल्लाह खां और शहनाई एक दूसरे के पयार्वाची बन गए हैं। विश्व में अगर कहीं शहनाई की चर्चा होगी तो वह बिना बिस्मिल्लाह खां के बिना अधूरी है। शहनाई नवाज भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां....आज इस दुनिया में नहीं हैं....मगर उनके द्वारा बजायी गई स्वरलहरियां आज भी उनकी यादों को ताजा कर जाती हैं। एक साधारण सी पिपही पर शास्त्रीय धुन छेड़कर दुनिया को संगीत के एक नए वाद्य से परिचित कराया और असंभव को संभव कर दिखाया।बाबा आज नहीं हैं, उन्हें भूलना भी नामुमकिन है। मगर उनकी यादों को सहेज कर रखने के लिए लगातार 25 वर्षों से ज्यादा समय से काम करता आ रहा हूं। गांव का कमरुद्दीन बन गया भारत रत्न बिस्मिल्लाह खां-जब कभी कोई बातें करे और उस्ताद की बातें मेरी जुबां पर नहीं आए ऐसा हो ही नहीं सकता और आज की तारीख में तो देश-दुनिया में लोग मुझे बिस्मिल्लाह खां के नाम से ही जानने लगे हैं। बिहार के बक्सर जिले के डुमरांव के ठठेरी मुहल्ले के किराए के मकान में 21 मार्च 1916 को बालक कमरुद्दीन का जन्म हुआ। अब्बा पढ़ा लिखाकर बड़ा आदमी बनाना चाहते थे। मगर महज चौथी तक की पढ़ाई करने वाला यही बालक आगे चलकर भारत रत्न शहनाई नवाज उस्ताद बिस्मिल्लाह खां बन गया। लगभग 150 देशों में अपने शहनाई वादन करने वाले बिस्मिल्लाह ने अपने जीवन में कई पुरस्कार और उपलब्धि अपने नाम किया मगर कभी भी लालच नहीं किया।**





**मुरली मनोहर श्रीवास्तव-**
**(लेखक उस्ताद के करीबी रहे हैं और उनके ऊपर शहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खां पुस्तक लिख चुके हैं )**

पूरी दुनिया में सद्भावना के लिए धार्मिक गुरु अपने धर्म के मूल बिंदुओं को अपने अनुयायियों को यह समझाने में लगे हैं कि मानवता ही इस धरती पर आने का मूल तत्व है। यह देश कि अपनी संस्कृति सद्भाव के साथ-साथ सर्व धर्म भाव की रही है। पुरातन काल में देव और दानवों के संघर्ष के बीच भी हमेशा सत्य की विजय हुई। मध्यकाल और आधुनिक काल में कई धर्मों के अस्तित्व की श्रेष्ठता को स्थापित करने के लिए एक दूसरे के ऊपर हावी होते रहे और जिसके परिणामस्वरुप धर्म की एक लकीर खींची गई। संगीत की गहराईयों में मिल्लत की पाठ-संगीत एक ऐसी विधा है जो दिल की गहराईयों से निकलकर मन मस्तिष्क को झंकझोरते हुए सुर के रुप में बाहर आता है। वाद्य यंत्र की उत्पति भी पुरातनकाल से ही है उसकी धुन भी वैमनस्य को हमेशा मिटाने का काम किया और आपसी मिल्लत का पाठ पढ़ाया। शहनाई वादन की धुन से कौन मुग्ध नहीं होता है। उस्ताद बिस्मिल्लाह खां और शहनाई एक दूसरे के पयार्वाची बन गए हैं। विश्व में अगर कहीं शहनाई की चर्चा होगी तो वह बिना बिस्मिल्लाह खां के बिना अधूरी है। शहनाई नवाज भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां....आज इस दुनिया में नहीं हैं....मगर उनके द्वारा बजायी गई स्वरलहरियां आज भी उनकी यादों को ताजा कर जाती हैं। एक साधारण सी पिपही पर शास्त्रीय धुन छेड़कर दुनिया को संगीत के एक नए वाद्य से परिचित कराया और असंभव को संभव कर दिखाया।बाबा आज नहीं हैं, उन्हें भूलना भी नामुमकिन है। मगर उनकी यादों को सहेज कर रखने के लिए लगातार 25 वर्षों से ज्यादा समय से काम करता आ रहा हूं। गांव का कमरुद्दीन बन गया भारत रत्न बिस्मिल्लाह खां-जब कभी कोई बातें करे और उस्ताद की बातें मेरी जुबां पर नहीं आए ऐसा हो ही नहीं सकता और आज की तारीख में तो देश-दुनिया में लोग मुझे बिस्मिल्लाह खां के नाम से ही जानने लगे हैं। बिहार के बक्सर जिले के डुमरांव के ठठेरी मुहल्ले के किराए के मकान में 21 मार्च 1916 को बालक कमरुद्दीन का जन्म हुआ। अब्बा पढ़ा लिखाकर बड़ा आदमी बनाना चाहते थे। मगर महज चौथी तक की पढ़ाई करने वाला यही बालक आगे चलकर भारत रत्न शहनाई नवाज उस्ताद बिस्मिल्लाह खां बन गया। लगभग 150 देशों में अपने शहनाई वादन करने वाले बिस्मिल्लाह ने अपने जीवन में कई पुरस्कार और उपलब्धि अपने नाम किया मगर कभी भी लालच नहीं किया। लेकिन जो आया है वो जाएगा, ये चिरंतन सत्य है, 21 अगस्त 2006 को वाराणसी में उस्ताद ने आखिरी सांसें ली.... समुदाय की परिधि से उपर थे उस्ताद-भारत रत्न शहनाई नवाज बिस्मिल्लाह खां ने अपने जीते जी उत्तर प्रदेश और बिहार दोनों की मिट्टी को एक समुदाय की मिट्टी से नहीं बल्कि सर्वधर्म के बिस्मिल्लाह बनके दफन हुए। बिहार के बिस्मिल्लाह ने साधारण जिंदगी जी कर अपने तथा अपने भाई के पूरे परिवारों की परवरिश करते रहे। कभी अपने संगीत के हूनर का उन्होंने अपने निजी हित के लिए उपयोग नहीं किया। उस्ताद के सानिध्य में समय गुजरने का ही नतीजा रहा कि खां साहब हमारे आदर्श बने गए।उस्ताद मुझे अपने औलाद की तरह स्नेह दिया करते थे। उनके ऊपर पुस्तक लिखने के दरम्यान मुझे उनके जीवन की कई बारीकियों को जानने और समझने का मौका मिला।जब कभी मौका मिलता उस्ताद से मिलकर वास्तविकता से रुबरु हुआ करता था। उनके जीवन को इतने करीब से देखा और महसूस कर हमें काफी शोध करने का मौका मिला।अपने बाल्यकाल में ही अपने घर डुमरांव में उस्ताद से उनका परिचय हुआ। तब कोई खास समझ नहीं थी। बस इतना ही पता था कि डॉ. शशि भूषण श्रीवास्तव की पहल पर ह्लबाजे शहनाई हमार अंगनाह्व फिल्म का निर्माण बस एक भोजपुरी फिल्म है। लेकिन वक्त के साथ बिस्मिल्लाह खां से मिले प्यार ने मुझे दीवाना बना दिया। जैसे ह्नजैसे सोच विकसित होती गई वैसे-वैसे सोच में आया बदलाव और वर्ष 1990 में उन पर पुस्तक की रचना कर डाली। वर्ष 2009 में ह्लशहनाई वादक उस्ताद बिस्मिल्लाह खांह्व पुस्तक के रुप में सबके सामने आयी। पुस्तक में उस्ताद के अनछुए पहलुओं से लोगों को रुबरु कराया, जिसे वर्ष 2009 में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, वर्तमान राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, प्रख्यात फिल्मकार प्रकाश ने इस पुस्तक का लोकार्पण किया।

# ग्लोबल वार्मिंग से निपटने की जरुरत

**जंगल की आगए चक्रवातए सूखा और बाढ़ जैसी जलवायु आपदाओं के साथ.साथ विगत वर्ष 2023 में वार्मिंग या उच्चतम उष्णता के कई रिकॉर्ड टूट गए। इस समयए वैज्ञानिकों की भागीदारी के साथ-साथ अक्सर इस बात पर भी चर्चा रही है कि क्या हमने 1.5 डिग्री सेल्सियस की वार्मिंग सीमा को पार कर लिया है। सबसे सटीक अनुमानए विभिन्न उपकरणों द्वारा रिकॉर्ड किए गए आंकड़ों से प्राप्त होता हैए जिसके अनुसार पृथ्वी का तापमान अभी इस सीमा के ठीक नीचे है। पैलियो प्रॉक्सीज कोरलए स्टैलेक्टाइट्स और स्टैलेग्माइट्स जैसे कार्बनिक पदार्थों में संग्रहीत रासायनिक साक्ष्य का उपयोग करके ऐतिहासिक तापमान रुझानों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। उनकी उपयोगिता के बावजूदए इन प्रॉक्सी की सीमाएँ हैं और ये तापमान परिवर्तन का केवल अप्रत्यक्ष प्रमाण प्रदान करते हैं। वर्तमान शोधकताओं द्वारा आत्मसात किए गए रासायनिक यौगिकों को पिछले तापमान के अनुमान के अनुसार सावधानीपूर्वक जांचते हैं। हालाँकिए ये प्रॉक्सी कारक स्थानीय तापमान की विसंगति का अनुमान लगाते हैं और उसे पूरी तरह से प्रतिस्थापित नहीं कर सकते हैं। इसके अलावाए नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन ने यह सुझाव देकर विवाद उत्पन्न कर दिया हैए कि पृथ्वी की सतह पहले से ही पैलियो.थमोर्मेट्री के आधार पर पूर्व.औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक गर्म हो चुकी है।**





**संजय गोस्वामी-**
**लेखक पत्रकार हैं**

ग्लोबल वार्मिंग स्थानीय परिस्थितियोंए ऐतिहासिक परिघटनाओं और अल नीनो जैसी प्राकृतिक परिवर्तनशीलता सहित विभिन्न कारकों से प्रभावित एक जटिल महासागरीय घटना है। वर्तमान वैश्विक लक्ष्य इस समय 1.5 डिग्री सेल्सियस तक तापमान सीमा को नियंत्रित करना है। अतः इस संदर्भ मेंए संबंधित जलवायविक आपदाओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए ग्लोबल वार्मिंग के पैटर्न को समझना अनिवार्य है। इसी संदर्भ में पैलियो प्रॉक्सीए वैज्ञानिकों द्वारा अतीत की जलवायु तथा पर्यावरणीय स्थितियों के पुनर्निर्माण के लिये उपयोग किये जाने वाले संकेतक या रिकॉर्ड हैं। जंगल की आगए चक्रवातए सूखा और बाढ़ जैसी जलवायु आपदाओं के साथ.साथ विगत वर्ष 2023 में वार्मिंग या उच्चतम उष्णता के कई रिकॉर्ड टूट गए। इस समयए वैज्ञानिकों की भागीदारी के साथ-साथ अक्सर इस बात पर भी चर्चा रही है कि क्या हमने 1.5 डिग्री सेल्सियस की वार्मिंग सीमा को पार कर लिया है। सबसे सटीक अनुमानए विभिन्न उपकरणों द्वारा रिकॉर्ड किए गए आंकड़ों से प्राप्त होता हैए जिसके अनुसार पृथ्वी का तापमान अभी इस सीमा के ठीक नीचे है। पैलियो प्रॉक्सीज कोरलए स्टैलेक्टाइट्स और स्टैलेग्माइट्स जैसे कार्बनिक पदार्थों में संग्रहीत रासायनिक साक्ष्य का उपयोग करके ऐतिहासिक तापमान रुझानों में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। उनकी उपयोगिता के बावजूदए इन प्रॉक्सी की सीमाएँ हैं और ये तापमान परिवर्तन का केवल अप्रत्यक्ष प्रमाण प्रदान करते हैं। वर्तमान शोधकताओं द्वारा आत्मसात किए गए रासायनिक यौगिकों को पिछले तापमान के अनुमान के अनुसार सावधानीपूर्वक जांचते हैं। हालाँकिए ये प्रॉक्सी कारक स्थानीय तापमान की विसंगति का अनुमान लगाते हैं और उसे पूरी तरह से प्रतिस्थापित नहीं कर सकते हैं। इसके अलावाए नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन ने यह सुझाव देकर विवाद उत्पन्न कर दिया हैए कि पृथ्वी की सतह पहले से ही पैलियो.थमोर्मेट्री के आधार पर पूर्व.औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक गर्म हो चुकी है। हालाँकिए इस अध्ययन की सीमित डेटा पर निर्भरताए वैश्विक रुझानों पर इसकी प्रयोज्यता को लेकर संदेहास्पद बनाती है। जलवायु विज्ञान में प्रगति के बावजूदए ग्लोबल वार्मिंग के पैटर्न को समझने में काई बाधाएं आज भी विद्यमान हैं। अल नीनो घटनाओं और क्षेत्रीय विविधताओं सहित वार्मिंग पैटर्न को प्रभावित करने वाले कारकों की जटिलताए शोधकताओं के लिए कई चुनौतियां उत्पन्न करती हैं। उदाहरण के लिएए भारत में वर्ष 2023 के मानसून का वितरण और तीव्रता स्पष्ट नहीं है। यह अस्पष्टताए अल नीनोए ग्लोबल वार्मिंग और स्थानीय जलवायु घटनाओं के बीच जटिल अंतरसंबंध को उजागर करता है। इसके अलावाए वार्मिंग पैटर्न की व्यापक समझ का अभाव जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की हमारी क्षमता को कमजोर करता है। अतः बदलते मौसम के अनुकूल ढलने और आजीविका सहित अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए वार्मिंग पैटर्न की सटीक भविष्यवाणी आवश्यक हैएअल नीनो घटनाएँ उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में गर्मी का पुनर्वितरण करके ग्लोबल वार्मिंग पैटर्न को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अल नीनो विभिन्न वर्षों के दौरानए समुद्र की गर्मी को अवशोषित करता है और उसे मुक्त भी करता हैए जिससे वैश्विक तापमान में उतार.चढ़ाव होता रहता है इसे टेलीकनेक्शन के रूप में जाना जाता है। अल नीनो घटनाओं के दौरान वार्मिंग का स्थानिक वितरण अलग.अलग होता हैए जिससे क्षेत्रीय जलवायु पर अलग.अलग प्रभाव पड़ता है। इसके अलावाए अल नीनो टेलीकनेक्शन विशिष्ट क्षेत्रों में तापमान विसंगतियों को बढ़ाने या कम करने के लिए ग्लोबल वार्मिंग से प्रत्यक्षतः संबंधित हैं। उदाहरण के लिएए अल नीनो द्वारा संचालित कैलिफोर्निया में हाल ही में आई बाढ़ए प्राकृतिक परिवर्तनशीलता और मानवजनित जलवायु परिवर्तन के बीच जटिल पारस्परिकता को रेखांकित करती है। इसीलिए वार्मिंग पैटर्न की सटीक भविष्यवाणी और संबंधित जोखिमों के प्रबंधन के लिए इन गतिशीलता को समझना अनिवार्य है। ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव क्षेत्रीय रूप से भिन्न होता है। यह स्थानीय अनुकूलन रणनीतियों की आवश्यकता को रेखांकित करता है। इस कारण आर्कटिक क्षेत्रों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में बढ़ी हुई गर्मी का अनुभव होता हैए जबकि तटीय क्षेत्रों में समुद्री प्रभावों के कारण इसके कम प्रभाव दिखते हैं। अतएव जलवायु अनुरूप अनुकूलन उपायों को विकसित करने और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम करने के लिए क्षेत्रीय परिवर्तनशीलता को समझना आवश्यक है। इसके अलावाए नीतिगत निर्णयों को सूचित करने और संसाधनों को प्रभावी ढंग से आवंटित करने के लिए क्षेत्रीय वार्मिंग पैटर्न की सटीक भविष्यवाणी आवश्यक है। क्षेत्रीय जलवायु मॉडल और अवलोकन डेटा को एकीकृत करकेए वैज्ञानिकय जलवायु अनुमानों की सटीकता बढ़ा सकते हैं और लक्षित हस्तक्षेप विकसित करने में नीति निमार्ताओं की सहायता कर सकते हैं। जलवायु मॉडल भविष्य में वार्मिंग पैटर्न की भविष्यवाणी करने और शमन उपायों के प्रभाव का आकलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये मॉडल वैश्विक जलवायु गतिशीलता का अनुकरण करने के लिए ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनए भूमि उपयोग परिवर्तन और प्राकृतिक परिवर्तनशीलता सहित विभिन्न कारकों को एकीकृत करते हैं। हालाँकिए मॉडल अनुमानों में अनिश्चितताओं के लिए अवलोकन संबंधी डेटा के विरुद्ध निरंतर शोधन और सत्यापन की आवश्यकता होती है। इसके अलावाए मशीन लर्निंग और डेटा एसिमिलेशन तकनीकों में प्रगति जलवायु मॉडल की सटीकता में सुधार और भविष्य के अनुमानों में अनिश्चितताओं को कम करने का वादा करती है। मॉडल सिमुलेशन के साथ अवलोकन संबंधी डेटा को एकीकृत करकेए वैज्ञानिक जलवायु पूवार्नुमानों की विश्वसनीयता बढ़ा सकते हैं और साक्ष्य.आधारित निर्णय लेने की जानकारी दे सकते हैं। ग्लोबल वार्मिंग के पैटर्न विभिन्न कारकों से प्रभावित होते हैंए जिनमें क्षेत्रीय परिवर्तनशीलताए अल नीनो जैसी प्राकृतिक घटनाएं और मानव.प्रेरित जलवायु परिवर्तन भी शामिल हैं। हालांकि 1.5 डिग्री सेल्सियस जैसी तापमान सीमाएं इस समय महत्वपूर्ण बेंचमार्क के रूप में काम करती हैं। इसके लिए प्रभावी जलवायु अनुकूलन और शमन के लिए वार्मिंग पैटर्न के स्थानिक वितरण और अस्थायी विकास को समझना आवश्यक है। पैलियो प्रॉक्सी के संभावित लाभ सहित जलवायु मॉडल को आगे बढ़ाना और अवलोकन डेटा को एकीकृत करकेए वैज्ञानिक ग्लोबल वार्मिंग पैटर्न के बारे में हमारी समझ को बढ़ा सकते हैंए साथ ही भविष्य के अनुमानों की सटीकता में सुधार कर सकते हैं। इसके अलावाए जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए समग्र समाधान विकसित करने के लिए अंतःविषय सहयोग और हितधारक जुड़ाव अनिवार्य हैं। अंततः पैलियो प्रॉक्सी अध्ययन को प्राथमिकता देकर और मजबूत वैज्ञानिक अनुसंधान में निवेश करकेए हम जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों को कम कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक सुरक्षित भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

# अकबर की अम्मी का रामायण प्रेम

**अजय दीक्षित-**

कम लोगों को मालूम होगा कि अकबर की अम्मी ने वाल्मीकि रामायण का फारसी में अनुवाद करवाया था। उस अनुवाद की कॉपी कहते हैं कि कतर की राजधानी दोहा के म्यूजियम में सुरक्षित है। इस्लामी आर्ट के इस संग्रहालय में यह अनोखी धरोहर मौजूद है। कहते हैं कि अकबर के आदेश पर बाल्मीक रामायण का अनुवाद शिष्ट फारसी में किया गया था। पहले इसका अनुवाद हिन्दी में हुआ फिर बोलचाल की फारसी में और फिर शिष्ट फारसी में। इसके लिए जो पंडित या मौलवी लगाये गये थे वह बहुत बड़े विद्वान थे, अपने-अपने क्षेत्र के। कहते हैं कि अकबर के दरबार में नियमित विभिन्न धर्मों सम्प्रदायों के जानकार इकट्ठा होते थे और फिर वे परस्पर विचार विमर्श करते थे। यह भी कहा जाता है कि अकबर ने सुहैल कुल नाम से जो सम्प्रदाय चलाया था उसमें सभी धर्मों और सम्प्रदायों की अच्छी-अच्छी बातें ग्रहण कर ली गई थीं। यह दूसरी बात है कि सनातन धर्म मुगल आक्रांताओं के निरन्तर प्रहार के बाद भी स्थिर रहा क्योंकि इस धर्म के अनुयायी जुल्म सहकर भी अपनी आस्था में अडिग रहे। अकबर ने हिन्दू धर्म स्थलों/तीर्थों की यात्रा करने वालों पर जो टैक्स लगाया था उससे भी यह आस्थावान विचलित नहीं हुये। अकबर की अम्मी हमीदा बानो बेगम ने फारसी जिस जिल्द में अनुवाद करवाया है, उसमें कहते हैं, चित्रकारी भी है। पहले छपाई की व्यवस्था नहीं थी। तो जो अच्छी हैंडराइटिंग में लिख सकते थे उन्हें कैलीग्राफर कहते हैं। परशियन आर्ट के जानकारों ने इस अनुवाद की प्रति को चित्रकारी से सजाया। बाद में बहुत से मुगल दरबारियों ने इस अनुवाद की कॉपी करके अपनी- अपनी प्रतियां बनवाईं। हमीदा बानो बेगम अकबर की दूसरी पत्नी थीं। उनके इंतकाल के बाद उन्हें ह्लमरियम मकानीह्व की पदवी दी गई। हमीदा बानो बेगम ने जो अनुवाद करवाया था, उसकी मूल प्रति में 450 फोलियो हैं और 56 पेंटिंग हैं। कहते हैं कि यह पेंटिंग सोने के पानी से सजाई गई हैं। बाल्मीकि रामायण के सर्ग और श्लोकों का हू-ब-हू अनुवाद किया गया है। सबसे पहले लिखा गया है-- वह अल्लाह आलम बी-- अल स्वाबी जिसका अर्थ होता है और ईश्वर जानता है सब कुछ ह्लवा अल्लाह आलम बि-अल सवाबीह्व अंग्रेजी में इसका अर्थ हैह्व और भगवान सबसे अच्छा जानता है। 1604 में यज्ञ ग्रन्थ मुगल लाइब्रेरी में रखा गया और 1604 में उनकी मृत्यु के बाद यह दोहा के संग्रहालय में है। कहते हैं यह सुन्दर कैलीग्राफी में शुद्ध फारसी में लिखी प्रति सन् 1594 में पूरी हो पाई थी। अकबर ने अपने कार्यकाल में अनेक संस्कृत धर्म ग्रन्थों और काव्यों का अनुवाद करवाया था। इस ग्रन्थ फारसी में अनुदित ग्रन्थ में राम को तो राम ही लिखा गया है परन्तु दशरथ को जशरथ कहा गया है। कहते हैं हमीदा बानो बेगम सीता द्वारा उठाये गए कष्टों के कारण स्वयं भी पीड़ा महसूस करती थी। अकबर के समय में और भी संस्कृत ग्रन्थों का अनुवाद हुआ है और हिन्दू देवी देवताओं को आदम खुदा अबू बसर आदि के रूप में वर्णित किया गया है। आज देश में जो साम्प्रदायिक माहौल में उबाल आ रहा है, उसमें ऐसे तथ्यों से कुछ उबाल कम होगा, यह उम्मीद की जानी चाहिये। (उपरोक्त विवरण टाइम्स ऑफ इण्डिया के ग्वालियर संस्करण के दिनांक 16 फरवरी, 2024 में छपी रिपोर्ट के आधार पर है)

# होली पर्व को लेकर डेहरी में रेल यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



प्रात: किरण संवाददाता

डेहरी (रोहतास)। होली पर्व के भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के डेहरी ऑन सोन स्टेशन पर आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक व मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में रेल यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया।

जिसमें रेलवे की सुरक्षा एवं संरक्षा हेतु यात्रियों को सुझाव दिया गया, तथा सुरक्षित व सुखद यात्रा को लेकर रेल प्लेटफार्म पर यात्रियों के बीच टिप्स भी दिए गए। तथा आए दिन हो रहे रेल दुर्घटनाओं से बचने के लिए रेल पुल का उपयोग करने तथा अनाधिकृत रेलवे ट्रैक पार नहीं करने एवं चलती रेलगाड़ियों के ऊपर पत्थर नहीं चलाने की सलाह दी गई।

वही, संस्था के राष्ट्रीय सलाहकार नीतीश कुमार ने बताया कि सुरक्षित यात्रा के लिए बिना टिकट के यात्रा न करें, तथा भीड़ को देखते हुए काम से काम समान लेकर ही यात्रा करें, तथा रेलगाड़ी व रेल परिसर को साफ सुथरा व स्वच्छ रखने की बात कही तथा रेलवे के किसी भी सहायता के लिए टॉल फ्री नंबर 139 पर कॉल करने तथा उसके बारे में बताया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी ऋतुराज उपाध्याय ने बताया कि आ रहे त्योहार में तथा भीड़भाड़ वाले स्थान पर हमे अपने परिवार का विशेष ध्यान रखें क्योंकि मौके की तलाश में मानव तस्करी गिरोह सक्रिय हो जाती है और हम अपनी थोड़ी सी लापरवाही के कारण अपने परिवार के सदस्य को को देते हैं। इस अभियान में संस्था के अरुण कुमार राम, सुनीता देवी तथा आरपीएफ के सहायक मनोज कुमार चौधरी, संतोष कुमार, बीके सिंह, एमके दूबे, एसएच सिद्दीकी व अन्य यात्री उपस्थित थे।

## होली पर्व को लेकर बाजार में भी सजने लगी हैं दुकानें



बिक्रमगंज (रोहतास)। बिक्रमगंज अनुमंडल में रंग गुलाल का त्योहार होली को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। शहर से लेकर गांव देहात के बाजारों व चौक चौराहो पर रंग, अबीर व पिचकारी की दुकानें सजने की तैयारी में है। साथ हीं किराना दुकनदारों ने भी रंग, अबीर के अलग-अलग रेंज मंगा कर उसकी बिक्री शुरू कर दी है। वहीं खरीदारी को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। होली पर्व का लोगों में उत्साह बढ़ता हीं जा रहा है। जिसको लेकर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक होली के गीत बजने लगे हैं। वहीं युवा होली गीत की मस्ती में अभी से झूमने लगे हैं। गीतों में हिंदी फिल्मी गीत के साथ-साथ भोजपुरी लोक गीतों ने भी होली का एहसास कराना शुरू कर दिया है। वहीं सड़क पर गुजर रहे राहगीर भी इसका खूब आनंद उठा रहे हैं। इन दिनों सभी जगहों से आने जाने वाले लोगों के कपड़ो पर भी होली का रंग चढ़ा हुआ देखने को मिल रहा है। होली पर्व को लेकर युवा वर्ग के लोग विभिन्न तरीके के टोपी व मुखौटों की खरीदारी शुरू कर दी है।

## पूर्वी गुंडी पंचायत में मनाया गया होली मिलन समारोह

प्रात: किरण संवाददाता



भोजपुर। गुड्डी पंचायत में कृष्ण भगवान की परागण में होली मिलन का आयोजन किया गया पूर्वी गुंडी पंचायत के मुखिया रेखा पंडित और मुखिया प्रतिनिधि भाजपा नेता आनंद गोपाल पंडित की सौजन्य से होली मिलन का आयोजन किया गया जिसमें 6 घंटे का हरि कीर्तन का आयोजन भी किया गया।

गुड्डी पंचायत के ग्रामीण इस कार्यक्रम में ब हिस्सा लिए कीर्तन के मंडली के रामधारी राय उर्फ साधु जी पूरी टीम कीर्तन किया गायक नेपाली तबला सूर्यनाथ बैंजो पर सुरेंद्र ढोलक पर छोटेलाल राय गणेश ठाकुर और झाल पर पूरा टीम हर कीर्तन किया पूर्वी गुड्डी पंचायत के भाजपा नेता मुखिया प्रतिनिधि आनंद गोपाल पंडित ने बताया कि कि हम लोग हमेशा इस मंदिर के परागण में कीर्तन एवं होली मिलन का कार्यक्रम करते हैं।

जिसमें एक दूसरे को अभी गुलाल लगाकर शुभकामना देते हैं और हमारा गांव भेज जुलकर होली मनाते राम जी व्यवस्थापक राज नारायण महाराज पुजारी राजू पाठक लाल बहादुर दीनानाथ नन्नू इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग रहा कार्यक्रम के समापन में वितरण किया गया इस कार्यक्रम के धन्यवाद मुखिया प्रतिनिधि आनंद गोपाल ने किया।

## अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने वालों की अब खैर नहीं

संझौल (रोहतास): प्रखंड संझौली के ग्राम पंचायत उदयपुर अंतर्गत कनीय विद्युत अभियंता संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन कर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें पाया गया कि ग्राम उदयपुर के तीन उपभोक्ताओं द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। बता दें कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपभोग करने को लेकर खुर्शीद अंसारी पर 7 हजार 282, निरंजन कुमार पर 36 हजार 974 रुपए आर्थिक दंड लगाई गई है। ऊक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास करने के कारण वास्तविक पठन अवरुद्ध हो रहा था।

आगे बताते चले कि बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर ग्राम उदयपुर के ही रहने वाले बिजेंद्र चौधरी पर 18 हजार 231 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। श्री चौधरी द्वारा प्राथमिकी दर्ज होने तक विद्युत संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नहीं दिखाई गई। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें। कनीय विद्युत अभियंता संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के द्वारा उपभोक्ताओं से आग्रह की गई है कि जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें तथा जो व्यक्ति बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी अभियुक्तों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत संझौली थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मौके पर जांच दल में क्षेत्रीय मिस्त्री चन्देश प्रजापत्ति, राम अवधेश प्रजापत्ति, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने सोन नद से एक अज्ञात महिला का शव किया बरामद

नसरीगंज (रोहतास): पुलिस ने सोन नदी से एक अज्ञात महिला का शव किया बरामद। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि अज्ञात महिला के शव को बोरा में बांधकर सोन नदी में फेंका गया था। जिसकी सूचना दाऊदनगर थानाध्यक्ष के द्वारा नासरीगंज पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर नासरीगंज थाने की पुलिस पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अज्ञात महिला के शव को थाना लाया। जानकारी देते हुए नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि इस घटना की सूचना दाऊदनगर थानाध्यक्ष के द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया अज्ञात महिला के शव को देखने से अज्ञात महिला का शव दो-तीन दिन पहले का प्रतीत हो रहा है। श्री कुमार ने कहा कि अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त नही हो पाई। उन्होंने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अज्ञात महिला के शव को अंत्य परीक्षण कराने के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया गया।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान में कटा चालान, वसूला गया जुर्माना

बिक्रमगंज (रोहतास)। बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय के दिशा - निर्देश पर नगर परिषद बिक्रमगंज अंतर्गत आरा-सासाराम रोड में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। उक्त दौरान नो पार्किंग में खड़े कुल 118 वाहनों से कुल 1 लाख 96 हजार 500 रुपये का चालान काटा गया तथा अतिक्रमणकारियों से भी कुल 21 हजार 800 रुपये का चालान काटा गया। इसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार संजय ने दी।

### पुलिस ने साढ़े 4 किलो गांजा साथ 4 तस्कर को किया गिरफ्तार

सूर्यपुरा (रोहतास): पुलिस ने गांजा के साथ चार तस्कर को किया गिरफ्तार। जानकारी देते हुए सूर्यपुरा थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी ज्योति कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बलिहार निवासी विनोद चौधरी, लल्लू चौहान, पंचमी चौधरी एवं सुनील चौधरी के पास से कुल मिलाकर साढ़े 4 किलो गांजा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त मामले में पुलिस ने चार गांजा तस्कर को भी गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज करते हुए जांच के उपरांत जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार सभी गांजा तस्कर बलिहार गांव के ही रहने वाले बताए जाते है।

### दिनारा पुलिस ने चलाया वाहन जांच, काटा ऑनलाइन चालान

दिनारा (रोहतास): दिनारा पुलिस ने वरीय अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र के तीनों चेकपोस्ट पर पुलिस अधिकारियों द्वारा वाहन जांच की गई। जिस दौरान पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से 17 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान काटकर सभी वाहनों को मुक्त किया। उन्होंने कहा कि वाहन जांच अभियान निरंतर चलते रहेगा।

### दो पक्षों के बीच मारपीट में प्राथमिकी दर्ज

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थाना के जितवाड़ीह गांव में दो पक्षो के बीच मारपीट हो गया मारपीट में एक पक्ष के तीन लोग और एक पक्ष के कुल दो लोग जख्मी हो गये। सभी का इलाज सीएससी नावानगर में कराया गया। इसको लेकर एक पक्ष के सोनी देवी द्वारा अमित कुमार, कृष्णा सिंह समेत पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है वही दूसरे पक्ष के लक्ष्मीना देवी द्वारा हरिहर सिंह समेत चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए एक पक्ष के अमित कुमार सिंह और दूसरे पक्ष के हरिहर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है इसकी पुष्टि करते हुए नावानगर थानाध्यक्ष नन्दु कुमार ने बताया कि दोनो पक्षो के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ओवर लोड बालू लदे ट्रक जब्त

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थानाध्यक्ष नन्दु कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सिकरौल मोड़ से एक ओवरलोडेड बालू लदे ट्रक को जब्त किया है। साथ ही पुलिस ने उसके चालक को भी हिरासत में लिया है। चालक बक्सर इंडस्ट्रियल एरिया थाना बेलावरा गांव निवासी हरेंद्र यादव बताये जा रहा है। पुलिस ने जप्त ट्रक पर जुमार्न लगाने के लिये जिला को भेज दिया है। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि डुमरांव बिक्रमगंज पथ पर सिकरौल मोड़ के पास से एक ओवरलोड बालू लदे ट्रक को जप्त किया गया है जिसपर जुमार्ना लगाने हेतु जिला को भेजा गया है। साथ ही ट्रक चालक को भी हिरासत में लिया गया है।

## एनसीसी बटालियन का सीओ ने किया वार्षिक निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) बिहार एनसीसी बटालियन का वार्षिक निरीक्षण बुधवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय, परिसर में 164/42 में ब्रिगेडियर सह कमांडर एनसीसी ग्रुप कर्नल धर्मेन्द्र सिंह मल्लिक द्वारा किया। अवसर पर एनसीसी लाइन में ग्रुप कमांडर को स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने गार्ड कमांडर पुष्पा कुमारी के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वही निरीक्षण मौके पर एनसीसी अधिकारी ने विद्यालय में एनसीसी से संबंधित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

ग्रुप कमांडर ने एनसीसी के अधिकारियों व प्रशिक्षक को संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए बताया कि युवाओं से देश को काफी उम्मीद है। युवा बेहतर ढ़ंग से प्रशिक्षण लेकर देश और समाज की सेवा कर्तव्यनिष्ठ होकर करें। हर वर्ष एनसीसी की ओर से प्रशिक्षण देने के बाद परीक्षा आयोजित की जाती है। इसमें बेहतर करने वाले कैडेट को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। प्रमाण पत्र के आधार पर कई सरकारी सेवाओं के चयन के लिए आयोजित परीक्षा में बोनस अंक मिलता है। बताया कि हर वर्ष ग्रुप में कैडेटों को प्रोत्साहित कराने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मौके पर कर्नल का स्वागत करते हुए एनसीसी कैडेटों अच्छा कार्य करने का भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि एनसीसी बटालियन अंतर्गत रोहतास व कैमूर जिला के विभिन्न विद्यालय से कैडेटों की भर्ती लेकर उन्हें ट्रेनिग दी जाती है। कार्यक्रम मौके पर एनसीसी एएनओ अरुण कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक रवि चौधरी, शिक्षक सुनील दूबे, रंजन कुमार, शत्रुघ्न साह, धर्मराज सिंह सहित एनसीसी कैडेट रौशनी कुमारी, श्रृष्टि कुमारी, खुशबू कुमारी, आरिफ शफी, सुधांशु प्रकाश मिश्रा, आशीष कुमार, रात्रि प्रहरी भोला खां उपस्थित थें।

## मतदाता जागरूकता अभियान तहत सेमिनार का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास)। स्थानीय शहर के इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के सभागार भवन में इंटर खंड के प्राचार्य शशिरंजन कुमार की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता अभियान तहत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जबकी संचालन प्रो अभिषेक कुमार ने किया। सेमिनार को सम्बोधित करते हुए वक्ताओ ने छात्राओ को वोट देने के प्रति जागरूक किया। वक्ताओ ने छात्राओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर वयस्क नागरिक को अपने मतदान के प्रति जागरूक होना चाहिए। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है इसलिए लोकतंत्र के इस पर्व मे बड़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। छात्राओ को सम्बोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि हर नागरिक को अपना मत दना चाहिए। मतदान के दौरान अपने दिल की बात सुनकर ही मतदान करना चाहिए। कोई भी व्यक्ति किसी के पक्ष मे मतदान करने के लिए दबाव बनाता है तो वोटर को तुरंत अपने अधीनस्थ थाना, अनुमंडल पदाधिकारी या जिले के वरीय पदाधिकारी से दूरभाष या व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। ऐसे शिकायतो पर प्रशासन भी तुरंत कार्रवाई करती है। सेमिनार को सम्बोधित करने वाले वक्ताओं में प्रो अनिल कुमार सिंह, प्रो मनोज कुमार सिंह, प्रो उषा सिंह, प्रो रेनूबला कुमारी, कमलेश सिंह, योगेन्द्र प्रताप सिंह, असगर आलम, युगल किशोर सिंह, इंदु देवी उपस्थित थे। साथ ही साथ मौके पर छात्रा निशा कुमारी, काजल कुमारी, वन्दना कुमारी सहित महाविद्यालय के सभी छात्रा शामिल हुए।

## अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन का चला पुनः बुलडोजर, वसूला जुर्माना

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के मुख्य तेंदुनी चौक को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए जहां एसडीएम अनिल बसाक दिन-रात लगे है। वही प्रशासन द्वार जारी दिशा निर्देश के बातों को दरकिनार कर अतिक्रमणकारी अपनी मनमानी करते भी लगे है। जिस गंभीर समस्या से को देखते हुए मंगलवार को एसडीए ने स्थानीय प्रशासन व पुलिस बल के साथ शहर में अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण को हटवाया। इस दौरान एसडीएम ने अतिक्रमण करने वालों दुकानदारों सहित आमजन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी ने भी सड़क पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने के साथ उनके सामान को जब्त कर लिया जाएगा। दूसरी तरफ अभियान चलाते हुए आरा-सासाराम रोड में नो पार्किंग में खड़े कुल 118 वाहनों से 1 लाख 96500 रुपये का चालान काटा गया। साथ ही अतिक्रमणकारियों से 21800 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि शहर को अतिक्रमणमुक्त व स्वच्छ-सुंदर बनाने में स्थानीय प्रशासन का सहयोग करें। क्योंकि लोगों की एक अच्छी पहल से आमजनों को जाम की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल सकती है।

## होली पर्व को लेकर एसडीएम ने शांति समिति की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) अनुमंडलीय पदाधिकारी के नेतृत्व में बुधवार को स्थनीय थाना परिसर में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की हुई बैठक। वही होली पर्व से पहले शराब का सेवन करने वालों व शराब धंधेबाज व डीजे बजाने वाले संचालक के विरुद्ध सख्त रहने की बात एसडीएम अनिल बसाक द्वारा कही गई। उन्होंने एसडीपीओ कुमार संजय सहित अनुमंडल क्षेत्र के सभी विभागीय पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए आमलोगों से मिल सहयोग करने का अपील की। बैठक उपरांत प्रखंड क्षेत्र के पंचायत व नगर परिषद के विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित आमजन ने एसडीएम से रूबरू होते हुए होली पर्व को लेकर समस्या को रखा। जिनके बातों पर अमल करते हुए उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को लोगों की समस्या निराकरण को लेकर विशेष निर्देश दिया। साथ ही होली को महान त्योहार बताते हुए कहा कि यह पर्व एक दूसरे को रंग- गुलाल लगाते हुए स्नेह के प्यार में जोड़ने का प्रतीक हैं। जिस पर्व को सभी लोगों को शांति सौहार्द के साथ माननी चाहिए। होली के दिन यदि किसी प्रकार की कहीं कोई गलत घटना या अपराध ना हो इसकी उचित व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई है। मौके पर डीसीएलआर संतोष कुमार, पीजीआरओ त्रिलोकी नाथ सिंह, बीड़ीओ अमित प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष ललन कुमार व अनुमंडल क्षेत्र के सभी पदाधिकारी सहित मदन प्रसाद वैश्य, वार्ड सदस्य शेरा खां, पूर्व सभापति गुप्तेश्वर गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## होंडा सिटी कार से डेढ़ लाख रुपये की शराब बरामद

आरा। मद्य निषेध विभाग की टीम ने बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर आरा-बक्सर फोरलेन के बामपाली मोड़ के समीप से होंडा सिटी कार में शराब लेकर जा रहे एक शराब तस्कर को पकड़ा है। आगामी होली पर्व को लेकर दूसरे राज्यों से लाकर बिहार में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मद्य निषेध विभाग को सूचना मिली थी कि एक होंडा सिटी कार आरा की तरफ आ रही है जिसमें बिक्री के लिए शराब ले जाया जा रहा है। मौके पर पहले से तैनात मद्य निषेध विभाग की टीम ने कार को आते देख उसे रोका और कार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान टीम को दिल्ली नंबर होंडा सिटी कार में पिछले सीट के पीछे तहखाने में छिपाकर रखे शराब बरामद हुए जिसके बाद मद्य निषेध विभाग की टीम ने कारवाई करते हुए कार के चालक को कार के सहित गिरफ्तार कर लिया है।

## पशुओं से भरी पिकअप जब्त, चालक फरार



दुर्गावती। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मनाशा बाजार के समीप एनएच दो पर उत्तर प्रदेश की ओर से आ रही एक पशुओं से भरी पिकअप का एक्सल टूट गया। जिससे पशुओं से भरी पिकअप हाईवे पर ही खड़ी हो गई। इधर पिकअप के पास ग्रामीणों की भीड़ जुटते हीं मौके से पशु तस्कर भाग खड़े हुए। सूचना मिलने के बाद पहुंची दुर्गावती पुलिस ने पशु सहित पिकअप को जप्त कर लिया। वहीं पुलिस के द्वारा एनएचआई पेट्रोलिंग टीम को बुलाकर क्रेन की मदद से पशु सहित पिकअप को थाने लाया गया। जानकारी के अनुसार तस्करों के द्वारा पिकअप में करीब 5 से 7 पशुओं को भरकर उत्तर प्रदेश की ओर से बिहार सीमा में प्रवेश कर दुर्गावती की ओर ले जाया जा रहा था।

## कानू हलुवाई वैश्य महासभा के तत्वाधान में नेशनल गेम्स की कांस्य पदक विजेता अन्नू गुप्ता को किया गया सम्मानित



कैमूर। जिले के दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत दुर्गावती बाजार में दुर्गा जी के मंदिर प्रांगण में बुधवार को कानू हलुवाई वैश्य महासभा के तत्वाधान में मिनी ओलंपिक नेशनल गेम्स की कांस्य पदक विजेता अन्नू गुप्ता को अंग वस्त्र एवं फूल की माला से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्गावती प्रखंड प्रमुख श्याम कुमार साह तो वही संचालक कल्याणपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सजीवन साह के द्वारा किया गया। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोगों के द्वारा अन्नू गुप्ता को अंग वस्त्र और फूल की माला से सम्मानित किया गया। वही अन्नू गुप्ता ने कहा की एक गरीब परिवार मे जन्म लेकर काफी संघर्षो के बदौलत और समाज के लोगों के सहयोग से आज इस मुकाम तक पहुंची हूं। उन्होंने कहा कि हमारी बहनों को निरंतर संघर्ष करना चाहिए समस्या कभी भी प्रतिभा को चुनौती नहीं दे सकती इसलिए यदि हमारे अंदर प्रतिभा है तो हम चाहे किसी भी परिस्थिति में हो हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं उन्होंने अपने गांव समाज के लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारे पंचायत के पूर्व मुखिया एवं हमारे समाज के लोग हमारी आर्थिक स्थिति को देखते हुए मुझे खाने-पीने के लिए काजू, किशमिश, बादाम एवं दूध का प्रबंध किए आज मैं उन सभी लोगों को दिल से आभार प्रकट करती हूं, जिनके द्वारा मुझे आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किया गया, वहीं कार्यक्रम के आयोजक दुर्गावती प्रखंड प्रमुख श्याम कुमार साह ने कहा कि आज अन्नू गुप्ता के सम्मान समारोह का जो आयोजन किया गया है इसका मुख्य उद्देश्य है कि हमारे प्रखंड के जो भी बच्चे एवं बच्चियां हैं वे कठिन परिश्रम करें और खेल के प्रति जागरूक हो कर अपना और अपने परिवार के साथ दुर्गावती प्रखंड एवं बिहार का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि दुर्गावती प्रखंड में खेल को बढ़ावा देने के लिए जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी मेरे द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर कानू हलुवाई वैश्य महासभा के जिला अध्यक्ष रमाकांत गुप्ता, मोहनिया प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, रामगढ़ के पूर्व मुखिया पप्पू गुप्ता, मदन कुमार, जगनारायण टाइगर एवं बहादुर साह सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विश्व गौरैया दिवस पर जागरूकता चौपाल कार्यक्रम आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता




कैमूर। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर चैनपुर प्रखंड के मेढ़ गांव में पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार के नेतृत्व में गौरैया संरक्षण को लेकर जागरूकता चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें ग्रामीण के युवाओं ने पेंटिंग, स्लोगन, अपने हाथों के द्वारा घोसला का निर्माण, पानी रखने के लिए मिट्टी का चकोर आदि किया गया। इस चौपाल के दौरान सभी ग्रामीण युवाओं के बीच गौरैया संरक्षण को लेकर इस पर चर्चा करते हुए। पर्यावरण प्रेमी शिवम कुमार ने बताया कि जिसमें खुद से घौंसला बना कर कई विभिन्न पेड़-पौधों व जगहों पर रखा गया। घर-आंगन में चहकने-फुदकने वाली छोटी-सी, प्यारी-सी चिड़िया गौरैया की चहचहाहट हम सभी के बचपन एवं जीवन का हिस्सा रही हैं। परंतु बाद में वह हमसे रूठ गई, क्योंकि हमने उसका ध्यान रखना छोड़ दिया था।

देश की खेती-किसानी में रासायनिक उर्वरकों का बढ़ता प्रयोग बेजुबान पक्षियों और गौरैया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया है। इसलिए जैविक खेती को चुनें, यह गौरैया के साथ हमारे लिए भी लाभकारी है। गौरैया इंसान की सच्ची दोस्त भी है और पर्यावरण संरक्षण में उसकी खासी भूमिका भी है। इनके लिए अपने घरों के पास झाड़ीदार पौधे जैसे - समी, मधुमालती आदि लगाएं। गौरैया के संरक्षण के लिए हमें प्राकृतिक संरचनाओं को संरक्षित करने, उनके घरों की सुरक्षा करने और उनके जीवन की सहायता करने की आवश्यकता है। गौरैया को किसान का मित्र, कीट - भक्षक और बचपन का साथी कहा जाता है. यह किसानों के फसल को अल्फा और कटवर्म कीड़े से बचाती है। इसलिए इसके संरक्षण को आगे आएं। अपने छतों पर दाना - पानी जरुर रखें। तो आइये इस गौरैया दिवस के अवसर पर संकल्प लें कि इस नन्ही-प्यारी दोस्त गौरैया का ख्याल रखेंगे। बिहारी होने के नाते राजकीय पक्षी के प्रति यह हमारी जिम्मेदारी भी है। तो आइये गौरैया मित्र बनें हम सभी। हम सभी स्वयंसेवकों ने घौंसला बना कर पक्षीयों को रहने के लिए कई विभिन्न जगहों पर लगाया जा रहा है। यह दिवस गौरैया के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उसके संरक्षण के लिए मनाया जाता है। बढ़ते प्रदूषण सहित कई कारणों से गौरैया की संख्या में काफी कमी आई है और इनके अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। पक्षियों को बचाने के लिए नई पीढ़ी को दाना और पानी डालने की परंपरा जीवित करना है। कई पक्षी विलुप्त होने के कागार पर है। समय रहते हुए अगर नहीं बचाएं तो इस प्यारी-सी गौरैया फोटो या गुगल में ही देखना पड़ सकता है। पर्यावरण संरक्षण करें क्योंकि पर्यावरण हैं तो हम सभी का जीवन धरती पर हैं नहीं तो जीवन संकट में पड़ सकता है। बेजुबान पक्षीयों की रक्षा करना हमारा कर्तव्य धर्म हैं। पक्षियों को बचाने के लिए नई पीढ़ी को दाना और पानी डालने की परंपरा जीवित करना होगा। इस कार्यक्रम के दौरान मौके पर मौजूद स्वयंसेवक बम कुमार, अरविंद कुमार व ग्रामीण के सभी लोग आदि उपस्थित रहें।

## भभुआ विधानसभा के नउवांझौटी गांव की मालती देवी का हुआ निधन

कैमूर। भभुआ विधानसभा के नऊवाझौटी गांव में मुन्ना गोंड की पत्नी मालती देवी की तबीयत खराब होने पर मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर बसपा सासाराम लोकसभा प्रत्याशी संतोष कुमार अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक परिजनों को सांत्वना देते हुए इस दुखद घड़ी में ईश्वर से धैर्य रखने की कामना किया है। बसपा प्रत्याशी संतोष कुमार के साथ ग्राम पंचायत कुड़ासन के मुखिया प्रतिनिधि मिथुन पासवान, बसपा प्रदेश सचिव राम इकबाल राम, बिगाऊ पटेल, रामानंद गोंड, पिंटू बिंद, अरुण खरवार, विनय कुमार, अंशु अनमोल, विनोद कुमार, रविंद्र कुमार सहित आदि लोगों ने भाग लिया। बसपा प्रत्याशी संतोष कुमार ने विभिन्न गांव का दौरा किया। जिसमें चैनपुर विधानसभा के सोनाव गांव निवासी शिवचरण राम के पुत्र किरावन राम बोरा गिरने से निधन हो गया था।

## सभी विभागे के मेकर, चेकर एवं अप्रूवर को दिया गया प्रशिक्षण



आरा। स्थानीय नागरी प्रचारिणी सभागार, आरा मे भोजपुर जिला के सभी विभागे के मेकर, चेकर एवं अप्रूवर को C.F.M.S. 2.O प्रशिक्षण (सैद्धांतिक) का प्रशिक्षण दिया गया।

वित्त विभाग का इकाई कोषागार कार्यालय, भोजपुर के द्वारा वित्तीय कार्यो में क्या-क्या परिवर्तन किया गया है अथवा पूर्व में सीएफएमएस के द्वारा क्या कार्य किया जा रहा था एवं उसमें क्या बदलाव किया गया है से संबंधित कार्यो के बारे में एक-एक कर जानकारी प्रदान की गई। सहायक कोषागार पदाधिकारी, भोजपुर द्वारा बताया गया कि वित्तीय कार्य हेतु सीएफएमएस प्रणाली की आवश्यकता है। सभी विभागों को इसकी प्रशिक्षण सरलता से दिया जाएगा, किसी भी विभाग को कोई भी कठिनाई हो तो उसका त्वरित निष्पादन /जानकारी उनको दी जाएगी।

## रहमतो वाला माहे रमजान प्यार का देता है संदेश

नावानगर (बक्सर) रहमतो और बरकतो का महीना है रमजान इसी माह मे कुरान का मुअकल हुआ। यानी हम मुसलमानो को खुदा का बातें वाली किताब कुरान कुरान हम सबो को नसीब हुआ इसलिए यह महीना हम सबो के लिए बिशेष है। उक्त बाते नावानगर मजिस्द मे नामाज अदा करने के बाद मजिस्द के ईमाम सजाद आलम, डा. अजफर हुसैन ने अपने संबोधन मे कही इस्लाम धर्म के अनुसार यह महीना अच्छे कामों का फल देने वाला होता है। इसी वजह से इसे फल देने वाला महीना भी कहा जाता है। इसी महीने मे पवित्र कुरान नाजिल हुआ। जिसमे मनुष्य व हम मुस्लिमों को जीने की अदब और मुकम्मल निजाम हयात है। जो अच्छे बुरे और सही गलत की तमीज इसी कुरान ने दी महिलाओं आमजनों तथा पडोसियों के अधिकार से जुडी शिक्षा यह कुरान हमे देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में एक युवक हुआ घायल

शेरघाटी।भूमि विवाद को लेकर हुआ मारपीट शहर के सामोद बीघा गांव की रहने वाली कविता देवी ने भूमि विवाद में बेटे के साथ मारपीट करने के आरोप में अपने पड़ोसियों के विरुद्ध थाने में शिकायत किया है।पुलिस से की गई शिकायत में उन्होंने कहा है, कि मेरा पुत्र अपने जमीन में पिलर गाड रहा था। इसी बात को लेकर पड़ोसियों ने उसके साथ मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।जिसका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। इधर पुलिस ने महिला के शिकायत के बाद मामले की छानबीन शुरू कर दिया है।

### पुलिस ने एक देशी कट्टा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

अरवल। जिले के कुर्था थाना की पुलिस को लोकसभा चुनाव के पहले बड़ी सफलता हाथ लगी है।दरअसल कुर्था पुलिस ने एक देशी कट्टा एवं चार जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुश्री कृति कमल ने प्रेस कॉम्फ्रेन्स कर जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को देर रात्रि में गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि कुर्था थानांतर्गत खेमकरण सराय स्थित कमलेश यादव का पुत्र दीपक कुमार अपने घर में देशी थर्नट आर्म्स एवं गोली छिपाकर रखा है।प्राप्त सूचना के आधार पर अरवल पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील के निदेर्शानुसार पु०अ०नि० सह थाना अध्यक्ष कुर्था सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम में कुर्था थाना के पु०अ०नि० विकास कुमार, पु०अ०नि० तरूण कुमार, एवं कुर्था थाना के सशस्त्र बल को शामिल किया गया।

### होम डिलीवरी करने वाले व्यक्ति शराब के साथ गिरफ्तार

अरवल। जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार उत्पाद विभाग द्वारा जिले में लगातार छापेमारी की जा रही है।इस संदर्भ में बुधवार की गुप्त सूचना के आधार पर करपी थाना अंतर्गत करपी से होम डिलीवरी करने वाले व्यक्ति लवकुश साव एवं नीतीश कुमार के पास से विभिन्न ब्रांड के 38.250 लीटर विदेशी शराब जप्त कर गिरफ्तार किया गया है। पूर्व में भी उत्पाद विभाग द्वारा इनके खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया है।अरवल नौ नम्बर पुल पर एक व्यक्ति जो कमर में गमछा का पट्टी बनाकर देशी 10 लीटर चुलाई शराब लपेटकर ले जा रहा था, उसे भी गिरफ्तार किया गया। कलेर, अगनुर में वाहन जाँच के क्रम में यात्री बस से महेश कुमार के पास से 2.25 लीटर विदेशी शराब जप्त कर गिरफ्तार किया गया है।

### सीयूएसबी वीश्व समाजिक दिवस पर श्रवण शाण्डिल्य सम्मानित

गया।विश्व सामाजिक कार्य दिवस के अवसर पर दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय, गया में कैलाश डालमिया, समाजसेवी, बोधगया के समाजसेवी ह्लमम्मी जीह्व, वृद्धाश्रम के अजय प्रताप सिंह एवं डॉ शालिनी, श्रवण शाण्डिल्य को विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार राजीव रंजन सिंह एवं विभागाध्यक्ष सामाजिक अध्ययन विभाग विजय कुमार शर्मा के द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है।

### पशु क्रूरता समिति के कोषाध्यक्ष बनने पर राष्ट्रीय महासचिव को बधाई

गया।अखिल भारतीय रौनीयार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय महासचिव विशाल आनंद ने बताया कि हर्ष हो रहा है कि मै आज जिला भभुआ समाहरणलय में आयोजित पशु क्रूरता समितिह्व के कोषाध्यक्ष के लिए वोटिंग से चयनित हुआ हूं।इस समिति के अध्यक्ष जिला पदाधिकारी होते है और सचिव जिला पशुपालन पदाधिकारी होते है ।एक मात्र कोषाध्यक्ष आम जनता के बिच से चुना जाता है।इस विभाग का सदस्य बनने के लिए मुझे डॉक्टर पारस चाचा ने प्रेरित किया था।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

औरंगाबाद।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मौजूदगी में समाहरणालय परिसर स्थित नगर भवन में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।प्रशिक्षण में उन्हें चुनाव पूर्व, मतदान दिवस एवं मतदान के बाद की जिम्मेदारियों एवं दायित्वों के बारे में बताया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराएं। उन्होंने कहा कि सेक्टर ऑफिसर की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका है।इसलिए वे आयोग के निदेर्शों की अक्षरतः पालना सुनिश्चित करें और चुनाव कार्य को गंभीरता से लें और कानून की जानकारी रखते हुए अपनी उच्चतम क्षमता से कार्य करें। उन्होंने अपने सेक्टर का रोड़मेप एवं क्षेत्र की पूरी जानकारी रखने एवं सभी मतदान केन्द्रों का बारिकियों से निरीक्षण करने सहित चुनाव शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अपने मूल दायित्वो को ईमानदारी पूर्वक निभाने की बात कही।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




गया।अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाओं ने अपने सात दिवसीय स्पेशल कैंप के अंतिम दिन एक से बढ़कर एक जीवनोपयोगी कार्यक्रम में पूर्ण उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिनमें बौद्धिक सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रक्तदान शिविर आदि प्रमुख हैं। बौद्धिक सत्र में एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी तथा दर्शनशास्त्र की प्राध्यापिका डॉ. श्वेता सिंह के साथ-साथ राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित एनएसएस के सक्रिय स्वयंसेवक शैलेंद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में अपने जीवन संघर्ष तथा निःस्वार्थ समाज सेवा भाव की चर्चा करते हुए स्वयंसेवकों के उत्साह को बढ़ाते हुए समाज व राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित भी किया है।

डॉक्टर श्वेता सिंह के उद्बोधन ने स्वयंसेवकों के हृदय में अदम्य उत्साह का संचार कर दिया।

शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया के सहयोग से एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. उमा शंकर सिंह ने रक्तदान के संबंध में जन सामान्य में फैली भ्रामक धारणाओं का व्यावहारिक तथा वैज्ञानिक दृष्टि से पूरजोर खंडन किया है। इसके साथ ही साथ रक्तदान हेतु सक्षम सभी स्वयंसेवकों को उत्साहित करते हुए रक्तदान की उपयोगिता व उपादेयता तथा उससे स्वयं एवं दूसरों को होनेवाले लाभों की विस्तृत चर्चा की है। अनेक उत्साहित स्वयंसेवकों ने कुशल एवं अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में सहर्ष अपना रक्तदान देकर समाज सेवा में अपनी अहम भूमिका निभाने का प्रयास किया है ।

इन उत्साही स्वयंसेवकों में राजा साब, प्रिया कुमारी, शिवम कुमार, कार्तिक कुमार, नागेंद्र कुमार, अजीत कुमार, प्रीतम कुमार, रिचा कुमारी, सुरेश कुमार, गौरव कुमार, प्रभात रंजन आदि अग्रणी रहे। रक्तदान देने वाले सभी रक्तदाताओं को शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड गया के द्वारा सम्मान पत्र भी प्रदान किया गया दिया है। इस रक्तदान शिविर में पूर्ण सक्रिय स्वयंसेवक प्रीतम कुमार ने संयोजक के रूप अपनी सराहनीय भूमिका का संपादन किया है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्चन के साथ हुआ जिसमें महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनंत कुमार सिन्हा, इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. पार्थ सारथी, हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. उमाशंकर सिंह, राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. किशोर पासवान, रसायन शास्त्र की अध्यापिका डा. निधि त्रिपाठी पाली विभाग के प्राध्यापक डॉ. दिलीप कुमार तथा एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्वेता सिंह की सहभागिता प्रमुख रूप से विद्यमान रही है। स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। सबसे पहले स्वयंसेविका प्रियांशु कुमारी ने नारी जागरण गीत "सुन भारत की नारी, तू मत बनना बेचारी। हार मान ना लेना तू, जंग अभी है जारी।।- गाकर दर्शकों को आत्म विभोर करते हुए नारी जागरण का अमोघ मंत्र दिया। रिचा, निधि, रीमा, आस्था तथा शीतल के द्वारा प्रस्तुत मिथिला लोक नृत्य गीत की मनमोहक प्रस्तुति ने तो दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया है। अति सक्रिय स्वयंसेवक बिपिन साव तथा स्वयंसेविका प्रिया के निर्देशन में प्रियांशु, काजल एवं रिंकी ग्रुप ने पारंपरिक सांस्कृतिक लोक नृत्य-गीत के साथ-साथ पावन पर्व छठ की एक झांकी की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा के हृदय में भक्ति की शाश्वत धारा प्रवाहित करने का सराहनीय प्रयास किया है। मंच संचालन की भूमिका का सफल निर्वहन निशा भारती और प्रिया ने किया है।

# सदर अस्पताल में इलाज के अभाव में तड़प रही महिला के वृद्ध पति का सल्लू खान ने कराया उपचार

## गरीबों के फरिश्ता बनकर सामने आए सल्लू खान, इलाज कराने के बाद सल्लू खान से लिपटकर रोने लगी महिला

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। नगर थाना क्षेत्र के गांधीनगर के रहने वाले मनसोखी साव एक सप्ताह से तबीयत खराब है। उनकी पत्नी अपने पति के इलाज को ले तड़प रही थी। मगर कोई उनका सुनने वाला नहीं थी। सूचना पर समाजसेवी मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान पहुंचे। मरीज का इलाज करवाया। महिला ने बताया कि घर से देखभाल नहीं करते हैं। दोनों पुत्र ने घर से बेघर कर दिए हैं। न बहु न बेटा और मेरा पति की तबीयत खराब है। पैसा का अभाव है। 15 दिन से खाना नहीं खाया हूं जिसे लेकर काफी परेशान हूं। सल्लू खान ने उनके पति का इलाज करवाकर दवा दिया। साथ ही खाना भी खिलाया। बताया कि मेरा दो पुत्र व चार पुत्रियां है। चारों पुत्रियों की शादी हो चुकी है दो पुत्र जयप्रकाश सोनी और ओमप्रकाश सोनी दोनों पुत्र हैं। इलाज कराने के बाद महिला सल्लू खान से लिपटकर रोने लगी। कहा बेटा भगवान का भेजा हुआ फरिश्ता हो। सल्लू ने कहा कि आपको जब भी किसी तरह की दिक्त होती है हमें फोन करे। मदद के लिए तुरंत पहुंच जाऊंगा। सल्लू खान बाहर से मरीज के लिए सारी दवाइयां के साथ-साथ फल ब्रेड दूध खाने पीने की पूरी व्यवस्था अपने निजी राशि से बेड तक पहुंचा और मरीज को अपने से दवा के साथ फल भी खिलाया। विश्व के पत्नी माधव सिंह ने कहा कि सचमुच में मेरे लिए दोनों बेटा दुनिया में तो है। मगर मेरी नजर में वह नहीं रहा मेरा बेटा जो आज जिसको मैं सचमुच में सल्लू को मान लिया मेरा हर दुख सुख में इसके बताऊंगा और मेरे लिए यह आपसे मेरा बेटा है जो दिल से किसी की सेवा करें या नहीं है। कोई ब्लू से ही बेटा होता है मगर आज वह बेटा ने किया है जो किसी ने सोचा नहीं था महिला ने सल्लू खान को दिल से गले लगाकर रोने लगी। कहीं की बेटा तुम्हारा साथ कभी मत मेरा छोड़ना इस पर सदर अस्पताल के सभी चिकित्सकों ने सल्लू खान की तारीफ की। कहा कि ऐसे लोग समाज में रहेंगे तभी समाज का काम आगे बढ़ सकेगा।

# पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत सभी कस्तूरबा विद्यालयों में T3 कैम्प का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। जिला अंतर्गत सभी 24 कस्तूरबा गाँधी विद्यालय में पोषण पखवाड़ा के दौरान टी3 टेस्ट,ट्रीट और टॉक शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के आपसी समन्वय से किया गया है। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य नीलेश कुमार के द्वारा बताया गया कि जिला स्वास्थ्य समिति और शिक्षा विभाग ने मिलकर एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में एनीमिया मुक्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक तीन महीने पर टी3 गतिविधि का आयोजन कर हीमोग्लोबिन का स्तर पता करना, उपचार के लिए आयरन दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं बातचीत के माध्यम से एनीमिया से बचावऔर खान - पान के व्यवहार में आयरन जनीत खाद पदार्थ को शामिल करने पर जागरूक किया जा रहा है। इस माह पोषण पखवाड़ा के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कुल 1998 छात्राओं के बीच एनीमिया का स्तर पता किया गया है ।जिसमें लगभग चार प्रतिशत के आस-पास छात्राओं का हीमोग्लोबिन का स्तर 8 ग्राम डीएल से कम पाया गया वहीं 65 प्रतिशत के आस- पास छात्राओं का हीमोग्लोबिन का स्तर मध्यम पाया गया है, वहीं 30 प्रतिशत छात्राओं में एनीमिया का स्तर सामान्य से थोड़ा कम पाया गया है। कैम्प के दौरान 38 हजार से ज्यादा आयरन की नीली गोली विद्यालय में उपलब्ध कराई गई एवं डॉक्टर के परामर्श पर अन्य जरूरी दवा छात्राओं को उपलब्ध कराई गई है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ0 राजीव अम्बष्ट द्वारा बताया गया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग एवं आईसीडीएस के साथ मिलकर इस कार्यक्रम को गति प्रदान की जा रही है एवं अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम को सफल बनाने में पीरामल एवं यूनिसेफ की टीम से भी मदद मिल रही है। टी3 टेस्ट ट्रीट एवं टॉक कार्यक्रम से छात्राओ को जाँच के साथ-3साथ एनीमिया से बचाव और उपचार पर जागरूक करने से छात्राओं में खान-पान में सजगता बढ़ेगी और दूसरे लोगों को भी छात्र जागरूक करेंगी।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

गया। विद्या मैटरनिटी सर्जीकल,आई एवं ईएनटी अस्पताल के बैनर तले मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन भारतीय चिकित्सा संघ के अध्यक्ष डॉ डीके सहाय ने किया। इस मौके पर डॉ डीके सहाय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की वजह से लोग नियमित इलाज नहीं करा पाते हैं, जिसका दुष्परिणाम काफी घातक होता है। कोई अस्वस्थ या बीमार न रहे, इसलिए विद्या मैटरनिटी सर्जीकल,आई एवं ईएनटी अस्पताल द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया जा रहा है।विद्या मैटरनिटी सर्जीकल आई एवं ईएनटी अस्पताल के डॉ डीके सहाय, डॉ पुनम सहाय, डॉ राहुल, डॉ अंकिता सिन्हा द्वारा निःशुल्क आंख ,कान,नाक,गला, शुगर,बीपी,गैस,स्त्री रोग,थायराइड, गठिया आदि सभी प्रकार की बीमारियों के लगभग 310 मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण किया गया।

# महेश्वरी कुमारी द्वारा मेडिटेशन कराया गया

प्रात: किरण संवाददाता



गया ।ध्यान से हर रोग का अंत हो सकता है इसकी जानकारी आज उत्तर प्रदेश दिव्य प्रकाश ध्यान यात्रा भगवान शिव मा गंगा की नगरी वाराणसी में किया गया है। सबसे पहले पी भी रामाराजु विशाखापत्तनम से वाराणसी आकर पत्रा जी के बारे में जानकारी देते हुए ध्यान से कितने फायदे है पुरी जानकारी दी, इसके साथ ही गीता के बारे में जानकारी दी,गीता के बारे में बहुत विस्तृत जानकारी बताए हैं।आगे आन पान के बारे में जानकारी दी है। वही प्रयमियीड महेश्वरी कुमारी ने ध्यान से बताया की उनके शरीर में बहुत जटील दिक्कत थी उसके बाद ब्हम्रशी पत्राजी के ध्यान से जुडी इसके बाद ध्यान की फिर सभी बिमारी से मुझे छुटकारा मिल गया, इससे बहुत ही अच्छा महसूस की इसके बाद लोगों को ध्यान के बारे में जानकारी देने के लिए निकली हुई हैं। राजीव साहा पटना से आकर बताया कि कि पत्रा जी के युटुब से जुडा था फिर अब पुरे बिहार में जाकर ध्यान के बारे में लोगों को जागरूक करता हूं।ध्यान से बहुत कुछ लोगों को जोडा और आगे भी मेडिटेशन से जोड़नै का काम करेगे, इसके बाद सभी आंखे बंद किए मंत्रमुग्ध होकर केवल ध्यान में थे और पत्रा के उनके निदेर्शो का अनुशरण कर रहे थे। कुछ व्यक्तित्व करिश्माई होते हैं ऐसा सुना था लेकिन आज इसे प्रत्यक्ष अनुभव किया है।प्रार्थना सभा में काफी संख्या में लोग में उपस्थिति थे।इस अवसर पर सरोज कुमार सिह,रवी प्रकाश,पुनम मिश्रा,सिता कुमारी,मीना,शालनी शर्मा, अर्चना सिह,ओम प्रकाश पटेल,राजीव कुमार श्रीवास्तव, चंदन कुशवाहा,वीकास कुमार सिह,परवेश सिंघल,सरोज सिह इत्यादि उपस्थित रहीं हैं।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव द्वारा किया गया जेल निरीक्षण

औरंगाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा आज मण्डल कारा, औरंगाबाद का औचक निरीक्षण किया गया। औरंगाबाद मण्डल कारा में निरीक्षण के दौरान मण्डल कारा, मण्डल कारा में पदस्थापित जेल अधीक्षक सुजीत कुमार झा भी मौजूद थे। सचिव सुकुल राम द्वारा जेल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त किया गया। मण्डल कारा में निरीक्षण के दौरान पुरे समय तक जेल अधीक्षक उपस्थित रहें एवं सचिव ने कैदियों को कारा में उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत होने के उपरान्त कैदियों के समक्ष ही तत्काल निदान करने का निर्देश जेल अधीक्षक को दिया। साथ ही सचिव द्वारा जेल के निरीक्षण के दौरान यह निर्देश दिया गया कि जो कैदी प्रथम दृष्टया देखने में नाबालिग प्रतीत होते हैं और उनकी उम्र 18 वर्ष वर्ष से कम है इसपर सचिव ने तत्काल कारा अधीक्षक को यह निदेशीत किया कि इनकी सूची सम्बन्धित न्यायालयों में उनकी आयु के सत्यापन हेतु प्रेषित करें, ताकि विधि अनुसार उनके मामलों पर कार्रवाई हो सके तथा वैसे कैदियों की सूची तत्काल जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय को प्रेषित करना सुनिष्चित करें। सचिव ने अपने निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके जमानत एवं अधिवक्ता के सम्बन्ध में पूछताछ किया तथा सभी कैदियों को कहा गया कि अगर आप निजी अधिवक्ता रखने में समक्ष नहीं है तो जेल में प्रतिनियुक्त बंदी पारा विधिक स्वयं सेवक से आवेदन लिखाते हुए तथा जेल अधीक्षक से उसे अग्रसारित कराते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में भेजें जिससे कि बचाव पक्ष का अधिवक्ता तत्काल उन्हें उपलब्ध कराया जा सके। इसके उपरान्त सचिव ने जेल में स्थापित लिगल एड क्लिनिक में प्रतिनियुक्त कैदी पारा विधिक स्वयं सेवकों को प्रषिक्षण एवं उनके कार्यो का मूल्यांकन के दौरान उनके द्वारा पूर्व में बनाये गये पंजी का निरीक्षण किया। जेल भ्रमण में निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल की साफ-सफाई हेतु आवष्यक निर्देश नभी दिया गया।

# बिहार के लाल विनीत ने अमेरिका के लिए भरा उड़ान

औरंगाबाद। जिले के देवहरा गांव के धनेश प्रजापति और सुनीता देवी का पुत्र विनीत कुमार (युवा वैज्ञानिक) अमेरिका में रिसर्च करने के लिए अपनी उधान आज हैदराबाद से भरेंगे। बता दे विनीत को नॉर्थस्टर्न यूनिवर्सिटी बोस्टन द्वारा 15 दिनों के लिए रिसर्च और एंट्रप्रशिप के लिए बुलाया गया है, जिसमे विनीत के द्वारा किए गए रिसर्च और काम पर चर्चा होगा और आगे क्या करना है उसके लिए मोका दिया जायेगा, विनीत अपने प्रोजेक्ट पॉलीफुलर को लेके चर्चा में है, यही प्रोजेक्ट को पूरे देश में दूसरा स्थान मिला था जो की गीतम यूनिवर्सिटी हैदराबाद और भारत सरकार स्टार्टअप इंडिया द्वारा ऑगेर्नाइज किया गया था। इसी में उन्हे 15 दिनों के लिए नॉर्थस्टरन यूनिवर्सिटी बोस्टन ने बुलावा दिया और आज वो वहा के लिए निकल चुके है। इसका पूरा खर्चा भारत सरकार, गीतम यूनिवर्सिटी, और नोथेस्टर्न यूनिवर्सिटी उठा रही है। इसके अलावा 8 और छात्र है जो भारत के तरफ से अमेरिका जा रहे है। बिहार से ये पहली बार है की किसी बच्चे को इतनी बड़ी यूनिवर्सिटी बुलाया है और अपने यहां रिसर्च का मोका दे रहा है।

# पूर्व वार्ड पार्षद रमेश चंद्रवंशी के मृत्यु पर शहर में शोक की लहर

प्रात: किरण संवाददाता



गया।भारतीय जनता पार्टी के नेता, गया नगर निगम के पूर्व पार्षद रमेश कुमार चंद्रवंशी का निधन हो जाने की सूचना पर न्यू एरिया आवास पर जाकर भाजपा नेताओं के द्वारा उनके पार्थिव शरीर को नमन किया एवं विष्णुपद शमशान घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल हुए हैं। अंतिम संस्कार दिवंगत के छोटे पुत्र रोहित कुमार के द्वारा किया गया है। इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं समाज के विभिन्न वर्गो के लोग शामिल हुए। इस दुःखद घटना पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ताके द्वारा गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा की दिवंगत रमेश चंद्रवंशी भाजपा के संगठन में लगातार कार्यकरता के रूप भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कर्त्तव्यनिष्ठ नेता के रूप में जाने जाते थे। वें राजनीति के साथ साथ समाजिक रूप में भी अच्छे कार्य करता के रूप मे जाने जाते हैं। 2017 में नगर निगम में पार्षद पद पर निर्वाचित हुए,2019 में ब्रेन हैमरेज हो जाने के कारण गंभीर रूप से बीमार होगए। बीमार रहने के कारण वार्ड 12 से उनके भतीजे डिम्पल कुमार पार्षद हैं। दिबगत आत्मा को भगवान विष्णु जी से प्राथना करते हैं की उनको अपने चरणों में स्थान दें, एवं उनके परिजनों को इस दुःख को सहने की शक्ति दें। अंतिम संस्कार में शामिल होने वालों में, भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल स्वामी, अनंत धीश अमन, डा मनिष पंकज मिश्रा, नगर निगम मेयर विरेन्द्र पासवान,स्टेडीग कमेटी सदस्य मोहन श्रीवास्तव,दिपक चंद्रवंशी,औम प्रकाश सिह,मणी लाल बारीक, संतोष सिंह, संतोष ठाकुर,धीरज गुप्ता,जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, ओबीसी के जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार, इबीसी के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र कुमार सिंह, वार्ड पार्षद दीपक चंद्रवंशी, सुप्रसिद्ध चिकत्सक डॉ मनोज कुमार, डॉ संतोष कुमार, भाजपा नेता श्याम किशोर सिंह, भगत सिंह, डिंपल कुमार उर्फ. प्रिय रंजन, पूर्व वार्ड पार्षद विक्की कुमार ,दिनेश सिंह ,नरेश सिंह तरुण कुमार कृष्ण प्रसाद मनोज कुमार रवि कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित की है।

# विदाई समारोह का आयोजन

औरंगाबाद। सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के स्नातकोत्तर (सत्र 19-21) के छात्रों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया ' जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा शामिल हुए ' प्राचार्य ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मगध विश्वविद्यालय से आए हुए सीसी डीसी डॉक्टर संजय तिवारी के द्वारा विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति एवं उसके फायदे के बारे में बताया गया ' इस मौके पर वहां उपस्थित पूर्व विभागाध्यक्ष (भूगोल विभाग) डॉ रामाधार सिंह (सेवा निवृत्त) एवं विजय कुमार ने अपनी बात रखी ' मंच संचालन बहादुर भीम कुमार सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष विभीषण कुमार के द्वारा किया गया ' साथ ही साथ नीतू सिंह के संरक्षण में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुकेश कुमार, रोहित कुमार, सुमित कुमार आदि छात्रो ने कॉलेज एवं भूगोल विभाग का आभार प्रकट किया गया साथ ही छात्रों के द्वारा मंच पर उपस्थित गण मान्य सदस्यों को मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया। दूसरी तरफ आज सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के परीक्षा विभाग में उपस्थित शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता अभियान पर चर्चा की।

# राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज के द्वारा गया शहर के मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित

प्रात: किरण संवाददाता

गया ।राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज, गया के द्वारा गया शहर के मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया है।इस अभियान की शुरूआत प्रधानाचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र के द्वारा किया गया। उन्होंने स्वयंसेवको को वोट के महत्त्व के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की और अभियान की सफलता हेतु शुभकामना दी।इस अभियान का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के यूनिट-1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इसमें भारी संख्या में स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता प्रस्तुत की। यह अभियान गया कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर शहर के कई हिस्सों से होता हुआ गया कॉलेज ,गया के मुख्य द्वार पर समाप्त हुआ। स्वयंसेवकों ने 18 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें मतदान के समय ध्यान दी जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया है ।एक जागरूक मतदाता ही देश का भविष्य निर्माण कर सकता है, इसलिए सभी लोगो को सारे काम छोड़कर मतदान के दिन अपने वोट का प्रयोग करना चाहिए। स्वयंसेवकों ने बड़े- बुजुर्गों को मतदान के महत्व के बारे में बतलाया की किस प्रकार एक वोट से आप अपने शहर और देश का भविष्य बदल सकते हैं।

# पुलिस ने 72 घंटे के अंदर लूट कांड का किया उद्‌भेदन, चार लुटेरे गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। पतंजलि सप्लायर से 30 हजार लूट मामले में अरवल पुलिस ने घटना के 72 घंटे के अंदर ही लूटकांड में शामिल चार अपराधियों को धर दबोचा। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुश्री कृति कमल में प्रेस कॉम्फ्रेन्स कर बताई कि 16.03.2024, धारा-392 भा०व०वि० अंकित की गयी काण्ड में लूटी गई राशि तथा अज्ञात अपराधकर्मियों का पता लगाने हेतु तत्काल पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार भील भा०पु० से० के निर्देशन में पु०नि० अजय कुमार सिंह कुर्था अंचल के नेतृत्व में एक टीम गठित कर त्वरित अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। जिसमें जिला आसूचना इकाई टीम अरवल एवं परि०पु०अ०नि० धीरज कुमार अरवल थाना को शामिल किया गया। जिला आसूचना इकाई, अरवल के द्वारा तकनीकी अनुसंधान करते हुए 19/20.03.2024 की रात्रि में घटना में शामिल चार अप्राथमिकी अभियुक्त 1. रौशन कुमार उम्र-24 वर्ष पिता०-राम प्रसाद, सा०-भदासी, थाना-अरवल 2. श्रीकांत कुमार उम्र-22 वर्ष पिता०-विगन सिंह, सा०-वस्ती बिगठा, थाना-रामपुर चौरम 3. फनीस कुमार उम्र-20 वर्ष पिता-देवेन्द्र सिंह, सा०-अलावलचक, थाना-रामपुर चौरम 4. संदीप कुमार उर्फ गुग्णा उम्र 22 वर्ष पे०-रामईकबाल सिंह, सा०-कटेसर, थाना-रामपुर चौरम सभी जिला-अरवल को गिरफ्तार कर कांड का सफल उद्‌भेदन किया गया। वहीं उसके पास से लूटी हुई पिट्ठू बैग,घटना के समय पहना हुआ कपड़ा,घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल एवं घटना में प्रयुक्त होंडा मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। बताते चलें कि पतंजली प्रोडक्ट का सप्लायर अरवल जिले के पिपरा गांव निवासी मुन्ना कुमार, पिता-लाल बिहारी साव करपी एवं शहर तेलपा बाजार में पतंजलि प्रोडक्ट के सप्लाई का पैसा कलेक्शन कर 16.03.2024 को टैम्पु नं0-इफ01ढख2750 से बैदराबाद जा रहे थे तो शहर तेलपा थाना क्षेत्र के महावीरगंज मोड़ के पास दो मोटरसाईकिल पर सवार चार व्यक्ति टैम्पु को रोक कर मुन्ना कुमार के पास से पतंजली प्रोडक्ट का कलेक्शन किया हुआ कुल-30000/-रूपया लूट लिया था, जिस संबंध में मुन्ना कुमार पिता-लाल बिहारी साव के लिखित आवेदन के आधार पर शहर तेलपा थाना कांड सं0-10/2024 दर्ज किया गया था।

# अखिल भारतीय रौनीयार महिला सभा द्वारा डॉ. सौनाली गुप्ता,अनामिका सिंह को किया सम्मानित



प्रात: किरण संवाददाता

गया। विवाह भवन में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा गुप्ता के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है जिसमें सैकडों महिलाओं ने भाग लिया है। इस अवसर पर एम एल सी अनामिका सिंह,दानापुर कैंट की वार्ड पार्षद श्रीमती आशा देवी, सुप्रसिद्ध डाक्टर सोनाली गुप्ता, श्रीमती शीला लाल आदि उपस्थित रहे हैं।

कार्यक्रम में दानापुर की वरिष्ठ समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित किया गया है।एक कैंसर रोगग्रस्त विधवा महिला रीता गुप्ता को संस्था द्वारा इलाज हेतुआर्थिक सहयोग दिया गया है। डाक्टर सोनाली गुप्ता ने घरेलू कामकाजी महिलाओं को कामकाज के बीच अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की उपयोगी बातें कही हैं ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला संगठन आशा गुप्ता ने सभी महिलाओं को सपरिवार होली की शुभकामनाएँ दी और कहा कि भविष्य में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के महिला संगठन द्वारा लगातार ऐसे आयोजन जगह जगह किये जायेंगे और जरूरतमंद महिलाओं को हर संभव सहायता दी जायेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा गुप्ता, पूर्व डीजीपी अशोक कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मुन्ना गुप्ता,आशा गुप्ता।

# पेट्रोल पंप कर्मी का गोली मारकर की हत्या

करपी (अरवल) करपी थाना क्षेत्र के लखी बाग निवासी 25 वर्षीय राजेश कुमार की मंगलवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुख्य पथ पर स्थित इंडियन आयल पेट्रोल पंप पर वह मैनेजर का काम करता था। रात्रि 9.45 बजे पंप से हिसाब किताब करने के बाद 300 मीटर दूर अपने घर जा रहा था ।इसी बीच अज्ञात हमलावरों ने नजदीक से गोली मारी तथा फरार हो गए ।मौसम खराब रहने के कारण फायरिंग की आवाज लोग समझ नहीं पाए । करपी थाना की पुलिस गाड़ी मध्य रात्रि को 12:00 बजे जब पेट्रोलिंग पर थी तो सड़क के किनारे मोटरसाइकिल के साथ युवक को गिरा देखा गया। थाना अध्यक्ष उमेश राम के निर्देश पर पुलिस आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करपी पहुंचाई जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल अरवल रेफर कर दिया। जहां से इसे पीएमसीएच रेफर किया गया। परिजन एम्स हॉस्पिटल लेकर पहुँचे लेकिन युवक की मौत हो गई। शुरूआत में पुलिस इसे सड़क दुर्घटना मान रही थी लेकिन एम्स में चिकित्सकों ने बताया कि यह सड़क दुर्घटना नहीं है बल्कि गोली मारी गई है।

# एडिशनल पीएचसी चल रहा है बिना चिकित्सक के: ग्रामीण

- एएनएम के भरोसे चल रहा ढोलबज्जा अस्पताल, नही मिल रहा ग्रामीणों को स्वास्थ्य व्यवस्था का समुचित लाभ: सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



नवगछिया (भागलपुर)। इन दिनों बिहार के तीन जिले स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। स्थिति यह है कि भागलपुर, पूर्णिया और मधेपुरा जिला के सीमा क्षेत्र पर अवस्थित ढोलबज्जा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिछले कुछ दिनों से चिकित्सक विहीन हो चलता दिख रहा है, स्वस्थ केंद्र में चिकिसक की मौजूदगी दर्ज नही रहने पर स्वास्थ्य केन्द्र में नियुक्त तीन एएनएम के भरोसे ग्रामीणों की इलाज व्यवस्था चल रही है। अगर कोई गंभीर मरीज अस्पताल पहुंचने पर तो उन्हें जान जोखिम में डालकर नवगछिया जाना पड़ता है या फिर किसी निजी क्लिनिक में भर्ती होना पड़ेता है। क्योंकि ढोलबज्जा अस्पताल में बिना चिकित्सकों के इलाज संभव नहीं होना दांतो तले लौहे के चने चबाने जैसी वाक्या प्रत्यक्ष रूप से साक्षात्कार होते दिख रहा है। आलम यह है कि स्वास्थ्य केंद्रों पर विगत कई वर्षों से कार्यरत आयुष चिकित्सक डॉ. बीरेंद्र कुमार का तबादला बांका हो गया है। वहीं दो वर्षों तक कार्यरत रही एमबीबीएस चिकित्सक डॉ. कुंदन रानी भी आठ माह पूर्व यहां से मेडिकल कॉलेज स्थाननन्तरित होकर जा चुकी है। यहां की हालत व्यवस्था को लेकर भागलपुर के सांसद कई बार स्थिति का जायजा भी कर चुके हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव से चिकित्सक प्रतिनियुक्ति कराने की मांग अब तक अधर में लटका हुआ दिख रहा है। गौरतलब हो कि भागलपुर सांसद अजय मंडल ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराने के साथ उन्होंने बताया है कि भागलपुर जिलांतर्गत नवगछिया प्रखंड के कोसी पार स्थित ढोलबज्जा गांव के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू किया गया है जिसमें बिहार के तीन जिला भागलपुर, पूर्णिया एवं मधेपुरा जिला परिक्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र इलाके में अवस्थित है। वर्तमान समय में ढोलबज्जा अस्पताल सीमावर्ती क्षेत्र की लगभग तीन लाख की आबादी को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराती है, लेकिन विगत सात माह से यहां एमबीबीएस चिकित्सक का पद खाली होने के साथ रिक्त चल रहा है। क्षेत्र के अस्पताल में एमबीबीएस चिकित्सकों की कमी होने के कारण आमजनों को बेहतर इलाज सुविधा का लाभ समय्यानुसार उपलब्ध नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त चिकित्सक की मौजूदगी नहीं होने के कारण मरीजों के उपचार के दौरान काफी लंबी लाइन लग जाती है। वहीं ढोलबज्जा अस्पताल में जल्द चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति जल्द शुरू नहीं होने पर स्थानीय जदयू नेता सह रोगी कल्याण समिति के सदस्य प्रशांत कुमार कन्हैया ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को फोन कर सख्त चेतावनी के साथ जल्द अस्पताल में चिकित्सकों की तैनाती करवाने की मांग की है। वही मामले को लेकर अपर मुख्य सचिव के द्वारा जल्द ही संबंधित केंद्रों पर डॉक्टरों की प्रतिनियुक्ति कराए जाने का आश्वासन दिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या का मामला दर्ज

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)।पुलिस सूत्रों के अनुसार गंगटा थाना क्षेत्र के कुशवाहा गांव में बीते दिनों महिला की मौत को लेकर मृतक के पति भोजू हेंब्रम के आवेदन पर मुकदमा दर्ज हुआ है।पति ने आवेदन देकर कहा है कि उनकी पी अपने घर में अकेली सोई हुई थी।बेटी दूसरे कमरे में सोई हुई थी गांव के ही तीन मनचले युवक ने मेरे पत्नी के साथ घर में छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगे पत्नी के विरोध करने पर तीनों ने मिलकर पिटाई की।हाल ही में पेट का ऑपरेशन हुआ था ऑपरेशन की जगह पर ही अत्यधिक मारपीट किए जाने से उसकी मौत हो गई।गंगटा थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि मृतका के पति के आवेदन पर गांव के तीन लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।सभी नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।

### शराबी हुआ गिरफतार

गंगटा (मुंगेर) ।थाना क्षेत्र के गंगटा गांव के पप्पू सिंह को शराब के नशे में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इधर खड़गपुर पुलिस ने दरियापुर दो संथाली टोला में शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर भारी मात्रा में देसी शराब बरामद किया है।पुलिस प्रशिक्षुक डीएसपी विकास कुमार ने बताया कि छापामारी में 35 लीटर शराब , अर्ध निर्मित 150 किलोग्राम गुड़ के साथ जब्त किया गया।

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

गंगटा (मुंगेर)।होली को लेकर गंगटा थाना में शांति समिति सदस्यों के साथ थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ने बैठक आयोजित की ।बैठक के बाद थाना अध्यक्ष ने बताया कि पर्व के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगी, साथ ही शराबियों एवं अपराधियों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी ।होली पर्व को लेकर साथी समिति की इस बैठक में ए एस आई रमेश कुमार पीएसआई दीपशिखा एएसआई जयप्रकाश मंडल संजीव कुमार मुखिया प्रतिनिधि रामविलास यादव नवल किशोर सिंह अमरदीप सिंह चंद्रशेखर यादव दयानंद निराला ललन सिंह हरि नंदन यादव मितेश यादव सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### घर मे घुसकर दबंगों ने की किसान के साथ मारपीट

नवगछिया (भागलपुर)।इन दिनों क्षेत्र में लगातार मारपीट ,रंगदारी मांग करने, फसल बर्बाद करने, गोलीबारी, हत्या व छिनतई जैसे कई आपराधिक मामलों का प्रत्यक्ष रूप से सामने आता दिख रहा है। इसी कड़ी में एक और मामला बिहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरीपुर गांव इलाके में दबंगों द्वारा घर मे घुसकर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर घायल गौरीपुर गांव के किसान विकास कुमार ने बिहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करा रहा है। घटना को लेकर घायल ने बताया कि दो अपराधियों द्वारा घर घुसकर अचानक मारपीट शुरू कर दिया गया। जिससे मैं गंभीर रुप से घायल हो गया।इस मामले को लेकर स्थानीय बिहपुर थाने में दबंगों के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया है।वही घटना को लेकर बिहपुर पुलिस पदाधिकारी द्वारा मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### शराब के साथ दो युवक हुआ गिरफ्तार

नवगछिया (भागलपुर)। लोकसभा चुनाव की तिथि घोषणा के बाद पुलिस जिला परिक्षेत्र के कई गांव इलाके में पुलिस की गतिविधियां तेज चल रही हैं। इसी कड़ी में बिहपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रात्रि गश्त ड्यूटी के क्रम में थाना क्षेत्र अंतर्गत वमार्सेल के समीप दबिश देकर दो शराबी को हिरासत में ले लिया है।मामले को लेकर बिहपुर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि गिरफ्तार शराबी बिहपुर अमरपुर गांव के राणा चौधरी को एक बोतल शराब के साथ स्थानीय सोनबर्षा के शुभम चौधरी को मौके पर नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार दोनो अभियुक्त के विरुद्ध मद्ध निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत कांड दर्ज कर मेडिकल जांच के साथ न्यायिक हिरासत में भागलपुर भेज दिया गया है।

### हीरो राजन कुमार प्राइड ऑफ बिहार से हुए सम्मानित

मुंगेर।चार्ली चैपलिन दो के रूप में सारी दुनिया मे विख्यात हीरो राजन कुमार को प्राइड ऑफ बिहार के खिताब से नवाजा गया हैं।विगत 17 मार्च 2024 को बिहार के चंपारण के बेतिया स्थित होटल मंगल श्री रेसिडेंसी में हीरो राजन कुमार को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया।निरुजा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस अवार्ड सेरेमनी में राजन कुमार ने चार्ली चैपलिन द्वितीय के रूप में लाइव परफॉर्मेंस भी प्रस्तुत की।हीरो राजन कुमार ने चार्ली चैपलिन द्वितीय के रूप में पूरे विश्व मे बिहार का नाम रौशन किया है उनकी इन्ही तमाम उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें प्राइड ऑफ बिहार के सम्मान से नवाजा गया। वास्तव में राजन कुमार बिहार के गौरव हैं और इसके पीछे उनके बीसियों कारनामे हैं।

# छापेमारी करने गई पुलिस पर बालू तस्करों ने की फायरिंग: एसपी सिटी

- बालू खनन से जुड़ी सोशल मीडिया पर हुआ था एक वीडियो वायरल जांच पुष्टि के बाद एक्शन में आई थी पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। जगदीशपुर थाना परिक्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों पर अवैध खनन किये जाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर अवैध खनन को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले को लेकर विगत मंगलवार को एसटीएफ टीम एवं माइनिंग टीम, स्थानीय पुलिस की संयुक्त छापेमारी में पुलिस ने पांच बालू तस्करों को मौके पर गिरफ्तार किया है। वही इस कार्रवाई क्रम में पुलिस टीम ने मौके से अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर को भी जप्त किया है। उक्त मामले की जानकारी को लेकर एसपी सिटी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसपी सिटी मि. राज ने साझा करते हुए बताया कि पुलिस दबिश के दौरान बालू तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग की, हालांकि इसमें कोई हताहत की घटना घटित नहीं हुई है। वही एसपी ने बताया कि अवैध खनन मामले को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, वायरल वीडियो की सत्यता की जांच पुष्टि के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसपी सिटी के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम गठित कर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तहसूर घाट पर छापेमारी अभियान चलाया गया। जहां छापामारी के दौरान अवैध खनन मामले में तीन अवैध बालू लोड ट्रैक्टर एक स्कॉर्पियो को जप्त किया गया है। वही पुलिस कार्रवाई के क्रम में मौके पर पांच बालू तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। वही मामले को लेकर पुलिस ने बताया की अवैध खनन बालू को पासिंग करने वाले गिरोह के एक स्कॉर्पियो को भी जप्त कर लिया गया है और उनकी गिरफ्तारी को लेकर घटना के आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नवजात शिशुओं के सफलता पूर्वक हुआ अन्न प्रासन समारोह: एडीएम

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बाल विकास परियोजना नवगछिया के तहत संचालित अन्न प्रासन कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के कई आंगनबाड़ी केंद्रों पर नवजात बच्चों के 6 माह पूर्ण होने पर आयोजित अन्न प्रासन कार्यक्रम में नवगछिया सीडीपीओ चंचला कुमारी के साथ भागलपुर के एडीएम सह निर्वाचित पदाधिकारी निरीक्षण करने के साथ क्षेत्र का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान सीडीपीओ ने बताया कि केंद्र संख्या 123, 24 एवं 30 पर अन्न प्रासन कार्यक्रम होना था जिसे सफलता पूर्वक समारोह मनाया गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत क्षेत्र में जन्मे नवजात शिशुओं की 6 महीने पूरा हो जाने पर विभाग के द्वारा एक अनोखी शुरूआत के साथ सम्मान पूर्वक अन्न प्रासन कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। जिसमें बच्चों के 6 महीने पूरा हो जाने पर उन्हें अनाज देने, पोषक आहार देने व अन्य जानकारी बच्चों के विकास के लिए संबंधित माताओं को देना होता है। साथ ही इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के शारिरक व मानसिक विकास को लेकर आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेविका व सहायिका द्वारा पोषक आहार की पूर्ति हेतु विस्तृत जानकारी दी जाती है। इसी के तहत केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर क्षेत्र के कई महिलाओं द्वारा अपने बच्चों के साथ मौजूदगी रही थी।

# राज्य खाद्द निगम का पिकअप वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। झंडापुर ओपी थाना परिक्षेत्र के मरवा गांव के बिरन मंडल पिता स्व. दीपनारायण मंडल ने भवानीपुर थाना में आवेदन देकर पिकअप चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। थाना में दिए आवेदन में लिखा है कि राज्य खाद्द निगम भंडार बिहपुर में मोटिया का कार्य करता हूँ। विगत 18 मार्च की दोपहर करीब एक बजे मेरा भाई शंकर मंडल पिता स्व. लुलो मंडल एवं अन्य तीन मोटिया मजदूर के रूप में काम कर पिकअप 709 मालवाहक वाहन संख्या- बीआर 10 जीए 6725 जिसका मालिक बिहपुर थाना क्षेत्र नन्हकार के पप्पू यादव पिता स्व. महेंद्र यादव है। वही पिकअप चालक मोनू कुमार यादव पिता स्व. दिलीप यादव द्वारा नारायणपुर के एक जनवितरण विक्रेता का 2 सौ बोरियां गेंहू-चावल खाद्यान अनलोड करने हेतू मेरा भाई शंकर यादव उक्त पिकप गाड़ी पर सवार होकर जा रहा था। जो दुर्घटनाग्रस्त होने की बात कही है। वही उन्होंने लिखा है कि उक्त पिकअप वाहन का चालक नशे की हालत में पिकप वाहन को लापरवाही से गाड़ी तेज रफ्तार बेतरतीब ढंग से चला रहा था। वही तेज रफ़्तार के कारण पिकअप वाहन नारायणपुर बोरनाहा के समीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गयी और इस दुर्घटना में पिकअप पर सवार सभी मजदूर बुरी तरह जख्मी व घायल हो गये है। इस हादसे में चिकिसक के मुताबिक शंकर यादव का कमर बुरी तरह टूट गया है। वह मरणासन्न स्थिति में अस्पताल में इलाजरत है। वही घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नारायणपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से उसकी गंभीर हालत की गम्भीरता को देखते हुए त्वरित चिकिसक द्वारा बेहतर ईलाज के लिए मायागंज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया। जहां चिकिसक द्वारा भर्ती प्रक्रिया के साथ अस्पताल के ओर्थो विभाग के इमरजेंसी वार्ड में इलाजरत है। इस घटना के बाद से उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। साथ ही उन्होंने लिखा है कि उक्त पिकअप वाहन मालिक ने साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से दुर्घटनाग्रस्त पिकअप को घटना स्थल से उठाकर अपने घर लेकर आ गया है। उस वक्त कहा गया कि घायलों का ईलाज में जो खर्च होगा दिया जाएगा, परंतु गाड़ी लेकर जाने के बाद कोई भी उसके भाई को अस्पताल देखने तक नही आया और न ही उसके ईलाज का खर्च देने को तैयार है। वही उन्होंने लिखा है कि हमलोग गरीब मजदूर परिवार से है। पैसे के अभाव में समुचित ईलाज करवा पाना असंभव प्रतीत होता है। जबकि पिकअप चालक की घोर लापरवाही के कारण दुर्घटना हुई है। उनकी इस बड़ी चूक के करण से आज मजदूरों की जान जा सकती थी। वही वादी ने पिकअप चालक के विरुद्ध भार से अधिक बोरियां लादने व नशापान कर वाहन चलाने के आरोप में कानूनी कार्यवाई करने तथा गरीब मजदूर को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

# इंटरनेशनल ब्राइडल शो की विनर बनी रोजी

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)।प्रखंड क्षेत्र के जमुनिया पंचायत के शिक्षक प्रवीण यादव की पुत्री रोजी यादव पटना के यूनीक गार्डन में आयोजित इंटरनेशनल ब्राइडल शो की बेस्ट पब्लिशर विनर बनी है। वही शो के फर्स्ट रनअप में स्नेहा गुप्ता रही तो वही सेकेंड रनअप प्रियंका सिंह विनर रही हैं। आयोजित कार्यक्रम में विधान पार्षद सदस्य अनामिका सिंह, पटना की मेयर सीता साहू एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रही थी। बेस्ट मॉडल प्रदर्शित शो कार्यक्रम में रोजी के विनर बनने की सूचना के बाद से पूरे परिवार के लोगों में खुशी का माहौल बना हुआ है। रोजी यादव की सफलता को लेकर पूरे गांव के अलावा लोजपा रामविलास के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश भगत, जमुनिया पंचायत के मुखिया सोनी देवी, सरपंच संतोष भगत, पंचायत समिति राजेंद्र शाह, प्रमोद सिंह, पूर्व पंसस सदस्य जयप्रकाश राय, कुमार मन्नू,



अधिवक्ता जयनारायण यादव, अशोक यादव, पूर्व प्रमुख शिवनंदन यादव, नवीन यादव आदि ने रोजी यादव की सफलता को लेकर उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

### खाटू श्याम निशान यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

शाहकुंड (भागलपुर)।सुलतानगंज के मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा हर वर्ष की भार्ती इस वर्ष भी होली महोत्सव को लेकर खाटू श्याम निशान यात्रा ध्वजागली स्थित खाटू श्याम मंदिर प्रांगण से निशान शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरे हर्षोल्लास के साथ मारवाड़ी समाज के लोगों द्वारा भगवान श्री कृष्णा के तस्वीर को छोटी वाहन पर साजसज्जा के बीच बैठा कर धूमधाम से ढोल नगाड़े व गाजे बाजे धुन पर नाच गाना के साथ सैकड़ों की तादाद में बच्चियों, युवतियों, महिलाएं व पुरुषों द्वारा नाचते झुमते हुए हाथों में निशान लेकर पैदल यात्रा के साथ जिला के शहरी क्षेत्र स्थित खाटू श्याम मंदिर के प्रांगण पहुँची। इस दौरान शोभायात्रा को लेकर अकबरनगर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंजीत कुमार ने वार्ड पार्षद एंव दर्जनों कार्यकताओं के साथ निशान यात्रा का भव्य स्वागत किया।

# ब्राउन शुगर व हथियार के साथ तीन अभियुक्त हुआ गिरफ्तार: एसपी सिटी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। मिशन सुरक्षा के तहत बरारी थाना पुलिस कार्रवाई में बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र इलाके में दबिश दे दो पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस व 46 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक को धरदबोचा गया है। मामले को लेकर एसपी सिटी कार्यालय बेस में आयोजित प्रेसवार्ता के क्रम में एसपी सिटी मि. राज ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को बरारी थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थ एवं अवैध हथियार की तस्करी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। उक्त प्राप्त सूचना के सत्यापन व कार्रवाई को लेकर पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी में पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा खंजरपुर स्थित छोटी बिशहरी मंदिर के समीप कृष्णा रजक एवं किशन कुमार को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था, वही पुलिस पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार आरोपी के निशानदेही पर रोशन यादव उर्फ अजय कुमार के घर की तलाशी जांच के क्रम में दो पिस्टल व तीन जिंदा कारतूस की बरामदगी हुई है।

# जमुई लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 164 तारापुर विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

- जिला पदाधिकारी ने जमुई लोकसभा के तारापुर विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न कोषांगों का किया गठन

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने आवश्यक बैठक की। बैठक में जमुई लोक सभा निर्वाचन में परिसिमन के तहत आने वाले 164 तारापुर विधान सभा क्षेत्र में होने वाले निर्वाचन सहित जिले में संचालित सभी कोषांगों को सुचारू रूप से संचालित करने के विषय पर बिंदु वार चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, नगर आयुक्त निखिल धनराज निपणीकर, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार सहित सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बैठक में एएमएफ कोषांग, सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, वाहन कोषांग, कार्मिक कोषांग एवं अन्य कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की गयी। उन्होंने सभी नोडल पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्यों से संबंधित सभी लंबित कार्यां को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही 164 तारापुर विधान सभा क्षेत्र के जमुई लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में होने के कारण वहां चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को प्राथमिकता के तौर पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी को विभिन्न आवश्यक सामग्रियों की पैकिंग को स-समय पूर्ण करते हुए उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही वाहन कोषांग को आवश्यक वाहनों का आकलन करते हुए मतदान केंद्रों से वाहनों की टैगिंग करने का निर्देश दिया। ईवीएम कोषांग की समीक्षा के क्रम में प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य पूर्ण होने के उपरांत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में कार्य करने की बात कही। इसके अलावे स्ट्रांग रूम, डिस्पैच सेंटर, मतदान केंद्रों एएमएफ संबंधी सभी कार्यों को पूर्ण करने का आवश्यक निर्देश दिया।

# जानमाल रक्षा को लेकर एसपी से लगाई गुहार: प्रमुख

- एसपी समेत एसडीओ व एसडीपीओ को दिया आवेंदन: प्रमुख

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। गोपालपुर प्रखंड प्रमुख सह जनता दल यूनाइटेड पार्टी महिला मोर्चा के प्रदेश सचिव रागिनी देवी पति साकेत बिहारी ने अपनी जानमाल की रक्षा की गुहार को लेकर स्थानीय नवगछिया एसपी, एसडीपीओ तथा एसडीओ को आवेंदन दिया है। मामले को लेकर पीड़िता प्रमुख ने लिखित आवेदन के माध्यम से असामाजिक तत्वों से अपने व अपने परिवार के जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। वही लिखित आवेंदन में प्रमुख रागिनी देवी ने लिखा है कि इस महिने ही प्रखंड प्रमुख पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुई हूँ। मैं विगत कुछ दिनों से प्रमुख बनने के दौरान राजनीतिक के क्षेत्र में हस्तक्षेप विरोधियो से होने के कारण कुछ असामाजिक तत्व हमारे पीछे लगे हुए हैं, जिससे हमें व हमारे परिवार को जान माल का नुकसान पहुंचाने की आशंका बनी हुई है। वही उन्होंने लिखा है कि विगत कुछ दिनों से भागलपुर, नवगछिया व सैदपुर क्षेत्र में आने-जाने के क्रम में असामाजिक तत्वों का नजर हमारे निजी वाहन पर बनी हुई दिख रही है, मुझे आशंका है कि प्रमुख चुनाव में हस्तक्षेप करने के कारण एवं मेरे प्रमुख बन जाने से विरोधियों की नजर पर चढ़ गयी हूं, हमें व हमारे परिवार के ऊपर कभी भी आत्मघाती हमला हो सकता है। वही उन्होंने आवेंदन में जांचोपरांत मुझे व मेरे परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है। वही दूसरी तरफ मामले को लेकर नवगछिया एसपी पुरन कुमार झा से जानकारी प्राप्त करने हेतू उनके मोबाइल फोन पर संपर्क करने के प्रयास असफल रहा था।

### पुलिस एक्शन मोड में दिखी, क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

भागलपुर। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी व आगामी होली त्यौहार के मौके पर विधि व्यवस्था के मद्देनजर त्यौहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में दिख रही हैं। त्यौहार को लेकर जिला अंतर्गत सभी थाना क्षेत्र इलाके में अपराध गतिविधियों पर निगरानी रखने के साथ साथ सख्त हो क्षेत्र में लगातार गस्त ड्यूटी के साथ दबिश देने की कवायद तेज कर दी गई हैं। इसी कड़ी में शहरी क्षेत्र के सटे नाथनगर व मधुसूदनपुर थाना क्षेत्र के कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया है।

# जमीन विवाद को लेकर वृद्ध महिला को बदमाशों ने मारी गोली

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)।मधुसूदनपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत दुधैला गांव में बीती रात एक वृद्ध महिला को बदमाशों ने गोली मारकर गम्भीर रूप से जख्मी व घायल कर दिया। घटना के बाद महिला को गम्भीर हालत में स्वजनों के द्वारा घायल अवस्था में लेकर थाना पहुंचे थे। जहां पुलिस ने घायल वृद्ध महिला को त्वरित इलाज के जेएलएनएमसीएच में भर्ती कराया। जहां चिकिसक द्वारा इलाज शुरू करने के साथ ही हालत की गम्भीरता को देखते हुए उसे उच्च स्तरीय बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल महिला की पहचान स्थानीय दुधैला गांव के स्व. अनिल झा की 65 बर्षीय पत्नी किरण देवी के रूप में की है, वही पुलिस ने मामला जमीन विवाद से जुड़ा बताया जाता है।

### पोक्सो एक्ट के तहत उन्मुखीकरण हेतु बैठक सम्पन्न: डीएम

भागलपुर। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा स्थानीय होटल के सभागार में सभी थानों में पदस्थापित बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी, विशेष किशोर पुलिस इकाई व बाल संरक्षण से जुड़े सभी हितधारकों के साथ एक दिवसीय समन्वय बैठक सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी व वरीय पुलिस अधीक्षक आनन्द कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में भागलपुर पुलिस जिला से सभी 42 थाना, नवगछिया पुलिस जिला से सभी 17 थाना तथा रेलवे स्टेशन, भागलपुर से रेलवे पुलिस बल एवं जीआरपी से एक-एक प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया।

# जलापूर्ति सिवरेज आदि के निर्माण कार्य व सड़कों की बदहाल स्थिति के संदर्भ में आयुक्त ने की समीक्षा बैठक

प्रात : किरण ब्यूरो



मुंगेर। नगर निगम क्षेत्र, मुंगेर के अंतर्गत पेय जलापूर्ति, सिवरेज आदि के निर्माण कार्य एवं सड़कों की बदहाल स्थिति के संदर्भ में बुधवार को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के सभागार में प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने संबंधित विभाग यथाः पथ निर्माण विभाग, बूडको, पीएचईडी, ग्रामीण कार्य विभाग एवं कार्यकारी एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में सड़कों के धंसने की स्थिति, जाम की समस्या, पाइप लाइन टेस्टिंग के दौरान पानी की सिपेज आदि के कारण सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिल रही है। साथ ही पेय जलापूर्ति एवं सिवरेज लाइन की गड़बड़ी की भी शिकायतें मिल रही है। बूडको द्वारा जो टाइम लाइन दिया गया है, वो बार बार फेल हो रहा है, जो समस्या को बढ़ा रहा है एवं यह गंभीर विषय है। आयुक्त ने बारी-बारी से इस संदर्भ में सभी विभागों के कार्यां की समीक्षा की। पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा कहा गया कि दशहरा के पूर्व प्राप्त निदेश के आलोक में पथ निर्माण द्वारा सड़कों की मरम्मती का कार्य पूरा कर लिया गया था। सिवरेज आंपरेशनल नहीं होने के कारण खुदाई के कार्य से सड़क क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। साथ ही नगर क्षेत्र के सड़कों से हेवी ट्रैफिक रहने के कारण भी सड़क क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व के नगर निगम के सड़कों को पथ निर्माण विभाग को हैंड ओवर किया गया था, जिसमें पुराने कलवर्ट एवं पुलिया वर्तमान में हेवी ट्रैफिक परिचालन के योग्य नहीं हैं एवं क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। पीएचइडी विभाग की जल आपूर्ति योजना का किया गया समीक्षाः-पीएचईडी विभाग के द्वारा बताया गया कि प्राप्त निदेश के आलोक में पीएचईडी की जलापूर्ति योजना के लिए कंटिजेंट प्लान विभाग को भेजा गया है। मुख्य अभियंता के निर्देश पर पीएचईडी की जलापूर्ति योजना बूडको के पाइप लाइन से दी गयी है। ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षाः- ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में उनके अधीन तीन सड़कें थीं, उक्त सड़कें मेंटेनेंस अवधि में है, जिसे पूरा कर दिया जाएगा। बूडको के द्वारा जलापूर्ति की योजना, सिवरेज योजना के क्रियान्वयन, टेस्टिंग एवं पूर्णता करने के संबंध में सही रूप में फीड बैक नहीं दिया गया है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध की घटनास्थल पर हुई मौत

- घटना की सूचना मिलते ही वृद्ध के घर परिवार में मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत नन्हकार के समीप एनएच 31 पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार एक वृद्ध किसान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक वृद्ध की पहचान नन्हकार गांव के रिक्शा चालक 64 बर्षीय मदन साह उर्फ मेदो साह के रूप में की गई हैं। वही घटना की सुचना मिलते ही बिहपुर थाना की पुलिस सदलबल घटनास्थल पर पहुंची और मृतक के शव को त्वरित घटना स्थल से हटाने के साथ घटना की जांच कवायद में जुट गई। वही पुलिस ने मृतक के शव को कानूनी प्रक्रिया के तहत पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल नवगछिया लेजाया गया। जहां मौके पर मौजूद बिहपुर थाना के थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने बताया कि मृतक वृद्ध के शव को पोस्टमार्टम के बाद परीजन को सौंप दिया गया। वही घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के घर कोहराम मच गया है, घटना से आहत हुए मृतक वृद्ध के घर परिवार के लोग दहाड़ मारकर रोने चिल्लाने लगें थे। इस दृश्य को देख हर किसी की आंखे नम हो गई थी। वही घटना से आहत मृतक वृद्ध की पत्नी सुलो देवी ने रो-रोकर बताया कि एक घँटे पूर्व ही घर से वे जरूरी कार्य से बैंक के लिए साइकिल से निकले थे। वही कुछ देर बाद ही सड़क दुर्घटना होने की सूचना मिली। घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक बताया गया है कि एक बाइक सवार द्वारा जबरदस्त धक्का मार बाइक सवार अपनी बाइक को तेज गति से भागने में सफल रहा है, लेकिन उस घटना ग्रस्त बाइक का नेमप्लेट लिखा घटना के वक्त टूट कर घटनास्थल पर ही गिर गया था। जिसे पुलिस कर्मियों द्वारा जप्त कर लिया गया है, वही पुलिस जांच के लिए अहम सबूत माना जा रहा है। मृतक मेदो साह के परिवार में दो पुत्र व दो पुत्री हैं। वही दो पुत्री व एक पुत्र विवाहित है, जबकि एक पुत्र का विवाह नही हुआ है। छोटा पुत्र गांव में रिक्शा चलाकर अपने परिवार का जीविकोपार्जन में सहयोग दे माता पिता के साथ रह रहा है। बता दें कि मृतक मेदो साह गांव में रिक्शा चाला व शब्जियाँ बेचकर पूरे परिवार का पालन पोषण करते थे। सड़क हादसे में उनकी अचानक मौत होने से परिजनों पर आर्थिक तंगी की स्थिति बनती दिख रही है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण
पटना, गुरूवार, 21 मार्च, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran | epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### अगर राहुल धर्मनिरपेक्ष तो धर्म के आधार पर चुनाव मत लड़ें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी स्वयं को धर्मनिरपेक्ष मानते हैं तो उन्हें धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए। एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि किसी देश की मंजिल का फैसला उस व्यक्ति द्वारा तय नहीं किया जा सकता जो अमेठी में हार से डरता है। उत्तर प्रदेश में अमेठी को लंबे समय तक गांधी परिवार का गढ़ माना जाता रहा है। राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति इरानी से चुनाव हार गए थे। स्मृति ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है, जब उन्होंने हिंदू धर्म के खिलाफ कोई बयान दिया है। लेकिन, मेरा मानना है कि यदि वह धर्मनिरपेक्ष हैं तो उन्हें धर्म के आधार पर नहीं लड़ना चाहिये, बल्कि उन्हें मुद्दों पर लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति में जीत और हार अंतर्निहित है, लेकिन सच्चा नेतृत्व किसी के विश्वास और सिद्धांतों पर दृढ़ रहने से प्रदर्शित होता है।

### कौन है प्रत्याशी और कहां मतदान केंद्र, हर जानकारी देगा ऐप




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू हो चुकी है। आयोग ने इस बार मतदाताओं और उम्मीदवारों से लेकर चुनाव आचार संहिता में जनभागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए कई ऐप बनाए हैं। मतदाता घर बैठे वोटर लिस्ट में अपना नाम और मतदान केंद्र से लेकर प्रत्याशियों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वहीं, उम्मीदवारों को चुनाव आयोग से मंजूरी पाने के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे... आचार संहिता उल्लंघन पर नजर रखना चुनाव आयोग के लिए बड़ी चुनौती होती है। इस ऐप के माध्यम से लोग चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन और गैरकानूनी गतिविधियों के बारे में आयोग को सीधे शिकायत भेज सकते हैं। इस पर उल्लंघन संबंधित वीडियो और फोटो भी अपलोड किए जा सकते हैं। खास बात यह है कि इसमें आपको लोकेशन भेजने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि आयोग का यह ऐप खुद ही उस जगह की पहचान कर लेगा। इससे कोई भी आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत बिना कहीं जाए की जा सकती है। चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के साथ वोटों की गिनती व चुनाव नतीजों की जानकारी के लिए यह ऐप बनाया है। इसमें देश की हर लोकसभा सीट के नतीजों की जानकारी घर बैठे मिलेगी। इनकोर (ईएनसीओआरई) ऐप पर चुनाव प्रबंधन की कोर टीम से जुड़े लोग होंगे। वहीं, ईएसएमएस (चुनाव जब्ती प्रबंधन) ऐप के जरिए चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित कार्रवाई की जानकारी अपडेट की जाएगी। तीसरा ऑब्जर्वर ऐप है, जिसमें पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट देंगे। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को अब किसी चुनावी कार्यक्रम की मंजूरी के लिए चुनाव अधिकारियों के यहां जाने की जरूरत नहीं होगी। वह इस ऐप के जरिए ही आवेदन करेंगे। वहां के उम्मीदवारों की जानकारी लेने के लिए आपके पास कोई आसान साधन नहीं था। अब चुनाव आयोग ने केवाईसी ऐप तैयार किया है। इसमें चुनाव लड़ रहे सभी वैध उम्मीदवारों के नाम, उनका संसदीय क्षेत्र, उनके ऊपर दर्ज आपराधिक मामले, उनकी आय व संपत्ति की जानकारी भी देख सकते हैं।

# दिल्ली पुलिस ने अपहृत बच्चे को सकुशल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से मुक्त कराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के दयालपुर थाना पुलिस ने 13 मार्च को फिरौती के लिए नेहरू नगर इलाके से अपहृत बच्चे को सकुशल उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से मुक्त करा लिया है। आरोपी 46 वर्षीय वीरेश उर्फ वीरु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने बताया 13 मार्च को दयालपुर थाने को सात वर्षीय बच्चे के अगवा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने उसकी जानकारी जुटाई तो उसकी अंतिम लोकेशन बुलंदशहर जिले में गंगा किनारे मिली। वहां लोगों ने बच्चे की तस्वीर को पहचान लिया और उसकी लोकेशन राजघाट गांव के पास पता चली। संदिग्ध आरोपी अपहृत बच्चे के साथ रेलवे स्टेशन के पास छिपा हुआ था। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली पुलिस के करीब 24 पुलिसकर्मियों की एक टीम ने



अपहरणकर्ता का पता लगाया। इसके लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले, खेतों, मंदिरों और ढाबों में डेरा डाला, स्थानीय मुखबिरों से जानकारी निकाली और घर-घर जाकर तलाशी ली। आखिरकार रविवार को बुलंदशहर और संभल रेलवे स्टेशन के बीच से आरोपी को पकड़ लिया गया। पांच दिनों तक दिल्ली पुलिस पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 100 किमी तक सात साल के बच्चे और उसके अपहरणकर्ता को ढूंढती रही। आरोपी बच्चे का पड़ोसी निकला। पुलिस ने मासूम को सकुशल बरामद करके उसके माता-पिता को सौंप दिया।

46 साल के आरोपी वीरेश उर्फ वीरू ने परिवार के साथ पुरानी रंजिश का हिसाब चुकाने और पैसे ऐंठने के लिए 13 मार्च को मासूम का अपहरण किया था। वह लड़के को बहला-फुसलाकर संभल ले गया और उसके माता-पिता को फिरौती के लिए फोन किया। जब पुलिस उसका पीछा कर रही थी, तो वीरेश ने उसे स्थानीय रेलवे स्टेशन राजगढ़ ले जाने से पहले डुबाकर मारने की कोशिश की, ताकि वह दूसरे राज्य भाग सके लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उस पर फिरौती के लिए अपहरण और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

बच्चे के लापता होने के कुछ घंटों के अंदर पुलिस को इसकी जानकारी मिली। जिसके बाद दयालपुर एसएचओ अतुल त्यागी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम कार्रवाई में जुट गई। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने और तकनीकी निगरानी के दौरान, पुलिस ने संदिग्ध की पहचान कर ली। वीरेश की आखिरी लोकेशन संभल के एक मंदिर में पाई गई और जल्द ही पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुट गई। स्थानीय लोगों को अपहरणकर्ता की फोटो दिखाई गई लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने संभल में धर्मशालाओं और विभिन्न मंदिरों को स्कैन किया। मस्जिदों और मंदिरों में भी बच्चे को लेकर एनाउंसमेंट कराई गईं। बाद में उन्हें बच्चे के राजगढ़ में होने की जानकारी मिली। टीम गांव पहुंची और सरपंच से संपर्क किया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर घर-घर की तलाशी ली। गुप्त जानकारी के आधार पर वीरेश को स्थानीय रेलवे स्टेशन से बच्चे के साथ पकड़ लिया।

## दिल्ली में स्नैचिंग नाकाम करने की कोशिश में महिला कांस्टेबल घायल, बदमाश ने दूर तक घसीटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के भजनपुरा इलाके में स्नैचिंग की कोशिश को नाकाम करने की कोशिश के दौरान बदमाश ने एक महिला कांस्टेबल को कई मीटर तक घसीट दिया। इस घटना में महिला कांस्टेबल बुरी तरह घायल हो गई। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, घटना 16 मार्च को शाम करीब 4 बजे यमुना विहार रोड पर हुई। यह घटना उस वक्त हुई जब महिला कांस्टेबल रितिका (23) गीता कॉलोनी स्थित अपने घर लौट रही थी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बदमाश ने पहले महिला कांस्टेबल को धक्का दिया और उसका हैंडबैग छीन लिया। बदमाश भागने की कोशिश कर रहा था, तभी रितिका ने उसका स्कूटर पकड़ लिया। बदमाश ने स्कूटर नहीं रोका जिससे महिला कांस्टेबल कुछ मीटर तक घसीटती चली गई। इसके बाद महिला कांस्टेबल रितिका ने शोर मचाना शुरू किया। इससे आसपास के लोग जमा हो गए। लोगों की मदद से बदमाश को पकड़ लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी का नाम हयात (40) है। उसके कब्जे से हैंडबैग बरामद कर लिया गया है। इसमें मोबाइल फोन और दिल्ली पुलिस का आईडी कार्ड था। फिलहाल महिला कांस्टेबल रितिका की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दिल्ली के छावला इलाके में कार सवार बदमाशों ने 16 मार्च को एक व्यक्ति से स्कूटी लूट ली। विरोध करने पर पिटाई की और फरार हो गए। पुलिस ने 52 वर्षीय शेरा के बयान पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार, शेरा परिवार के साथ खैरा गांव में रहता है।



## एल्विश यादव पर और कसेगा शिकंजा, नोएडा पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार; हो सकता है बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नोएडा पुलिस ने मंगलवार देर रात एल्विश यादव से जुड़े मामले में दो लोगों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम विनय और ईश्वर हैं। दोनों से सेक्टर-20 थाना परिसर समेत अन्य ठिकानों पर पूछताछ गई। मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव की गिरफ्तारी के बाद पुलिस जांच तेज हो गयी है। ईश्वर और विनय दोनों हरियाणा के रहने वाले हैं। दरअसल, एल्विश की सीडीआर में इन दोनों की बार-बार संलिप्तता पाई गई। हालांकि फिलहाल ईश्वर की इस केस में किस तरह से संलिप्तता है इसका पता नहीं चला है। इन दोनों की गिरफ्तारी से माना जा रहा है कि सांपों के जहर वाले केस में बड़ा खुलासा हो सकता है। नोएडा पुलिस अब एल्विश यादव की सोशल मीडिया कुंडली (फेसबुक, इंस्टाग्राम , एक्स, यूट्यूब ) भी खंगाल रही है। सोशल मीडिया पर एल्विश के खिलाफ मिलने वाले साक्ष्यों का पुलिस संकलन करेगी और उसे केस डायरी में शामिल कर न्यायालय में मजबूती के साथ अपना पक्ष रखेगी। एल्विश की कॉल डिटेल रिकॉर्ड और सोशल मीडिया की कुंडली सिंगर फाजिलपुरिया समेत कई अन्य की मुश्किलें बढ़ाने वाली है।

## महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलने वाले हैं-उद्धव

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को केंद्र की सत्ताधारी भाजपा पर चुनाव जीतने के लिए एक ठाकरे को चुराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उद्धव ठाकरे की यह टिप्पणी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बीच दिल्ली में हुई एक बैठक के मद्देनजर आयी है। उद्धव ठाकरे ने नांदेड़ जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि यदि भाजपा उनके चचेरे भाई को अपने साथ ले लेती है, तो इससे उन्हें कोई परेशान नहीं होगी।

राज ठाकरे की दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात के बाद उद्धव ठाकरे ने भाजपा पर निशाना साधा है। जब ऐसी चर्चा है कि भाजपा महाराष्ट्र में अपने गठबंधन को बढ़ाने के लिए लोकसभा चुनाव में राज ठाकरे की एमएनएस के साथ गठबंधन करना चाहती है। ''भाजपा अच्छी तरह से जानती है कि उसे महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर वोट नहीं मिलने वाले हैं। लोग यहां (बाल) ठाकरे के नाम पर वोट करते हैं।

# भाजपा सांसदों के खिलाफ आरोप पत्र लाएगी कांग्रेस, जल्द जारी करेगी उम्मीदवारों की लिस्ट?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली कांग्रेस का कहना है कि वह लोगों तक पहुंचेगी और दिल्ली में सात भाजपा सांसदों की उनके कार्यकाल की विफलताओं को उजागर करेगी। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सांसदों के खिलाफ कांग्रेस पार्टी आरोप पत्र लाएगी। इन आरोप पत्र में उनके झूठ, दिल्ली में विकास की अनदेखी और लोगों के कल्याण के सांसद निधि का पैसा नहीं लगाने के लिए आरोप लगाए जाएंगे।

दिल्ली कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि भाजपा पार्टी अपने प्रत्याशियों को लेकर यह वायदा कर रही है कि इस बार जीतने पर अगले सौ दिनों में वे क्या काम करेंगे। जबकि, इसकी बजाय भाजपा पार्टी को यह बताना चाहिए कि बीते दस सालों में उनके सांसदों ने क्या काम किया है। भाजपा पार्टी की ओर से लोगों को गुमराह करने के अलावा कोई



काम नहीं किया गया है। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा- कांग्रेस पार्टी की ओर से भाजपा के सांसदों की नाकामी पर आरोपपत्र निकाला जारी किया जाएगा। क्योंकि, भाजपा सांसदों ने दिल्ली के विकास और लोगों के कल्याण के लिए कुछ नहीं किया। लवली ने कहा कि सांसदों को जिम्मेदार बनाने की बजाय भाजपा पार्टी अपने सांसद बदल देती है। ताकि, उनकी जवाबदेही से बचा जा सके। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा- भाजपा उम्मीदवारों ने घोषणा कि है कि सभी संसदीय क्षेत्र में नई दिल्ली में केन्द्र सरकार के अस्पतालों की तरह ही अस्पताल खुलवाए जाएंगे। लेकिन, हकीकत यह है कि पिछले दस सालों में एक भी नया अस्पताल नहीं बनवाया गया है। कोविड महामारी से भी कोई सबक लेने की बजाय केवल जुमलेबाजी की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण, यमुना सफाई, अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करना, अपने क्षेत्रों में मेट्रो लाइन लेकर जाना आदि विषयों पर सौ दिनों में प्रयास करने की बात कही जा रही है जबकि, वास्तव में इन मुद्दों पर बीते दस सालों में काम होना चाहिए था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने मेट्रो के तीसरे चरण को मंजूरी दी थी। सिग्नेचर ब्रिज का निर्माण भी शीला सरकार ने शुरू किया। लेकिन, भाजपा इसका श्रेय लेना चाहती है।

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने मंगलवार को कहा कि तीन लोकसभा सीटों के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा जल्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कई सारे अच्छे प्रत्याशी हैं। इसलिए पार्टी चाहती है कि दिल्ली के लोगों को अच्छे प्रत्याशी दिए जाएं। भाजपा पार्टी तो अपने सांसद बदल देती है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार नेता चाहती है। इसलिए प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया चल रही है और जल्द ही इसकी घोषणा भी की जाएगी।

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने टेक्सास के आव्रजन कानून को दी अनुमति, व्हाइट हाउस ने बताया असंवैधानिक

**टेक्सास, एजेंसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को टेक्सास राज्य को तत्काल एक आव्रजन कानून लागू करने की अनुमति दे दी। इस फैसले से राज्य के अधिकारियों को देश में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले लोगों को गिरफ्तार और हिरासत में लेने का अधिकार मिल गया है। वहीं, कई लोगों का कहना है कि यह कानून सही नहीं है। दरअसल, संघीय अपील अदालत में कानून के लिए कानूनी चुनौतियां चल रही हैं, लेकिन एससी के निर्णय से आव्रजन नीति पर बाइडन प्रशासन से जूझ रहे टेक्सास को एक महत्वपूर्ण जीत मिली है। इस आदेश ने अदालत द्वारा लगाए गए अनिश्चितकालीन रोक को भी हटा दिया, जो कानून को प्रभावी होने से रोक रहा था। बता दें कि दिसंबर में रिपब्लिकन गवर्नर ग्रेग एबॉट द्वारा हस्ताक्षरित सीनेट बिल 4, टेक्सास में अवैध रूप से प्रवेश को अपराधिक बताता है और न्यायाधीशों को आप्रवासियों को निर्वासित करने का आदेश देने की अनुमति देता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आव्रजन प्रवर्तन आमतौर पर संघीय सरकार का एक कार्य है। इस कानून ने टेक्सास में राज्य अधिकारियों



द्वारा बढ़ती नस्लीय प्रोफाइलिंग के साथ-साथ हिरासत और निर्वासन के प्रयास के बारे में आप्रवासन समर्थकों के बीच चिंताएं बढ़ा दी हैं, जहां लैटिनो आबादी का 40 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने भी चिंता जताई और कहा हम टेक्सास के हानिकारक और असंवैधानिक कानून को लागू करने की अनुमति देने वाले सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मौलिक रूप से असहमत हैं। एसबी 4 न केवल टेक्सास में समुदायों को कम सुरक्षित बनाएगा, बल्कि यह कानून प्रवर्तन पर भी बोझ डालेगा, और हमारी दक्षिणी सीमा पर अराजकता और भ्रम पैदा करेगा। उन्होंने रिपब्लिकन पर सीमा मुद्दे का राजनीतिकरण करने और सीमा सुरक्षित करने के वास्तविक समाधान को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया।

कैरिन जीन-पियरे ने आगे कहा, एसबी 4 रिपब्लिकन अधिकारियों द्वारा वास्तविक समाधानों को अवरुद्ध करते हुए सीमा का राजनीतिकरण करने का एक और उदाहरण है। हम सीमा को सुरक्षित करने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण नीतिगत परिवर्तन और संसाधन प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

## बाइडेन के अभियान, डेमोक्रेटिक पार्टी ने भारतीय अमेरिकी व्यवसायी के 3.4 लाख डॉलर के चंदे का इस्तेमाल रोका

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनाव अभियान और डेमोक्रेटिक पार्टी के एक संगठन ने विवादों के बीच एक भारतीय अमेरिकी व्यवसायी से मिले लगभग 3,40,000 डॉलर के चंदे का इस्तेमाल न करने का फैसला किया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पोलिटिको ने जो बाइडेन के अभियान अधिकारी के हवाले से कहा कि बाइडेन विक्ट्री फंड (बीवीएफ) चंदे की वैधता और स्रोत के बारे में चिंताओं के कारण गौरव श्रीवास्तव के 50 हजार डॉलर के दान को रोक रहा है। पोलिटिको ने इसके प्रवक्ता के हवाले से बताया कि डेमोक्रेटिक कांग्रेसनल कैंपेन कमेटी (डीसीसीसी) बहुत सावधानी से गौरव श्रीवास्तव नाम के एक व्यक्ति से लगभग 2,90,000 डॉलर के चंदे को अलग कर रही है। लॉस एंजिल्स स्थित व्यवसायी, जो अपने और अपनी पत्नी के नाम से एक परमार्थ संगठन गौरव एंड शेरोन श्रीवास्तव फैमिली फाउंडेशन चलाता है, विवादों से घिरा हुआ है।

पोलिटिको ने पहले बताया था कि थिंक टैंक अटलांटिक काउंसिल ने 2022 में बाली में विश्व खाद्य सुरक्षा मंच के लिए उनसे और उनकी पत्नी से लगभग 10 लाख डॉलर लेने के बाद उनसे नाता तोड़ लिया था। अमेरिकी चुनाव कानूनों के तहत, एक व्यक्ति द्वारा उम्मीदवार को प्रत्यक्ष योगदान 3,300 डॉलर तक सीमित है, लेकिन कुछ कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करने वाली अभियान समितियों को अधिक दान स्वीकार करने की अनुमति है। बीवीएफ अपने प्राप्त योगदान को सीधे बाइडेन अभियान, डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी और राज्य पार्टी इकाइयों के बीच विभाजित करता है। डीसीसीसी प्रतिनिधि सभा के लिए पार्टी सदस्यों को चुनने के लिए काम करती है। श्रीवास्तव ने दोनों दान पिछले साल दिए गए थे। पोलिटिको के अनुसार, एक प्रतिनिधि और एक सीनेटर - दोनों डेमोक्रेट - ने स्वीकार कि उन्हें गौरव श्रीवास्तव से योगदान मिला था लेकिन वे इसे दान में दे रहे हैं। पोलिटिको के अनुसार, दो सीनेटरों और दो प्रतिनिधियों को भी फाउंडेशन से योगदान प्राप्त हुआ था। गौरव श्रीवास्तव की निजी वेबसाइट हाय, मैं एक परोपकारी व्यक्ति हूँ के साथ खुलती है, लेकिन उनके बारे में कोई विवरण नहीं देती है। फाउंडेशन की वेबसाइट का कहना है कि इस जोड़े की पृष्ठभूमि अंतर्राष्ट्रीय सामुदायिक सेवा और वित्तीय तथा सुरक्षा संबंधी चुनौतियों को हल करने की रही है और वे दुनिया भर में परिवारों के लिए भोजन और ऊर्जा की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए समर्पित थे।

# सेहत को लेकर अफवाहों के बीच अस्पताल से केट मिडलटन के मेडिकल रिकॉर्ड चुराने की कोशिश, जांच के आदेश

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के प्रिंस विलियम की पत्नी केट मिडलटन की सेहत को लेकर अफवाहों का दौर चल रहा है। इन अफवाहों के बीच खबर आई है कि जिस अस्पताल में केट की बीते दिनों सर्जरी हुई, उसमें से केट के मेडिकल रिकॉर्ड चुराने की कोशिश की गई। मामला ब्रिटिश राजघराने से जुड़ा होने के कारण घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। बता दें कि सर्जरी के बाद से केट मिडलटन सार्वजनिक तौर पर दिखाई नहीं दी हैं। हाल ही में मीडिया में उनकी एक तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह अपने पति के साथ दिखाई दी हैं। ब्रिटिश मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, केट मिडलटन के



मेडिकल रिकॉर्ड चुराने के आरोप में अस्पताल के कर्मचारी पर ही आरोप लगे हैं। घटना के तुरंत बाद अस्पताल प्रशासन ने केनसिंग्टन पैलेस को इसकी जानकारी दी और उन्हें सुनिश्चित किया कि इसकी विस्तृत जांच की जाएगी। ब्रिटिश राजघराने के सदस्यों का इलाज लंदन के इसी अस्पताल में किया जाता है। यही वजह है कि मेडिकल रिकॉर्ड की चोरी की कोशिश के खुलासे से अस्पताल की छवि को बड़ा झटका लगा है। ब्रिटेन की डाटा प्रोटेक्शन एंड प्राइवेसी अथॉरिटी ने भी घटना की पुष्टि की है और बताया है कि उन्हें इस संबंध में शिकायत मिली है। अथॉरिटी ने बताया कि इसकी जांच की जा रही है। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से केट मिडलटन की सेहत को लेकर तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं। दरअसल जनवरी में केट की सर्जरी हुई थी और उसके बाद से ही वह सार्वजनिक कार्यक्रम में नहीं दिखी हैं। शाही महल के कई कर्मचारियों ने भी दावा किया कि उन्होंने कई दिनों से केट मिडलटन को नहीं देखा। हालांकि अब ब्रिटिश मीडिया में केट मिडलटन की ताजा तस्वीर सामने आई है, जिसमें केट अपने पति प्रिंस विलियम के साथ लंदन की एक शॉप से खरीददारी करती दिखाई दीं। इससे केट की सेहत को लेकर चल रहीं अफवाहों पर कुछ रोक लगी है। जब मदर्स डे को मौके पर केनसिंग्टन पैलेस द्वारा केट की एक तस्वीर साझा की गई, लेकिन उस तस्वरी से कांट-छांट की गई थी। विवाद बढ़ने पर बाद में खुद शाही परिवार की तरफ से तस्वीर में कांट-छांट की बात स्वीकार की गई।

## ब्रिटेन में बड़ा एक्शन, खालिस्तान समर्थक संगठनों व चैनलों पर बैन की तैयारी में सुनक सरकार

**लंदन, एजेंसी।** पिछले साल ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के मामले में भारत को कूटनीतिक सफलता मिलने वाली है। ब्रिटेन की सुनक सरकार भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल खालिस्तान समर्थक संगठनों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रही है। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद या नफरत फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। प्रतिबंधित संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन, खालसा टेलीविजन लिमिटेड, खालिस्तानी टेलीविजन चैनल और कुछ नेता शामिल हैं। सूत्रों से पता चला है कि ब्रिटिश गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस संबंध में एक सूची तैयार की है। इसमें भारतीय उच्चायोग पर हमले में खालिस्तानी संलिप्तता का विवरण दिया गया है।अंतर्राष्ट्रीय सिख युवा महासंघ यूके इस सूची में शामिल है। इसे हिंदुओं और भारतीय अधिकारियों को निशाना बनाकर हत्या, बमबारी और अपहरण के लिए जिम्मेदार बताया जाता है। 2016 में इस पर प्रतिबंध हटा लिया गया था। यह प्रतिबंधित बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा है। यह संस्था युवाओं का ब्रेनवॉश करने में लगी हुई है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129